संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | चंडीगढ़, मंगलवार 10 नवंबर 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 02 अंक: 312 पृष्ठ: 12 | RNI : CHHIN/25/A2182

actionindiachandigarh@gmail.com | चंडीगढ़ संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



गोरखपुर में गोवर्धन पूजा करते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

दिल्ली में आज से शुरू होगी यमुना रिवर क्रूज सेवा, केंद्रीय मंत्री सोनोवाल करेंगे उद्घाटन

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। दिल्ली में छठ महापर्व से पहले मंगलवार को यमुना रिवर क्रूज सेवा का उद्घाटन केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल सोनिया विहार में आयोजित कार्यक्रम में करेंगे। इस मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर और हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, सांसद मनोज तिवारी मौजूद रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने 26 अक्तूबर को सोनिया विहार से जगतपुर तक क्रूज सेवा का ट्रायल रन किया था। सोनिया विहार से जगतपुर तक लगभग छह किलोमीटर के जलमार्ग पर विकसित की जा रही यह क्रूज सेवा दिल्ली में पर्यटन की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। इससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने और रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। नदी के आसपास उपलब्ध सुविधाओं को विकसित करके इस क्षेत्र को दिल्लीवासियों के लिए एक आकर्षक पर्यटन एवं मनोरंजन स्थल बनाया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत यात्रियों की सुविधा के लिए फूड कियोस्क, रेस्टोरेंट, बच्चों के लिए किड्स जोन और अन्य आवश्यक जनसुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

30 यात्रियों की क्षमता वाला यह क्रूज सोनिया विहार से जगतपुर स्थित शनि मंदिर तक आने-जाने का पूरा सफर लगभग 35 से 45 मिनट का होगा। यात्रियों के लिए तैयार की गई व्यवस्था के अंतर्गत परिसर में प्रवेश शुल्क 50 रुपये और क्रूज की एक पूरी यात्रा का प्रस्तावित शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है।

ट्रायल रन

- दिल्ली की मुख्यमंत्री ने 26 अक्तूबर को सोनिया विहार से जगतपुर तक क्रूज सेवा का ट्रायल रन किया था



फास्ट न्यूज

कैंसर रोधी 1,364 दवाओं के संशोधित अधिकतम खुदरा मूल्य प्रभावी

नई दिल्ली। देश में कैंसर रोधी 1,364 दवा फॉर्मूलेशन के संशोधित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) सोमवार से लागू हो गए। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के इस कदम से उपभोक्ताओं को सालाना अनुमानित 3,540.38 करोड़ रुपये की बचत होने की उम्मीद है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय के फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के द्वारा 137 कैंसर रोधी दवाओं के व्यापार विक्रय को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के 30 फीसदी तक सीमित करने के बाद 1,364 कैंसर रोधी दवाओं के संशोधित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) 9 नवंबर 2026 से देशभर में लागू हो गए हैं। बयान के अनुसार औषधि विभाग के तहत काम करने वाले राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की 17 अक्टूबर, 2026 को सौंपी गई सिफारिशों के आधार पर कुल 137 कैंसर रोधी दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर व्यापार मार्जिन की सीमा तय की थी।

तीसरे वनडे में सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

हैमिल्टन। भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां सेडन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जीत के साथ सीरीज अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी। पांच मैचों की सीरीज में भारत 2-0 से आगे है। हालांकि, चोटों से जूझ रही न्यूजीलैंड की टीम को उसके घरेलू मैदान पर हराना आसान नहीं होगा। यहां की परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल हैं और भारतीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की परीक्षा ले सकती हैं। पहले दो मुकाबलों में विराट कोहली को छोड़कर भारतीय बल्लेबाजी क्रम के अन्य खिलाड़ी सहज नजर नहीं आए हैं। कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी रोहित शर्मा भी तेज गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते दिखे हैं। गिल के लिए इस मुकाबले में सीरीज जीतना प्राथमिकता होगी।

दिल्ली की हवा बेहद खराब: गैस चैंबर बनी दिल्ली, जिम्मेदार कौन?

सांसों पर संकट

- सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो गई तो आम लोगों को आंखों और गले में जलन की स्थिति का सामना करना पड़ा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली में दिवाली के बाद की सुबह काफी धुंध भरी रही। स्मॉग का असर ऐसा रहा कि जहां सड़कों पर दृश्यता (विजिबिलिटी) कफी कम हो गई तो वहीं आम लोगों को आंखों और गले में जलन की स्थिति का सामना करना पड़ा। दिल्ली में सोमवार को इस स्थिति के पीछे दिवाली पर एक घंटे तक आतिशबाजी को माना जा रहा है। हालांकि, अगर बीते कुछ दिनों के आंकड़ों को उठाया जाए तो सामने आता है कि दिवाली की आतिशबाजी का असर इस साल उतना नहीं रहा, जितना अन्य दिनों में हुआ है। ऐसे में यह जानना अहम है कि दिल्ली में आज वायु गुणवत्ता का हाल क्या रहा है? अगर बीते वर्षों में दिवाली के बाद के दिन का वायु गुणवत्ता का हाल देखा जाए तो उनकी तुलना में इस बार हालात कैसे हैं? दिल्ली में बीते दिनों के मुकाबले आज एक्यूआई की स्थिति क्या है और क्यों आतिशबाजी के बाद भी स्थिति उतनी नहीं बिगड़ी? आगे स्थिति कैसी रहने का अनुमान है?

दिल्ली में वायु गुणवत्ता का क्या हाल रहा?

दिवाली की रात नियमों का उल्लंघन कर देर रात तक छोड़े गए पटाखों के कारण दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंचा है।

वायु गुणवत्ता और एक्यूआई की स्थिति

औसत एक्यूआईः दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 370 दर्ज किया गया।

निगरानी प्लेटफॉर्म्स के आंकड़ेः ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म के मुताबिक, दिवाली के बाद दिल्ली का एक्यूआई 2,283 तक चढ़ गया था और सुबह यह 637 पर दर्ज किया गया, जिसे खतरनाक माना गया।

रविवार और दिवाली की रातः दिवाली के दिन शहर का औसत एक्यूआई 376 रहा था। दिवाली की रात 59 निगरानी स्टेशनों में से 20 स्टेशनों पर हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज हुई थी।

अन्य गंभीर क्षेत्रः बवाना, बुराड़ी, पंजाबी बाग, ओखला समेत कई क्षेत्रों में हवा 'गंभीर' श्रेणी में बनी रही।

दिल्ली में कौन से प्रदूषक तत्व सबसे ज्यादा डाल रहे असर?

स्विट्जरलैंड के वायु गुणवत्ता मापने वाले प्लेटफॉर्म आईक्यूएयर के मुताबिक, हवा में सूक्ष्म कणों (पीएम2.5) की सांद्रता 170 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वार्षिक दिशा-निर्देशों से लगभग 34 गुना ज्यादा है। पीएम2.5 सबसे प्रमुख चिंताजनक प्रदूषक रहा, क्योंकि यह फेफड़ों में गहराई तक जाकर रक्तप्रवाह में प्रवेश करने में सक्षम होता है।



दिवाली पर पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 10 गुना वृद्धि- कपिल मिश्रा

नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने पंजाब में दिवाली के दिन पराली जलाने की 10 गुना वृद्धि (1200 घटनाओं) को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दिवाली की शाम से पंजाब के किसानों के फोन आने शुरू हुए, जिनमें बताया गया कि जब किसान अपने परिवार के साथ दिवाली मना रहे थे, उस दौरान उनके खेतों में आग लगाई जा रही थी। शुरूआत में इन शिकायतों पर विश्वास करना कठिन था, लेकिन लगातार विभिन्न क्षेत्रों से ऐसी सूचनाएं मिलने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए भारत सरकार के सैटेलाइट डेटा मंगवाया गया। कपिल मिश्रा ने सोमवार को अपने सरकारी आवास 9 शाम नाथ मार्ग, सिविल लाइन पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सैटेलाइट आंकड़ों के अनुसार पंजाब में 5, 6 और 7 नवंबर को पराली जलाने की घटनाएं लगभग 100 से 125 के बीच दर्ज हुई थीं, जबकि 8 नवंबर की शाम यह संख्या अचानक बढ़कर लगभग 1200 हो गई। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में घटनाओं की संख्या में इतनी बड़ी वृद्धि कई गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आशंका जताई कि किसानों के खेतों में जानबूझकर आग लगाकर दिवाली, किसानों और दिल्ली को बदनाम करने का प्रयास किया गया है। कपिल मिश्रा ने कहा कि 7 नवंबर को लगभग 125 स्थानों पर पराली जलने की घटनाएं थीं, फिर दिवाली के दिन अचानक 1200 स्थानों पर आग कैसे लग गई? 10 गुना से ज्यादा आंकड़ा कैसे बढ़ गया? यह बहुत गंभीर विषय है।



गोरखपुर में जनता दर्शन करते यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

एचएसएससी जारी करेगा भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर

चंडीगढ़। हरियाणा के बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राज्य में बहुत जल्द करीब 14 हजार पदों के लिए भर्ती परीक्षाओं का आयोजन शुरू होने जा रहा है। इसके लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया जाएगा। कैलेंडर तैयार करने का कार्य अंतिम चरण में है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने यह जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर दी। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा आगामी परीक्षाओं का कैलेंडर तैयार करने का कार्य अंतिम चरण में है। जल्द ही आयोग द्वारा परीक्षा कैलेंडर जारी किया जाएगा, जिसमें सीईटी ग्रुप-डी, सीईटी-स्टेज-टू और आगामी नए पदों के लिए जारी होने वाले विज्ञापनों की जानकारी दी जाएगी। सभी अभ्यर्थी पूरी मेहनत और लगन के साथ अपनी तैयारी जारी रखें तथा और किसी भी जानकारी के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट को चेक करते रहें।

हरियाणा पुलिस में शीतकालीन वर्दी लागू, डीजीपी ने जारी किए आदेश



टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़। बदलते मौसम को देखते हुए हरियाणा पुलिस ने अपने कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए शीतकालीन वर्दी को लागू कर दिया है। सर्दी के मौसम की जल्दी शुरूआत को देखते हुए हरियाणा पुलिस महानिदेशक कार्यालय की तरफ से इस संबंध में राज्य के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों, रेंज के आईजी को पत्र भेजकर सूचित किया गया है। डीजीपी अजय सिंघल द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सर्दियों के जल्दी आने के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि इस बार सर्दियों की शुरूआत जल्दी होने के मद्देनजर पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए विंटर यूनिफार्म लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद प्रदेशभर में पुलिसकर्मी निर्धारित शीतकालीन वर्दी के अनुसार ड्यूटी करेंगे।इसका उद्देश्य मौसम के अनुरूप पुलिसकर्मियों को सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ वर्दी संबंधी एकरूपता और अनुशासन बनाए रखना है।

खरगे के 'खुशियों की ईद' वाले बयान की भाजपा और विहिप ने की निंदा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दीपावली को खुशियों की ईद बताने वाले बयान की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने निंदा की है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने इसे करोड़ों हिन्दुओं की भावनाओं को आहत करने वाला बयान बताते हुए कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टीकरण और हिन्दू विरोधी मानसिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। वहीं, विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने खरगे के बयान को पूरे हिन्दू समाज का अपमान बताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष से माफी मांगने की मांग की। गौरव भाटिया ने सोमवार को यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि खरगे के बयान राहुल गांधी और सोनिया गांधी की हिन्दू तथा सनातन विरोधी मानसिकता को दर्शाते हैं।

दिल्ली में सरकारी सेवाओं में देरी पर तय होगी जवाबदेही

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली सरकार ने दिल्ली (नागरिकों को समयबद्ध एवं सुगम सेवा वितरण का अधिकार) अधिनियम, 2026 (दिल्ली राइट ऑफ सिटिजन टू टाइम बाउंड एंड ईज ऑफ डिलीवरी ऑफ सर्विस एक्ट, 2026) को अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य सरकारी विभागों में सेवाओं के वितरण को निर्धारित समय-सीमा से बांधना और अनावश्यक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करना है। यह अधिनियम वर्ष 2011 के पुराने समयबद्ध सेवा वितरण कानून की जगह एक अधिक आधुनिक और जवाबदेह व्यवस्था स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि नए कानून से नागरिकों को सरकारी सेवाएं निर्धारित समय के भीतर प्राप्त करने का वैधानिक अधिकार मिलेगा। सरकार अधिसूचना के माध्यम से यह तय करेगी कि कौन-कौन सी सेवाएं इस कानून के दायरे में आएंगी और प्रत्येक सेवा को उपलब्ध कराने के लिए अधिकतम कितने दिन निर्धारित होंगे। प्रत्येक सेवा के लिए एक नामित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों और अधिसूचित संस्थाओं को भी कानून के दायरे में लाया जा सकेगा। इससे किसी आवेदन के लंबित रहने पर जिम्मेदारी तय करना आसान होगा। इस व्यवस्था का लाभ यह होगा कि नागरिकों को अपनी सेवा के लिए अनिश्चितकाल तक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी।

अधिसूचित

- दिल्ली राइट ऑफ सिटिजन टू टाइम बाउंड एंड ईज ऑफ डिलीवरी ऑफ सर्विस एक्ट को अधिसूचित किया



जम्मू-कश्मीर समेत पहाड़ी राज्यों में भारी बारिश, बर्फबारी का अलर्ट

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: देश के मौसम में अगले कुछ दिनों में बड़ा बदलाव होने के आसार हैं। एक तरफ दिल्ली में ठंड के साथ कोहरा गहराने के आसार हैं, वहीं जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर-पश्चिम के पहाड़ी इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से भारी बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में अगले दो दिनों के दौरान आसमान मुख्यतः साफ रहने के आसार हैं। सुबह और देर रात के समय अधिकतर हिस्सों में हल्के से मध्यम कोहरा छाए रहने का अनुमान है। इस बीच का अधिकतम तापमान 27-29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14-17 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

राहुल ने कहा कि बहस के बाद प्रधानमंत्री जवानों का सामना नहीं कर पाएंगे

पीएम के बस्तर दौरे पर राहुल हमलावर: कहा- जवानों को पीएम के वादों पर भरोसा नही

साधा निशाना

- सीआरपीएफ जवानों का जिक्र करते हुए दावा किया कि जवान पीएम की बातों पर भरोसा नहीं करते

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर राष्ट्र-विरोधी होने और विदेशी ताकतों के इशारे पर काम करने के आरोपों पर खुली बहस की चुनौती दी है। उन्होंने सीआरपीएफ जवानों का जिक्र करते हुए दावा किया कि जवान प्रधानमंत्री की बातों पर भरोसा नहीं करते। राहुल ने कहा कि बहस के बाद प्रधानमंत्री जवानों का सामना नहीं कर पाएंगे। दिवाली के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर पहुंचे और यहां उन्होंने तैनात सीआरपीएफ के जवानों के साथ दिवाली मनाई। प्रधानमंत्री के इस दौरे पर नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को निशाना साधा है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर खुली बहस की चुनौती दी। उन्होंने यह चुनौती खुद पर लगाए गए 'राष्ट्र-विरोधी' होने और 'विदेशी ताकतों के इशारे पर काम करने' के आरोपों के जवाब में दी। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए उनकी बहस की चुनौती अब भी कायम है और वह किसी भी समय इस मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार हैं।

एक्स पर पोस्ट कर सीआरपीएफ जवानों का किया जिक्र

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जवानों के चेहरे के भाव से साफ पता चल रहा था कि वे प्रधानमंत्री की बातों पर भरोसा नहीं करते। राहुल गांधी ने कहा, 'आपके चेहरों से सब कुछ साफ पता चल रहा था। आपने प्रधानमंत्री के झूठ पर भरोसा नहीं किया। उन्होंने हमें नक्सली कहा।'

राहुल बोले- कौन राष्ट्र-विरोधी है, इस पर हो खुली बहस

अपनी चुनौती दोहराते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री को उनसे इस बात पर बहस करनी चाहिए कि असल में राष्ट्र-विरोधी कौन है और कौन विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहा है।उन्होंने कहा, 'मेरी चुनौती कायम है। वे मुझसे इस बात पर बहस करें कि कौन राष्ट्र-विरोधी है और कौन विदेशी ताकतों के इशारे पर चल रहा है। कभी भी, कहीं भी।'

बहस के बाद जवानों का सामना नहीं कर पाएंगे पीएम मोदीः राहुल

राहुल गांधी ने आगे दावा किया कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके साथ इस मुद्दे पर बहस करते हैं, तो उसके बाद वह किसी भी जवान का सामना नहीं कर पाएंगे।

मॉनसून सत्र का अब तक सत्रावसान नहीं, 2008 का टूटा रिकॉर्ड, रमेश ने उठाए सवाल

उठे सवाल

- संसद का मानसून सत्र समाप्त हुए 88 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक औपचारिक सत्रावसान नहीं किया

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। संसद का मानसून सत्र समाप्त हुए 88 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक लोकसभा और राज्यसभा का औपचारिक सत्रावसान नहीं किया गया है। इसके साथ ही संसद के सत्रावसान में अब तक का सबसे लंबा अंतराल दर्ज हुआ है। इससे पहले वर्ष 2008 में 87 दिनों तक सत्रावसान नहीं हुआ था। दोनों सदनों की कार्यवाही 13 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी। सोमवार सुबह तक दोनों सदनों का सत्रावसान नहीं होने से मौजूदा सत्र के तहत ही संसद की बैठक दोबारा बुलाए जाने की संभावना बनी हुई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस मामले में सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए हुए 88 दिन हो गए हैं, लेकिन अब तक सत्रावसान नहीं हुआ है। रमेश ने संसद की कार्यप्रणाली पर प्रकाशित पुस्तक 'कौल एंड शकधर' के आठवें संस्करण का हवाला देते हुए कहा कि इसमें लोकसभा के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने और सत्रावसान के बीच सामान्यतः दो से चार दिन का अंतर बताया गया है। पुस्तक के फुटनोट में यह अधिकतम अंतर 28 दिन बताया गया है, जो 2015 के मानसून सत्र से जुड़ा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 19 अक्टूबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में 2008 के मानसून सत्र का 87 दिनों तक सत्रावसान नहीं होने का उल्लेख किया था।



चुनावी साल में 'गारंटी' का ढिंढोरा बंद करें सरकार, महिलाओं को तुरंत दे 90 हजार का बकाया: पवन काजल

टीम एक्शन इंडिया

कांगड़ा। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक पवन काजल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए कांग्रेस की चुनावी गारंटियों को महज सियासी छलावा करार दिया है। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष आते ही मुख्यमंत्री महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने का प्रचार करने में जुट गए हैं, जबकि हकीकत यह है कि सरकार को महिलाओं के खाते में पिछले चार वर्षों का बकाया 90 हजार रुपये तुरंत एकमुश्त जमा करवाना चाहिए।



काजल सोमवार को खोली पंचायत के वार्ड चार में आयोजित 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछले विधानसभा चुनाव में हर महीने 1500 रुपये, सालाना एक लाख पक्की सरकारी नौकरियां और 300 यूनिट मुफ्त बिजली के बड़े-बड़े वादे कर सत्ता तो हथिया ली, लेकिन अब जनता के सामने कांग्रेस की कथनी और करनी का फर्क पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। युवाओं के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विभागों में मेरिट की धज्जियां उड़ाकर चहेतों और मित्रों को पिछले दरवाजे से अस्थाई नौकरियों पर रखकर प्रदेश के बेरोजगारों को ठगा जा रहा है। इसके विपरीत, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अग्निवीरों के कार्यकाल को छह साल बढ़ाने और सेना में नियमित करने की दिशा में ठोस कदम उठाकर युवाओं को वास्तविक राहत दी है।

काजल ने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों का ब्योरा देते हुए कहा कि खोली पंचायत में विधायक प्राथमिकता योजना के तहत साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से पेयजल योजना का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच चुका है। साढ़े तीन किलोमीटर लंबी और तीन इंच की पाइपलाइन बिछाई जा रही है, जिसके पूरा होते ही ग्रामीणों की पेयजल किल्लत हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। उन्होंने बताया कि अपने 12 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने इस पंचायत में 38 विद्युत मोटर चालित हैंडपंप लगवाकर पानी के संकट को दूर किया है। धर्मशाला में होने वाले आगामी शीतकालीन सत्र का रुख साफ करते हुए काजल ने चेतावनी दी कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं और कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में ठप पड़े विकास कार्यों पर विधानसभा के भीतर सरकार से कड़े सवाल पूछे जाएंगे

विपिन सिंह परमार ने कार्यकर्ताओं संग मनाई दीपावली

पालमपुर। सुलह विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने दीपावली का पावन पर्व अपने निवास स्थान पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं और उनके साथ पर्व की खुशियाँ साझा कीं।

इससे पूर्व उन्होंने सुलह विधानसभा क्षेत्र के भवारना स्थित मनसिम्बल के विश्वकर्मा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। विपिन सिंह परमार ने कहा कि दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, निराशा पर आशा और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है।

धौलाधार प्रेस क्लब ने किया नवनियुक्त डीपीआरओ अनिल धीमान का स्वागत

प्रतियोगिता

पत्रकारों से किया परिचय, बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने पर हुई चर्चा



टीम एक्शन इंडिया

धर्मशाला। जिला एवं लोक संपर्क विभाग की ओर से नवनियुक्त जिला लोक संपर्क अधिकारी के कार्यभार संभालने पर परिचय बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर धौलाधार प्रेस क्लब धर्मशाला की ओर से नवनियुक्त जिला लोक संपर्क अधिकारी (डीपीआरओ) अनिल कुमार धीमान का धर्मशाला में स्वागत किया गया। इस दौरान क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं और पत्रकारों से उनका परिचय करवाया। इस अवसर पर क्लब के महासचिव नीरज व्यास, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सन्नी महाजन, संयुक्त सचिव नरेन कुमार, राजेंद्र डोगरा, राघव गुलेरिया, प्रियंका, नितिन सहित धर्मशाला प्रेस के सदस्य मौजूद रहे। पत्रकारों ने अनिल कुमार धीमान के साथ संवाद करते हुए जिले में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की गतिविधियों और मीडिया के साथ बेहतर समन्वय को लेकर चर्चा की। गौरतलब है कि अनिल कुमार धीमान ने शनिवार सात नम्बवर को धर्मशाला स्थित जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय में कार्यभार संभाला है। इससे पहले वह कुल्लू में जिला लोक संपर्क अधिकारी के पद पर सेवाएं दे रहे थे। इसके अलावा पालमपुर और देहरा में सहायक लोक संपर्क अधिकारी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

दलाई लामा के बाद तिब्बत के भविष्य की राह: धर्मशाला की तैयारी और उम्मीद भरी दृष्टि

टीम एक्शन इंडिया

कांगड़ा। पिछले छह दशकों से अधिक समय से दलाई लामा निर्वासित तिब्बती समुदाय के आध्यात्मिक मार्गदर्शक और सांस्कृतिक पहचान के मुख्य केंद्र रहे हैं। समय के प्रवाह के साथ आज स्वाभाविक रूप से यह विचार सामने आ रहा है कि आने वाले समय में तिब्बती समाज और उसके आंदोलन को किस तरह नई दिशा मिलेगी। धर्मशाला स्थित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सूचना और अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के सचिव कर्मा रिनचेन का मानना है कि यह यात्रा अब किसी एक व्यक्ति तक सीमित न रहकर एक लोकतांत्रिक और संगठित संस्थागत प्रयास के रूप में आगे बढ़ रही है। दलाई लामा ने भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए साल 2011 में ही अपने राजनीतिक अधिकार लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रतिनिधियों को सौंप दिए थे। धर्मशाला की निर्वासित संसद और चुनी हुई सरकार आज दुनिया भर में बसे तिब्बतियों के सामूहिक हितों और सांस्कृतिक पहचान को सहेजने का कार्य कर रही है। हालांकि, आध्यात्मिक उत्तराधिकार यानी 15वें दलाई लामा की मान्यता को लेकर वैचारिक मतभेद भी मौजूद हैं। दलाई लामा ने यह स्पष्ट किया है कि पुनर्जन्म से जुड़े निर्णय उनकी परंपरा और गादेन फोडरंग ट्रस्ट के माध्यम से लिए जाएंगे, जबकि बीजिंग की अपनी औपचारिक प्रक्रियाएं हैं। तिब्बती समुदाय इसे पूरी तरह आस्था और धार्मिक परंपरा का विषय मानता है और उम्मीद करता है कि इन सांस्कृतिक मान्यताओं का सम्मान बना रहेगा। इस पूरी मानवीय यात्रा में भारत की भूमिका अत्यंत आत्मीय और स्थायी रही है। 1959 से लेकर अब तक भारत ने न केवल शरण दी, बल्कि तिब्बती परंपराओं, विद्यालयों और मठों को फलने-फूलने का सुरक्षित वातावरण भी प्रदान किया। आज इन मठों में भारत के हिमालयी क्षेत्रों जैसे लद्दाख, स्पीति, किन्नौर और अरुणाचल प्रदेश के युवा भिक्षु भी शामिल होकर इस साझी बौद्ध विरासत को जीवंत बनाए हुए हैं।

जनजातीय गौरव दिवस पर टोबा में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर, जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में जिला योजना एवं जनजातीय विकास विभाग के तत्वावधान में आयुष विभाग द्वारा ग्राम पंचायत टोबा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए बताया कि जिला योजना अधिकारी अनुज ठाकुर ने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों में जन कल्याणकारी गतिविधियों और विभिन्न विभागों के माध्यम से स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में 100 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

बिलासपुर में लोक अदालत का आयोजन 12 दिसम्बर को

टीम एक्शन इंडिया

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के सचिव प्रतीक गुप्ता ने जानकारी दी कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में आगामी 12 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। यह लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडूता न्यायालय परिसरों में एक साथ आयोजित होगी।

उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व मुकद्दमेबाजी और लंबित मामलों को लिया जाएगा। इनमें बैंक से संबंधित विवाद, श्रम विवाद, बिजली एवं पानी के बिल, वैवाहिक विवाद तथा मोटर वाहन चालान से जुड़े मामले शामिल रहेंगे। मोटर व्हीकल चालान के मामलों को ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से डिजिटल रूप से अथवा न्यायालय में आकर लोक अदालत से पूर्व भी निपटाया जा सकता है। सचिव ने बताया कि जिन व्यक्तियों के उपरोक्त श्रेणियों में मामले न्यायालय में लंबित हैं, वे अपने मामलों को लोक अदालत में लगवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, कोई भी इच्छुक व्यक्ति जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन नहीं है, वह भी आवेदन प्रस्तुत कर आपसी समझौते के आधार पर विवाद निपटान हेतु लोक अदालत में अपना मामला लगवा सकता है।

संक्षिप्त खबरें

खेलो हिमाचल-चिट्टा मुक्त अभियान के तहत मंडी में होंगे आठ खेलों के मुकाबले

टीम एक्शन इंडिया

मंडी। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के वीसी कक्ष में खेलो हिमाचल-चिट्टा मुक्त अभियान के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार के युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा 'खेल अपनाओ-नशा भगाओ' थीम के तहत युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक खेल गतिविधियों में लगाकर उन्हें नशे से दूर रखना तथा हिमाचल प्रदेश को चिट्टा मुक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के लिए आठ खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, कुश्ती, हॉकी, रस्साकशी और बैडमिंटन शामिल हैं। उपायुक्त ने सभी उपमंडलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आगामी पांच दिनों के भीतर बैठकें आयोजित कर गेम्स मैनेजमेंट सिस्टम (जीएमएस) पोर्टल के माध्यम से खिलाड़ियों एवं टीमों का ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के तहत पंजीकरण पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी उपमंडलों में 15 दिसंबर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाए। ब्लॉक एवं उपमंडल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के बाद चयनित खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता मंडी के पड्डल मैदान में होगी। उपायुक्त ने प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए संबंधित खेल संघों के सहयोग से योग्य रेफरी एवं अंपायर नियुक्त करने तथा तकनीकी समितियों को सक्रिय करने पर भी बल दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं उपमंडल स्तरीय समितियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल खेल प्रतियोगिताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने, उनमें खेल भावना विकसित करने और स्वस्थ समाज के निर्माण को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त प्रियांशु खाती, सभी उपमंडलों के उपमंडलाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा खेल संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नड्डा से दीपावली की शुभकामनाएं देने विजयपुर उमड़ा जनसैलाब, जननेता से मिलने को दिखा भारी उत्साह



टीम एक्शन इंडिया

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के विजयपुर स्थित आवास पर दीपावली मिलन समारोह में जनसैलाब उमड़ पड़ा। 7 और 8 नवंबर को आयोजित दो दिवसीय समारोह में हजारों लोगों ने नड्डा से मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। नड्डा ने सभी से आत्मीयता के साथ मिलकर कुशलक्षेम जाना और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर डॉ. मल्लिका भी विशेष रूप से अतिथियों से मिलती रहीं। विधायक त्रिलोक जमवाल, जे.आर. कटवाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग सहित अनेक जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे। नड्डा के सहज और मिलनसार व्यक्तित्व ने समारोह को यादगार बना दिया।

डीसी बिलासपुर किरण भड़ाना ने अपना घर यानि वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाया दीवाली का त्योहार

टीम एक्शन इंडिया

कश्मीर ठाकुर



बिलासपुर, दीपावली के मद्देनजर उपायुक्त बिलासपुर किरण भड़ाना ने मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित अपना घर वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों के साथ दीपावली की खुशियां सांझा की। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों को मिठाई, फल एवं उपहार वितरित किए तथा उनका कुशलक्षेम जाना। उपायुक्त ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनके जीवन के अनुभवों को सुना। उन्होंने कहा कि माता.पिता और बुजुर्ग परिवार एवं समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने जीवनभर परिवार और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे में हमारा नैतिक दायित्व है कि हम उनका सम्मान करें और जीवन के इस पड़ाव पर उन्हें प्रेमए सुरक्षा और अपनत्व प्रदान करें। बुजुर्गों की देखभाल केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों और मानवीय मूल्यों की पहचान भी है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से आग्रह किया कि कोई भी बुजुर्ग उपेक्षा और अकेलेपन का शिकार न हो।

उन्होंने मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा निराश्रित एवं बेसहारा बुजुर्गों को आश्रय और परिवार जैसा वातावरण उपलब्ध करवाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का सराहनीय उदाहरण है। जिला प्रशासन ऐसे जनकल्याणकारी कार्यों में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। मानव सेवा ट्रस्ट सुंदरनगर के संस्थापक एवं अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकाश चंद बंसल ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2020 से अपना घर वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है। अब तक यहां 106 निराश्रित बुजुर्गों को आश्रय प्रदान किया जा चुका है। इनमें से 57 बुजुर्गों को परिजनों के साथ काउंसलिंग के बाद ससम्मान उनके परिवारों में वापस भेजा गया है, जबकि 10 बुजुर्गों का बीमारी एवं वृद्धावस्था के कारण निधन हो चुका है। वर्तमान में आश्रम में 25 बुजुर्ग रह रहे हैं। इनमें 15 ऐसे बुजुर्ग भी शामिल हैं, जिन्होंने लंबे समय तक सड़कों पर कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताया। आज उन्हें आश्रम में सुरक्षित आश्रय और परिवार जैसा स्नेह एवं सम्मान मिल रहा है। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल,आदि।

हिमाचल के हक और संसाधनों की रक्षा में सुक्खू सरकार ने कायम की मिसाल: राजेश धर्माणी

टीम एक्शन इंडिया

कश्मीर ठाकुर



बिलासपुर, नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षाए व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रभावी कानूनी पैरवी, अंतरराज्यीय संवाद और रणनीतिक निर्णयों के माध्यम से हिमाचल के अधिकारों एवं आर्थिक हितों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन प्रयासों से प्रदेश को लंबे समय से लंबित अधिकार मिलने के साथ आय के नए स्रोत विकसित करने के अवसर भी मिले हैं। उन्होंने कहा कि भाखड़ा.ब्यास प्रबंधन बोर्ड की परियोजनाओं में हिमाचल प्रदेश की 7.19 प्रतिशत बिजली हिस्सेदारी के बकाये को लेकर दशकों से विवाद चल रहा था। सर्वोच्च न्यायालय ने 6 नवंबर 2026 को निर्णय सुनाते हुए पंजाब और हरियाणा को अगले 20 वर्षों में हिमाचल प्रदेश को 11.973 मिलियन यूनिट बिजली उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत लगभग 598 मिलियन यूनिट बिजली प्रतिवर्ष दी जाएगी। न्यायालय ने 420.77 करोड़ रुपये की पूंजीगत लागत संबंधी देनदारी को भी बिजली बकाये से समायोजित करने का निर्देश दिया है। इस फैसले से प्रदेश को अतिरिक्त बिजली के उपयोग एवं बिक्री के माध्यम से राजस्व अर्जित करने का अवसर मिलेगा। धर्माणी ने कहा कि वाइल्ड फ्लावर हॉल संपत्ति विवाद में लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 31 मार्च 2025 को होटल का कब्जा राज्य सरकार को वापस मिला। अब इसके 35 वर्षों के संचालन के लिए 47.1 प्रतिशत वार्षिक सकल राजस्व हिस्सेदारी की व्यवस्था की गई है, जिससे प्रदेश को दीर्घकालिक आय प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि कड़छम.वांगतू जलविद्युत परियोजना में भी प्रदेश सरकार की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप रॉयल्टी 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इससे प्रदेश को लगभग 150 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वार्षिक आय होने का अनुमान है। अन्य पात्र जलविद्युत परियोजनाओं में भी रॉयल्टी बढ़ने से राज्य के राजस्व में वृद्धि की संभावना है।

दीपावली पर जोगिंद्रनगर में आगजनी की दो घटनाएं, 55 हजार का नुकसान

टीम एक्शन इंडिया

संगराय

जोगिंद्रनगर दीपावली के त्योहार पर जोगिंद्रनगर उपमंडल में आगजनी की दो घटनाएं सामने आईं, जिनमें करीब 55 हजार रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। हालांकि, दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से करीब 10 लाख रुपये की संपत्ति को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। वहीं, पटाखे चलाते समय हुए हादसों में दो लोग झुलसकर घायल हो गए। दमकल चौकी प्रभारी बंशी लाल के अनुसार रविवार दोपहर करीब दो बजे कुंशल खुद्दर गांव में राजेंद्र कुमार और कश्मीरी लाल के घर के आंगन में रखी पराली में आग



लग गई। सूचना मिलते ही दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हादसे में करीब 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ, जबकि पांच लाख रुपये की संपत्ति सुरक्षित बचा ली गई। वहीं, रात करीब 11:45 बजे चौंतड़ा ब्लॉक कॉलोनी में सरकारी क्वार्टर में रह रहे धर्म चंद के आवास में आग लग गई। इस घटना में करीब 30 हजार रुपये का सामान जल गया, जबकि दमकल कर्मियों ने आसपास की पांच लाख रुपये की संपत्ति को आग से बचा लिया। दीपावली की रात पटाखे चलाने के दौरान दो लोग भी घायल हुए। गुम्मा निवासी हेमराज के 13 वर्षीय पोते सपरन के हाथों में अनार फटने से दोनों हाथ घायल हो गए।

विपिन सिंह परमार ने कार्यकर्ताओं संग मनाई दीपावली, विश्वकर्मा मंदिर में की पूजा-अर्चना

पालमपुर। सुलह विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने दीपावली का पावन पर्व अपने निवास स्थान पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं और उनके साथ पर्व की खुशियाँ साझा कीं। इससे पूर्व उन्होंने सुलह विधानसभा क्षेत्र के भवारना स्थित मनसिम्बल के विश्वकर्मा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

जीवन की महान सच्चाई मौत है, इसे सुधारना आवश्यक है: हंसराज लोमस

टीम एक्शन इंडिया

कश्मीर ठाकुर



बिलासपुर, नगर के चंगर सेक्टर में स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में चल रही श्रीशिव महापुराण कथा के अंतिम दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए कथावाचक आचार्य हंसराज लोमस ने कहा कि महाशिवरात्रि को यदि कोई भी जीव अनायास ही व्रत करता है तो उसे निश्चित तौर पर उसका फल मिलता है। इस अवसर पर उन्होंने शिवरात्रि की महिमा और शिव लिंगो की स्थापना पर रोचक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि सृष्टि के आदि काल में ब्रह्मा और विष्णु आपस में युद्ध करने लगे। इस दौरान दोनों के बीच में कीर्तिमान स्तंभ के रूप में भगवान शिव शंकर प्रकट हुए। इस स्तंभ की खोज करने को ब्रह्मा हंस बनकर स्वर्ग चले गए और विष्णु भी अन्य रूप धारण कर पाताल चले गए सैकड़ों वर्षों तक इन दोनों ने वहां घोर तपस्या की लेकिन वहां पर कोई उन्हें ना आरंभ मिला और न ही आदि। फिर दोनों स्तंभ स्थान पर आ गए। पंडित हंसराज ने बताया कि इस दौरान ब्रह्मा ने झूठ कहा कि उन्होंने इसका अंत पा लिया है। इतने में स्तंभ फाड़कर महादेव शंकर प्रकट हुए और उन्होंने ब्रह्मा को झूठ बोलने पर उनका एक सिर काट दिया। षंकर का रौद्र रूप एवं क्रोध को देखकर ब्रह्मा विष्णु ने प्रार्थना की और शंकर पिंडी रूप बन गए। शंकर भगवान ने कहा कि आज का दिन शिवरात्रि से प्रख्यात होगा और लोग शिवलिंग की पूजा करेंगे। उस दिन से महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

बिलासपुर में हर्षोल्लास से मनाया रोशनी का पर्व दीपावली

टीम एक्शन इंडिया

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर, बिलासपुर नगर में रोशनी का त्योहार यानि दीपावली पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर पूरा शहर विभिन्न रौशनियों से दुल्हन की सजा रहा। शाम के समय शहर की आभा देखते ही बन रही थी। लोगों ने दिन भर खूब खरीददारी की। मिठाई, आतिशबाजी, पटाखे, मिट्टी के दीपक, पोस्टर, गन्ने यहां तक कि फलों की दुकानों पर खूब भीड़ दिखी। शाम को सभी लोगों ने अपने अपने घरों में माता लक्ष्मी, गणेश और सरस्वती तथा अपने अराध्यों की विधिवत पूजा अर्चना की तथा खूब आतिशबाजी का आनंद लिया। लोगों ने अपने पड़ोसियों व रिश्तेदारों में मिठाई और उपहार देकर इस पर्व की परंपरा निभाई। इस दौरान युवाओं और बच्चों को इस त्योहार को लेकर खासा उत्साह दिखा। आतिशबाजी और पटाखे आदि करने के लिए जिला प्रशासन का फरमान निर्धारित समय तक था बावजूद इसके देर रात तक पटाखों की गूंजे सुनाई दी। छुटपुट घटनाओं को यदि किनारे रखा जाए तो बिलासपुर में यह त्योहार शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ। इस त्योहार में किसी प्रकार का खलल न हो इसके लिए पुलिस की गश्त भी नियमित रही।

दीपावली के रोज बिलासपुर में आग की छह घटनाएं

टीम एक्शन इंडिया

कश्मीर ठाकुर



बिलासपुर, दीपावली के पर्व के दौरान जिला बिलासपुर में आग लगने की कुल छह घटनाएं सामने आईं। इन घटनाओं में काफी नुकसान हुआ, लेकिन अग्निशमन विभाग की मुस्तैदी के चलते किसी बड़े जान.माल के नुकसान से बचाव हुआ। अग्निशमन विभाग के निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि दीपावली के दौरान विभाग के जवान पूरी रात सतर्क रहे और आग लगने की घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई की। दो बड़े अग्निकांडों पर काबू पाने के लिए विभाग की पांच से छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट सामने आया है। दीपावली पर घरों और दुकानों में सजावटी लाइटों व लड़ियों के अधिक इस्तेमाल से बिजली का लोड बढ़ जाता है। वहीं आईएसआई मानक के अनुरूप बिजली उपकरणों का उपयोग न करने से शॉर्ट सर्किट का खतरा बढ़ जाता है। निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने लोगों से अपील की कि वे बिजली के उपकरण हमेशा आईएसआई प्रमाणित ही इस्तेमाल करें। त्योहार की खुशियों के बीच सुरक्षा को नजरअंदाज न करें और सतर्कता बरतेंए ताकि पर्व सुरक्षित तरीके से मनाया जा सके।

आओ सब मिलकर पंजाब को सभ्य एवं भव्य प्रदेश के तौर पर फिर से गढ़ने का काम करें: नायब सिंह सैनी

पंजाब के फगवाड़ा में श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में किया आह्वान, गोवर्धन पूजा एवं भगवान विश्वकर्मा पूजा की बधाई दी

शीश नवाया

- सैनी ने 116 वर्ष पुराने ऐतिहासिक मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा के चरणों में शीश नवाकर गोवर्धन पूजा एवं भगवान विश्वकर्मा पूजा की





टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के लोगों से आह्वान किया कि आओ सब मिलकर पंजाब को नशामुक्त करें और एक कुशल कारीगर की भांति इसको सभ्य एवं भव्य प्रदेश के तौर पर फिर से गढ़ने का काम करें। श्री सैनी आज पंजाब के फगवाड़ा में श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद श्री मित्तल , पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला एवं सोमप्रकाश के अलावा शिरोमणि विश्वकर्मा मंदिर कमेटी के प्रधान प्रदीप धीमान , उपप्रधान सुरेंद्र धीमान व गुरमख सिंह नामधारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 116 वर्ष पुराने ऐतिहासिक मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा के चरणों में शीश नवाकर गोवर्धन पूजा एवं भगवान विश्वकर्मा पूजा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर समाज की रक्षा की, और भगवान विश्वकर्मा ने द्वारका बसाकर उसी समाज को घर दिया। एक ने रक्षा की, दूसरे ने रचना की और रक्षा व रचना, यही भारत की संस्कृति है। उन्होंने मन्दिर कमेटी द्वार करवाए जा रहे कल्याणकारी कार्यों की सराहना की। श्री सैनी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में हरियाणा सरकार द्वार राज्य में करवाए गए सुधारों का विस्तार से जिक्र किया और बताया कि पूरे प्रदेश में जहां गरीब मरीजों का सरकारी अस्पतालों में फ्री डायलिसिस करवाया जा रहा है , वहीँ सिलीकोसिस पीड़ित श्रमिकों के लिए पुनर्वास नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य भी हरियाणा ही बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब कारीगर के पास बैंक से लोन लेते वक्त हुनर के सिवा कोई गारंटी नहीं होती। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पीएम विश्वकर्मा योजना से उसी हुनर को गारंटी बना दिया। इस योजना के तहत 500 रुपये रोज के भत्ते के साथ प्रशिक्षण, 15 हजार रुपये तक की टूलकिट और बिना गारंटी 3 लाख रुपये तक का ऋण सिर्फ 5 प्रतिशत ब्याज पर देना शुरू किया। उन्होंने आगे बताया कि हरियाणा सरकार ने इसमें मुख्यमंत्री विश्वकर्मा सम्मान योजना के तहत 5 हजार रुपये अपनी ओर से जोड़े। चार साल का लक्ष्य दो साल में पूरा हुआ। अब तक 30 लाख कारीगर इस योजना से जुड़ चुके हैं। श्री नायब सिंह सैनी ने बच्चों की पढ़ाई को देश के भविष्य की नींव बताते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछड़े वर्ग के बच्चों को देश में पढाई करने के लिए 15 लाख और विदेश में 20 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण देने का प्रावधान किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भगवान विश्वकर्मा दिवस पर किया नमन



चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को भगवान विश्वकर्मा दिवस के पावन अवसर पर संत कबीर कुटीर में भगवान विश्वकर्मा का पूजन कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम शिल्पकार और निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। उनका जीवन और शिक्षाएं हमें श्रम, कौशल, रचनात्मकता और समर्पण का संदेश देती हैं। भगवान विश्वकर्मा की कृपा से सभी के जीवन में उन्नति और समृद्धि आए तथा प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़े। मुख्यमंत्री ने इस पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों के संग मनाई दिवाली, लोगों से मिलकर दी पर्व की शुभकामनाएं

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिवाली का पावन पर्व अपने परिवार के साथ मनाया। इस दौरान उन्होंने लाडवा हलके के विभिन्न गांवों और स्थानों पर रुककर ग्रामीणों से मुलाकात की तथा उनका हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ मिल-जुलकर रहने का संदेश देता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने परिवार सहित भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश एवं प्रदेशवासियों के उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

न्यूज फ्लैश

हरियाणा पुलिस में शीतकालीन वर्दी लागू, डीजीपी ने जारी किए आदेश

चंडीगढ़। बदलते मौसम को देखते हुए हरियाणा पुलिस ने अपने कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए शीतकालीन वर्दी को लागू कर दिया है। सर्दी के मौसम की जल्दी शुरूआत को देखते हुए हरियाणा पुलिस महानिदेशक कार्यालय की तरफ से इस संबंध में राज्य के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों, रेंज के आईजी को पत्र भेजकर सूचित किया गया है। डीजीपी अजय सिंघल द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सर्दियों के जल्दी आने के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि इस बार सर्दियों की शुरूआत जल्दी होने के मद्देनजर पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए विंटर यूनिफार्म लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद प्रदेशभर में पुलिसकर्मी निर्धारित शीतकालीन वर्दी के अनुसार ड्यूटी करेंगे। इसका उद्देश्य मौसम के अनुरूप पुलिसकर्मियों को सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ वर्दी संबंधी एकरूपता और अनुशासन बनाए रखना है। हरियाणा पुलिस में वर्दी पहनने को लेकर विस्तृत नियम निर्धारित हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से 2024 में जारी यूनिफार्म रेगुलेशन नंबर-18 में विभिन्न रैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए वर्दी, कैप, बैज, नेम प्लेट और अन्य वर्दी संबंधी वस्तुओं के मानक तय किए गए हैं। इन नियमों के अनुसार पुलिसकर्मियों को परेड, औपचारिक कार्यक्रमों और पुलिस अधिकारी के रूप में कानूनी शक्तियों का इस्तेमाल करने वाली ड्यूटी के दौरान निर्धारित वर्दी पहनना अनिवार्य है। निर्धारित नियमों के अनुसार सामान्य तौर पर 15 नवंबर से 15 मार्च तक विंटर यूनिफार्म पहनी जाती है। हालांकि, मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए डीजीपी इसके समय में बदलाव कर सकते हैं। गर्मियों में खाकी टेरी काटन शर्ट और पैंट की जगह सर्दियों में एंगोरा शर्ट और सर्ज खाकी पैंट पहनने का प्रविधान है। सर्दियों में पुलिस मुख्यालय की ओर से स्वीकृत डिजाइन और पैटर्न की खाकी जर्सी अथवा जैकेट पहनने की अनुमति है। अलग-अलग रैंक के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए निर्धारित रंग और डिजाइन की कैप तय है। अपनी मर्जी से अलग रंग या डिजाइन की कैप पहनने की अनुमति नहीं है। निर्धारित ड्रेस कोड के अनुसार, जूतों और मोजों का रंग व प्रकार तय किया गया है। सर्दियों में खाकी ऊनी मोजे पहनने का प्रावधान है। वर्दी पर निर्धारित डिजाइन की नेम प्लेट, हरियाणा पुलिस का प्रतीक चिह्न और रैंक के अनुसार स्टार व बैज लगाना अनिवार्य है। नेम प्लेट हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होती है। वर्दी पर लगी नेम प्लेट के माध्यम से किसी भी पुलिसकर्मी को अपनी जाति या गोत्र प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं है।

अंबाला छावनी के आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक की शुल्क सहित होगी बुकिंग जल्द शुरू: अनिल विज

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में बनाए गए आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक की शुल्क सहित बुकिंग जल्द आरंभ की जाएगी। आज श्री विजय मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान बताया कि देश के यशस्वी गृह सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा इस स्मारक के लोकार्पण के पश्चात ऑनलाइन बुकिंग कुछ ही घंटे में निशुल्क एक महीने की पूरी बुकिंग हो गई है। उन्होंने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई कांग्रेस के गठन के से 28 वर्ष पूर्व लड़ी गई थी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सशस्त्र लड़ी गई और दस्तावेजों के अनुसार इस लड़ाई की शुरूआत अंबाला छावनी से हुई और यह लड़ाई फिर पूरे देश में लड़ी गई। श्री विज ने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित सही स्मारक अंबाला छावनी में बनाया गया है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने 5 नवंबर को इस स्मारक का लोकार्पण किया है। उन्होंने कहा कि इस स्मारक को देखने के लिए अगले दिन से ही ऑनलाइन बुकिंग शुरू की गई थी और कुछ घंटे में ही पूरे महीने की बुकिंग हो गई है। एक महीने के लिए एक दिन में 500 लोगों को निशुल्क बुकिंग की सुविधा दी गई थी लेकिन अब से शुल्क सहित बुकिंग जल्द ही शुरू की जाएगी।



एचएसएससी जारी करेगा भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़। हरियाणा के बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राज्य में बहुत जल्द करीब 14 हजार पदों के लिए भर्ती परीक्षाओं का आयोजन शुरू होने जा रहा है। इसके लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया जाएगा। कैलेंडर तैयार करने का कार्य अंतिम चरण में है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने यह जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर दी। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा आगामी परीक्षाओं का कैलेंडर तैयार करने का कार्य अंतिम चरण में है। जल्द ही आयोग द्वारा परीक्षा कैलेंडर जारी किया जाएगा, जिसमें सीईटी ग्रुप-डी, सीईटी-स्टेज-टू और आगामी नए पदों के लिए जारी होने वाले विज्ञापनों की जानकारी दी जाएगी। सभी अभ्यर्थी पूरी मेहनत और लगन के साथ अपनी तैयारी जारी रखें तथा और किसी भी जानकारी के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट को चेक करते रहें। हिम्मत सिंह ने बताया कि करीब 14 हजार पदों पर भर्ती के लिए सीईटी स्टेज-2 परीक्षा की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसके साथ ही युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करवाने के लिए करीब 8,000 पदों पर नई भर्तियों का विज्ञापन भी जल्द जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग भर्ती एवं परीक्षा प्रक्रिया को निर्धारित नियमों के अनुसार व्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से आगे बढ़ा रहा है। हिम्मत सिंह के निर्देश पर सीईटी स्टेज-2 परीक्षा के आयोजन की तैयारियों के तहत परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कार्य पूरा हो चुका है। आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का आकलन करना और परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जरूरी व्यवस्थाओं की समीक्षा करना है, ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया शीघ्र ही पंचकूला जिले के साथ-साथ अन्य जिलों में भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा।

बम व पटाखों के छर्रे लगने से महिला की मौत

जींद। सैक्टर नौ में रविवार रात मकान के बाहर खड़ी महिला के गले में पटाखा लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मृतका के शव का चिकित्सक बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सैक्टर नौ निवासी संदीप की 39 वर्षीय पत्नी पूनम रविवार रात को अपने मकान के बाहर दीपावली पर्व पर आसपास फोड़े जा रहे पटाखे देख रही थी। उसी दौरान पूनम के गले पर कोई बम या पटाखे जैसी वस्तु आ टकराई।

न्यायमूर्ति हरसिमरन सिंह सेठी ने विधिक सेवा दिवस पर विशेष प्रचार वाहन किया रवाना

टीम एक्शन इंडिया

चण्डीगढ़: हरियाणा राज्य विधिक सेवा दिवस के अवसर पर न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण हरसिमरन सिंह सेठी ने निःशुल्क कानूनी सहायता, कानूनी अधिकारों तथा विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष रूप से जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता की उपलब्धता, कानूनी अधिकारों तथा विधिक सेवा प्राधिकरणों की विभिन्न महत्वपूर्ण पहलों से संबंधित जानकारीपूर्ण हेतू फ्लेक्स एवं बैनरों से सुसज्जित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य कानूनी जागरूकता को आमजन के द्वार तक पहुंचाना तथा विशेष रूप से समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को उनके निःशुल्क एवं सक्षम कानूनी सेवाएं प्राप्त करने के अधिकार के प्रति जागरूक करना है। इस विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत यह प्रचार वाहन, 9 से 15 नवम्बर तक पंचकूला के विभिन्न स्थानों पर एवं गावों का भ्रमण करेगा। इस दौरान आमजन को निःशुल्क कानूनी सहायता, विधिक जागरूकता कार्यक्रमों तथा विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। इस अभियान को और अधिक प्रभावी एवं जनोपयोगी बनाने के लिए वाहन में स्थापित जन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से नालसा का गीत तथा विधिक जागरूकता संबंधी वृत्तचित्र भी प्रसारित किए जाएंगे। इससे जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता को और अधिक बढ़ावा मिलेगा तथा लोगों को अपने कानूनी अधिकारों एवं न्याय तक पहुंच के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सकेगा।प्राधिकरण की यह पहल जनसामान्य तक अपनी पहुंच को निरंतर सुदृढ़ करने तथा सुनिश्चित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है।

प्रचार वाहन

- विशेष रूप से जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

महापुरुष किसी एक समाज के नहीं, बल्कि सर्वसमाज के होते हैं: कृष्ण कुमार बेदी

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि महापुरुष किसी एक विशेष जाति या समाज के नहीं होते, बल्कि सर्वसमाज के होते हैं। महापुरुषों ने अपने विचारों और आदर्शों से पूरे समाज को नई दिशा देने का काम किया है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज तरक्की और उन्नति के रास्ते पर आगे बढ़ सकता है। इसलिए हमें अपने महापुरुषों कि शिक्षाओं को जीवन में अपनाते हुए एक समरस, शिक्षित और उन्नत समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी सोमवार को नरवाना में भगवान विश्वकर्मा के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विश्वकर्मा सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। स्थानीय विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के निर्माणकर्ता और शिल्पकला के प्रतीक हैं। श्री विश्वकर्मा ने इस सुंदर सृष्टि की रचना और निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भगवान विश्वकर्मा का जीवन हमें सृजन, मेहनत, कौशल और समर्पण की प्रेरणा देता है। कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए विश्वकर्मा सभा की प्रबंधन समिति को बधाई दी। साथ ही जांगड़ा जागृति सेवा समिति की ओर से सभी महापुरुषों की जयंती और प्रकाश पर्व को सरकारी स्तर पर मनाने का कार्य कर रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को उनके जीवन, संघर्ष और विचारों से प्रेरणा मिल सके।



जयंती

- भविष्य में भी प्रदेश सरकार द्वारा सभी महापुरुषों की जयंती को पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाया जाता रहेगा

उन्होंने बताया कि हाल ही में कुरुक्षेत्र में भी भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती का राज्य स्तरीय आयोजन किया गया था और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी प्रदेश सरकार द्वारा सभी महापुरुषों की जयंती को पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाया जाता रहेगा। आयोजित रक्तदान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। दोनों संस्थाएं सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से सराहनीय कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव भारतीय ज्ञान, संस्कृति, आध्यात्मिकता और सामाजिक समरसता का वैश्विक उत्सव

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान, संस्कृति, आध्यात्मिकता और सामाजिक समरसता का वैश्विक उत्सव है। इस वर्ष महोत्सव में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु और पर्यटक को यादगार अनुभव मिले तथा कुरुक्षेत्र की पहचान विश्व के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मानचित्र पर और अधिक मजबूत हो। अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन इस वर्ष 5 दिसंबर से 25 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2026 में मुख्य एवं प्रमुख कार्यक्रम 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित होंगे। इस वर्ष महोत्सव में पार्टनर राज्य पश्चिम बंगाल रहेगा, जिसकी कला-संस्कृति की विशेष झलक महोत्सव में देखने को मिलेगी। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और अधिक भव्य और विविध बनाया जाएगा। मुख्य मंच के साथ-साथ ज्योतिसर में भी सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि ज्योतिसर आने वाले श्रद्धालुओं को भी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ा जा सके।

विशेष रूप से

- हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से सांग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा

उन्होंने कहा कि इस बार गीता जयंती महोत्सव में हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से सांग महोत्सव (सांग उत्सव) का आयोजन किया जाएगा।

कृषि मंत्री ने हथीन, होडल, हसनपुर और पलवल अनाज मंडियों का दौरा कर खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा

टीम एक्शन इंडिया

चण्डीगढ़: हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने जिला की हथीन, होडल, हसनपुर और पलवल अनाज मंडियों का दौरा कर चालू फसल खरीद सीजन के दौरान किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर फसल खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की मेहनत और उनकी उपज का पूरा सम्मान करती है। सरकार का लक्ष्य किसानों की फसल का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद सुनिश्चित करना है। किसानों को सुविधाएं, सम्मान और उनके आर्थिक हितों की सुरक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मंडियों में फसल लेकर पहुंचने वाले किसानों के गेट पास बनवाने से लेकर फसल बेचने, माप-तौल, उठान और भुगतान करने तक किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें।



मंडियों में विकास कार्यों और किसानों की मांगों पर की चर्चा*

जायजा लिया

- चालू फसल खरीद सीजन के दौरान किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं, सुविधाओं का जायजा लिया

कृषि मंत्री ने सभी मंडियों में खरीद आवक, उठान प्रक्रिया, किसानों की समस्याओं और विकास कार्यों से संबंधित मांगों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहराया कि सरकार किसानों की फसल का उचित मूल्य दिलाने और मंडियों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने हथीन व पलवल अनाज मंडी की मांगों को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। कृषि मंत्री ने मंडियों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और किसानों की मांगों पर भी विस्तार से चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्य संबंधी समस्याओं को लिखित में दे, ताकि उनका निदान तत्काल किया जा सके।

किसानों को बाजरा खरीद पर एमएसपी और भावांतर योजना का मिलेगा लाभ*

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने

न्यूज फ्लैश

युवा भाजपा नेता आयुष धौंचक ने शिव मंदिर में दीप जलाकर की सभी की सुख-समृद्धि की कामना



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, 9 नवंबर (बिजेंद्र सिंह)। युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी आयुष धौंचक ने पार्टी कार्यकताओं के साथ दिवाली का पर्च हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर आयुष धौंचक ने शिव मंदिर में पार्टी कार्यकताओं के साथ दीप जलाकर सभी की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की भगवान से कामना की गई। वहीं आयुष धौंचक ने सभी प्रदेश वासियों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और उत्सव मनाने का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा, सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक एकता का संदेश देने वाला महापर्व है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों एवं बच्चों के जीवन में खुशियां लाना ही दीपावली की सच्ची सार्थकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी त्योहार की वास्तविक खुशी तभी है, जब समाज का हर वर्ग उसमें सहभागी बने और सभी लोग आपसी प्रेम प्यार एवं भाईचारा के साथ त्योहार को मनाये।

गुहला विवाहिता सुसाइड में ससुर-4 ननदों पर केसः परिजन बोले-पति के इंश्योरेंस के पैसे छीने, प्रताड़ित करने का आरोप लगाया

प्रमोद भार्गव,
गुहला चीका। गुहला के गांव ककहेड़ी में 32 वर्षीय विवाहिता किरण द्वारा फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड करने के मामले में परिजनों ने कई अहम खुलासे किए हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि किरण को ससुराल पक्ष के लोग काफी समय से प्रताड़ित कर रहे थे। उसके पति की मौत के बाद जो इंश्योरेंस क्लेम मिलना था, वह भी उसके ससुराल वालों ने उससे छीन लिया था। उन्होंने यह भी बताया कि जिस समय किरण ने फांसी का फंदा लगाया, उस समय ससुराल वालों ने आनन-फानन में उसका अंतिम संस्कार कर दिया। उसके मायका पक्ष को इसकी सूचना तक नहीं दी गई।
कई घंटे बाद मौत का पता लगाः
मृतका के परिजनों ने बताया कि उन्हें आसपास से घटना के तीन-चार घंटे बाद पता लगा कि किरण की मौत हो गई है। वे शाम को करीब 4 बजे गांव ककहेड़ी में पहुंचे थे। तब तक ससुराल वालों ने सब काम निपटा दिया था। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि जब किरण मोबाइल चलाती थी, तो तब भी उसके ससुराल वाले उसे बुरा भला कहते थे। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।
फांसी लगाकर दी थी जानः
मालूम रहे कि दो दिन पहले गांव ककहेड़ी में करीब 32 वर्षीय विवाहिता ने अपने कमरे में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद मायके पक्ष ने उसके ससुर और 4 ननदों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। मृतका के चाचा की शिकायत पर सीवन थाना पुलिस ने ससुर और 4 ननदों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

भाजपा नेता एवम कुटिया के मुख्य सेवक गोबिन्द कांडा के संयोजन में आयोजित हुआ अन्नकूट महोत्सव

-गोपाल कांडा व गोबिन्द कांडा ने दीपोत्सव, अन्नकूट महोत्सव, विश्वकर्मा दिवस की दी शुभकामनाएं



सिरसा (रणबीर खटक)
सिरसा स्थित उत्तर भारत के प्रमुख धार्मिक स्थल श्री बाबा तारा कुटिया में दीपोत्सव के बाद आज अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। श्री बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक गोबिंद कांडा के संयोजन में आयोजित विशाल अन्नकूट महोत्सव में का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं हरियाणा लोकहित पार्टी के अध्यक्ष गोपाल कांडा ने किया। उन्होंने स्वयं प्रसाद ग्रहण किया। सभी को गोपाल कांडा एवं गोबिंद कांडा ने अन्नकूट महोत्सव, विश्वकर्मा दिवस एवं भैया दूज के पर्व की शुभकामनाएं दी।
इस अवसर पर गोपाल कांडा ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा दिवस, गौवर्धन पूजा व भैय्या दूज की बधाई देते हुए कहा कि अन्नकूट का प्रसाद व्यक्ति को आध्यात्मिक बल देता है और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करता है। सभी लोग श्रद्धा के साथ मिल जुलकर प्रसाद ग्रहण करते हैं और इससे आपसी सौहार्द व भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री बाबा तारा जी की समाधी पर शीश नवाया व अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गोबिंद कांडा ने भी श्रद्धालुओं से मुलाकात की व उन्हें त्यौहारों की शुभाकामनाएं दी।
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं श्री बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक गोबिंद कांडा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि श्री बाबा तारा जी कुटिया में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते हैं। बाबा जी की कृपा से श्री तारकेश्वरम धाम लाखों लोगों की आस्था का प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में अपनी पहचान रखता है।
उन्होंने पांच महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिरसा जिला को नशा मुक्त बनाने की दिशा में वृहत स्तर पर योजना बनाई जा रही है। एक विशेष कार्यक्रम भाई गोपाल कांडा के जन्मदिन पर शुरू किया जाएगा। पूर्व मंत्री एवं लछ्ठ सुप्रीमो गोपाल कांडा ने कहा कि स्टॉर्म वाटर एक बड़ा प्रोजेक्ट है। अभी प्रोजेक्ट चल रहा है। इस वजह से शहर वासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। जिससे भविष्य में शहर वासियों को लाभ मिलेगा।
मीडिया से वार्ता में गोपाल कांडा ने सिरसा विधायक के आरोपों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि नगर परिषद किसी की भी बनी हो, विकास प्रभावित नहीं होगा। पहले उन्होंने विधायक बनने के नाम पर वोट मांगे, अब नगर परिषद न बन पाने का बहाना बनाते हैं, फिर सरकार नहीं होने की बात कहेंगे।
विकास करवाने के लिए किसने रोका हैं।
करवाएं विकास। विकास कार्यों के लिए बहाने बाजी की नहीं इच्छा शक्ति की जरूरत है। गोपाल कांडा ने कहा कि वे भी व्यक्तिगत प्रयासों से सिरसा मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जिसपर तेजी से विकास चल रहा है। शीघ्र ही महाराजा अग्रसेन के नाम पर हार्ट हॉस्पिटल स्थापित करने की कोशिश की जा रही है।

अदालत के आदेश के बावजूद भी शिक्षा विभाग द्वारा अतिथि अध्यापकों के खिलाफ नाकारात्मक आर्डर देना अदालत की अवमाननाः भूपेंद्र सिंह



प्रमोद भार्गव,
गुहला चीका। राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के राज्य महासचिव भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने गेस्ट टीचरों को पक्का करने के लिए स्पष्ट आदेश दिए हुए हैं परंतु हरियाणा की भाजपा सरकार तानाशाह रवैया अपनाए हुए है और कोर्ट के आदेश के बावजूद गेस्ट टीचरों को पक्का नहीं किया जा रहा है, जो कि सरेआम अदालत की अवमानना है। भूपेंद्र डूंघसह आज यहां एक प्रेस कांफ्रेस को सम्बोधि कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ द्वारा सरकार के खिलाफ अवमानना का केस तो डाला ही जाएगा अलबत्ता संघ ने जनता के बीच जाकर सरकार की तानाशाही रवैये की पोल-पट्टी खोलने का फैसला भी लिया है, ताकि आम जनता को भी पता चल सके कि सरकार किस तरह तानाशाह रवैये पर उतरी हुई है। उन्होंने बताया कि राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के आह्वान पर कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय के सामने अदालतों के आदेशानुसार 2014 की तीन वर्षीय नियमितीकरण नीति के तहत नियमित करने की मांग को लेकर चल रहा धरना 23 जून से जारी है। इसी आंदोलन के तहत अतिथि अध्यापक 15 नवंबर को कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय के सामने मॉक पार्लियामेंट का आयोजन कर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय तक प्रदर्शन एवं घेराव करेंगे और इसी दौरान शिक्षा विभाग द्वारा गैस्ट टीचरों को लेकर जारी नकारात्मक स्पीकिंग आर्डर की प्रतियां जलाकर सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ विरोध दर्ज करवाया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए राज्य संगठन सचिव पलविन्द्र सिंह पन्नू ने कहा कि अतिथि अध्यापक पिछले 21 वर्षों से सरकारी स्कूलों में शिक्षण कार्य करते हुए शिक्षा व्यवस्था को संभाल रहे हैं, लेकिन सरकार उन्हें नियमित करने की बजाय लगातार अस्थाई व्यवस्था में बनाए रखना चाहती है।

श्री विष्णु भगवान मंदिर में श्रद्धा, उल्लास एवं धूमधाम के साथ भव्य अन्नकूट महोत्सव का किया गया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
महेंद्रगढ़ (दिनेश नौताना) सोमवार को रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मन्दिर में क्षदा उल्लास एवं धूमधाम के साथ भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया पावन अवसर पर संपूर्ण मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भगवान श्री विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा भोग के लिए मूंग, बाजरा, कढ़ी, चावल एवं विभिन्न प्रकार की स्वादिष्ट सब्जियों का अन्नकूट प्रसाद तैयार किया गया।दोपहर 12:15 बजे पंडित मुकेश शर्मा, मंदिर प्रभारी शंकर लाल, मंदिर कमेटी प्रधान मनोहर लाल झुकिया, संरक्षक संजय मित्तल, कोषाध्यक्ष रामानंद शर्मा एवं सुशील कुमार अग्रवाल ने विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान का अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया और धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव, नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मित्तल विशेष से रूप में उपस्थित रहे।

सेवा, संस्कार और आत्मीयता के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने मनाई दीपावली



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, 9 नवंबर (बिजेंद्र सिंह)। भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने दीपावली का पावन पर्व सेवा, संस्कार, समर्पण और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया। उन्होंने धार्मिक एवं सामाजिक संस्थानों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा अनाथ बच्चों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना की। डॉ. अर्चना गुप्ता ने सर्वप्रथम पानीपत के प्राचीन देवी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेशवासियों के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मकता बनाए रखने की प्रार्थना की। इसके उपरांत वे जनसेवा संस्थान द्वारा संचालित अनाथ आश्रम एवं वृद्ध आश्रम पहुंचीं। यहां उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों के साथ समय बिताया, उनका हालचाल जाना और मिठाइयां वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि त्योहारों की वास्तविक खुशी तभी है, जब समाज का हर वर्ग उसमें सहभागी बने और कोई भी व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस न करे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने एल्डिको स्थित निवास पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं लोकतंत्र सेनानी डॉ. मनोहर लाल सुनेजा से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने डॉ. सुनेजा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया, दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता शिवनगर स्थित बाल श्रमिक पुनर्वास केंद्र पहुंचीं, जहां उन्होंने बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और उत्सव मनाने का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा, सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक एकता का संदेश देने वाला महापर्व है। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित, जरूरतमंद, बुजुर्ग और बच्चों के जीवन में खुशियां लाना ही दीपावली की सच्ची सार्थकता है। भाजपा जिला महामंत्री सुनील कंसल, मंडल अध्यक्ष सचिन सिंगल, बाल कल्याण समिति की सदस्य मीना शर्मा, किरण मलिक व सोमदत्त आदि उपस्थित रहे।

गुहला में पाबंदी को दरकिनार कर पराली में लगाई आग

प्रमोद भार्गव,
गुहला चीका। गुहला में फसल अवशेष जलाने के मामले में लगातार सामने आ रहे हैं। धान की कटाई के बाद बची पराली को किसानों द्वारा आग के हवाले किया जा रहा है। अब फिर गुहला के गांव चक्कू लदाना में एक किसान द्वारा एक एकड़ से ज्यादा जमीन पर फसल के अवशेषों में आग लगा दी गई। इस सम्बन्ध में पुलिस एक किसान के खिलाफ गुहला थाना में केस दर्ज कर लिया है।
ग्राम सचिव की शिकायत पर केसः
ग्राम सचिव गुरनाम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कृषि विभाग ने धान की फसल के अवशेष जलाने वाले किसानों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करवाने के आदेश दिए हुए हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 163 के तहत फसल अवशेष न जलाने बारे 15 सितंबर से रोक लगा रखी है। आदेशों की अहवेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ वायु एवं प्रदूषण



नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। प्रत्येक गांव में फसल अवशेष प्रबंधन के लिए निगरानी कमेटियों का गठन किय गया है। पुलिस ने सम्बन्धित ग्राम सचिव की शिकायत पर उक्त किसान के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
एक एकड़ में लगाई आगः
नियमों का उल्लंघन करते हुए गांव चक्कू लदाना के किसान महेंद्र सिंह ने अपने खेत में एक एकड़ फसल के अवशेषों में आग लगा दी, जिससे पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ा और वायू प्रदूषित हुई।

केंद्रीय विवि के एनएसएस स्वयंसेवकों ने रोशनी पहल के माध्यम से जरूरतमंदों के जीवन में बिखेरी खुशियां

टीम एक्शन इंडिया
महेंद्रगढ़ (दिनेश नौताना)
हरियाणाः केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर रोशनी नामक विशेष सामाजिक पहल का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियां, अपनापन और उम्मीद की रोशनी फैलाना था।
इस अभियान के अंतर्गत एनएसएस समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने महेंद्रगढ़ के 3झ4 विभिन्न स्थानों पर लगभग 60-70 जरूरतमंद लोगों के बीच कपड़े, मिठाइयां, नोटबुक और दीपों का वितरण किया। इसके पश्चात डॉ. प्रदीप कुमार एवं स्वयंसेवकों ने श्री खाटू श्याम मानव जान सेवा वेलफेयर सोसाइटी का दौरा किया, जहां दृष्टिबाधित व्यक्तियों, अनाथ बच्चों एवं बुजुर्गों के साथ समय बिताया। इस दौरान उनके बीच मिठाइयों और नोटबुक का वितरण किया गया तथा आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। दीपावली के उत्साह को आगे बढ़ाते हुए डॉ. प्रदीप कुमार एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय के वाई-फाई पार्क को लगभग 250 दीयों से रोशन किया। दिनभर की इन गतिविधियों का समापन विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा संचालित उड़ान पहल के बच्चों के साथ दीपावली मनाकर किया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ खुशियां साझा की गईं और उन्हें त्योहार के वास्तविक अर्थ से परिचित कराया गया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. डॉ. टंकेश्वर कुमार ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए सामाजिक जिम्मेदारी, मानवीय संवेदना और सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर बल दिया।

फरीदाबाद में डंपर ने बाइक सवारों को कुचला

फरीदाबाद। फरीदाबाद में दीवाली वाली रात पाली-भाखरी रोड पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि मृतकों की पहचान पाली गांव निवासी हरेंद्र भड़ाना (42) और नेहरू कॉलोनी निवासी साहिल (22) के रूप में हुई है। घायल युवक बबलू है। मौके पर पुलिस को हेलमेट नहीं मिला।
जानकारी के अनुसार, तीनों युवक उद्योग से ड्यूटी खत्म करने के बाद बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे।

भगवान विश्वकर्मा जयंती पर चीका में गूंजा प्रभु का जयघोष, विशाल भंडारे में उमड़े श्रद्धालु विश्वकर्मा सभा ने धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाई जयंती



प्रमोद भार्गव,
गुहला चीका। आज यहां विश्वकर्मा सभा चीका की ओर से भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें झंडे की रस्म अदा कर भगवान विश्वकर्मा के चरणों में शीश नवाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे कार्यक्रम में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी देखने को मिला। कार्यक्रम में वरिष्ठ मुख्यातिथि के रूप में पहुंचीं नगर पालिका चेयरपर्सन डा. रेखा रानी ने भगवान विश्वकर्मा जयंती की बधाई देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का महान शिल्पकार और निर्माण कला का जनक माना जाता है। उन्होंने अपनी अद्भुत कला और कौशल से संसार को निर्माण, तकनीक और सृजन का मार्ग दिखाया। भगवान विश्वकर्मा का जीवन हमें मेहनत, हुनर, समर्पण और कर्म के प्रति निष्ठा रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की तरक्की में कारीगरों, शिल्पकारों और मेहनतकश लोगों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। डॉ. रेखा रानी ने कहा कि धार्मिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों की ओर से किए जाने वाले ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देने का काम करते हैं।

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव भारतीय ज्ञान, संस्कृति, आध्यात्मिकता और सामाजिक समरसता का वैश्विक उत्सवः उपायुक्त

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर सिंह मलिक
कुरुक्षेत्र : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान, संस्कृति, आध्यात्मिकता और सामाजिक समरसता का वैश्विक उत्सव है। जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि इस वर्ष महोत्सव में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु और पर्यटक को यादगार अनुभव मिले तथा कुरुक्षेत्र की पहचान विश्व के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मानचित्र पर और अधिक मजबूत हो। अहम पहलू यह है कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन इस वर्ष 5 दिसंबर से 25 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा।
उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2026 में मुख्य एवं प्रमुख कार्यक्रम 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित होंगे। इस वर्ष महोत्सव में पार्टनर राज्य पश्चिम बंगाल रहेगा, जिसकी कला-संस्कृति की विशेष झलक महोत्सव में देखने को मिलेगी। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और



अधिक भव्य और विविध बनाया जाएगा। मुख्य मंच के साथ-साथ ज्योतिसर में भी सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि ज्योतिसर आने वाले श्रद्धालुओं को भी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ा जा सके।
उन्होंने कहा कि इस बार गीता जयंती महोत्सव में हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से सांग महोत्सव (सांग उत्सव) का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश के प्रसिद्ध सांगियों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समय पर तैयारी पूरी कर लें और कलाकारों के चयन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।
उन्होंने कहा कि इस वर्ष गीता जयंती महोत्सव में सांग महोत्सव का विशेष आयोजन किया जाएगा। हरियाणा की प्राचीन लोकनाट्य परंपरा सांग को विशेष मंच प्रदान करके प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक कला को प्रोत्साहित किया जाएगा। सांग कलाकारों के माध्यम से सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विषयों को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। इससे नई पीढ़ी को हरियाणा की पारंपरिक लोककलाओं से जुडने का अवसर भी मिलेगा।

सर्व कल्याण मंच की आयोजित मासिक बैठक में मंच के विस्तार व अन्य गतिविधियों को लेकर किया मंथन



प्रमोद भार्गव,
गुहला चीका। आज विश्राम गृह गुहला में सर्व कल्याण मंच की एक मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंच के विस्तार को लेकर और उसके कार्य संबंधी गतिविधियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारी और सदस्यों को पहचान पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर मंच के उपमंडल गुहला के प्रधान सागर भारद्वाज ने गुहला मंडल के विस्तार को लेकर सरदार बख्शीश सिंह को गांव मस्तगढ़ का प्रधान नियुक्त कर उसको नियुक्ति पत्र दिया। रतन चौहान को गुहला मंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। दोनों पदाधिकारीयों ने अपने कार्य को लग्न, ईमानदारी व निष्ठापूर्वक तरीके से करने की शपथ ग्रहण की। बैठक में सीवन मंडल अध्यक्ष मनीष राणा ने कहा की सर्व कल्याण मंच का विस्तार, इस की गतिविधियां और कार्य प्रणाली जारी रहेंगी, ताकि गरीब और जरूरतमंदों की सहायता की जा सके। सर्व कल्याण मंच के जिला उपाध्यक्ष ओमपाल राणा ने कहा कि मंच की कार्य प्रणाली और नेक कार्यों को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।
उनके साथ सर्व कल्याण मंच के जिला महासचिव अमरजीत सिंह, गुहला मंडल उपाध्यक्ष सरदार बली सिंह, हरदीप पूनिया मंडल सचिव, डा. विपिन जैन सचिव, जगतार सिंह भाटिया प्रेस सचिव, निर्मल सिंह राणा अगौंध मंडल सचिव, सरदार सूबेदार अवतार सिंह मंडल सचिव, ठाकुर दीवान सिंह तोमर मंडल उपाध्यक्ष, नैब सिंह हरिगढ़ मंडल सचिव, वजीर सिंह, सोनू, दिव्यांग कल्याण संघ के प्रधान भगवान सिंह, कर्मवीर सिंह, नरेश जांगड़ा हाकी कोच, ईश्वर सिंह राणा अगौंध, जरनैल सिंह, गुरुध्यान सिंह, हरचेत सिंह व बब्बू आदि मौजूद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ने 4 गऊशालाओं को करीब 51 लाख की आर्थिक सहायता के चेक किए वितरित

कार्यक्रम

- गऊओं को खिलाया चारा व गुड़, भगवान श्रीकृष्ण मंदिर में माथा टेककर लिया आशीर्वाद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज फुरलक रोड पर घरौंडा स्थित गऊशाला में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की 4 गऊशाला संचालकों को करीब 51 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए। इनमें घरौंडा गऊशाला के लिए 37 लाख 25 हजार रुपये, गगसीना गऊशाला के लिए 8 लाख 54 हजार रुपये,कालरम गऊशाला के लिए 2 लाख 75 हजार रुपये



तथा गांव नली पार गऊशाला के लिए 2 लाख 86 हजार रुपये की राशि के चेक शामिल है।

इस अवसर पर गऊशाला संचालकों ने विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। घरौंडा गऊशाला के प्रधान महेंद्र गर्ग ने गऊशालाओं के संचालन एवं गऊमाता की सेवा के लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने गऊशाला परिसर में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर में माथा टेककर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत उन्होंने गऊमाता को चारा व गुड़ खिलाकर सेवा की और उनका आशीर्वाद लिया।

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि आज हम एक ऐसे पवित्र स्थान पर एकत्रित हुए है। जहां गऊमाताओं की सेवा करने का अवसर मिलता है। गऊमाता की सेवा हमारी भारतीय संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था का अभिन्न हिस्सा है। गऊशालाएं न केवल बेसहारा और निराश्रित गऊवंश को आश्रय प्रदान कर रही हैं, बल्कि समाज में सेवा, करुणा और मानवता का संदेश भी दे रही हैं। गऊशालाओं को आर्थिक सहायता मिलने से उनके संचालन, गऊवंश के रखरखाव और चारे.पानी जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने गऊशाला प्रबंधन से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं सेवाभावी लोगों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गऊसेवा जैसे पुनीत कार्यों में अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान देना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और समाज के सामूहिक प्रयासों से गौशालाओं की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भी सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया गया है। उन्होंने कहा कि घरौंडा विधानसभा क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है और बड़े. बड़े प्रोजेक्टों पर तेजी से कार्य चल रहा है। उनका प्रयास है कि आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतरीन कार्य किए जाए।

विधानसभा अध्यक्ष ने गऊशाला संचालकों, सेवादारों और उपस्थित लोगों के साथ आत्मीयता से मुलाकात की तथा सभी को त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर होते हैं। हमें इन पर्वों को प्रेम, सद्भाव और सेवा भावना के साथ मनाना चाहिए।

लाडवा में श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाई गई भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती



टीम एक्शन इंडिया
लाडवा, 9 नवम्बर (कैलाश गोयल) भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती के पावन अवसर पर आज श्री विश्वकर्मा सभा (मंदिर), रजनी, लाडवा की ओर से भव्य धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर भगवान श्री विश्वकर्मा जी के समक्ष शीश नवाया और सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे विधिवत हवन-यज्ञ के साथ किया गया। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर विश्व शांति, परिवार की सुख-समृद्धि एवं समाज की उन्नति की कामना की। इसके पश्चात प्रातः 11:00 बजे झंडा समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान धार्मिक परंपराओं के अनुसार झंडा स्थापित कर भगवान श्री विश्वकर्मा जी का गुणगान किया गया। दोपहर 12:30 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सुनील गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास सिंघल उपस्थित रहे। सभा की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान श्री विश्वकर्मा जी के जीवन एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी सृजन, निर्माण, शिल्पकला, तकनीकी एवं कारीगरी के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें मेहनत, हुनर, ईमानदारी और अपने कर्म के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। विश्वकर्मा जयंती मेहनतकश एवं शिल्पकार समाज के लिए विशेष महत्व रखती है। यह पर्व समाज को एकता, भाईचारे और आपसी सहयोग के सूत्र में बांधने का संदेश भी देता है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में मदन पाल, केसर सिंह, रविंदर, सतपाल, अमन, इंदर बाटिया, राजन धीमान, सतिंदर देव, डिंपल, तजिंदर सिंह, सिकंदर एवं विजय सहित सभा के सदस्यों ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

सभा के प्रधान नरेंद्र धीमान ने सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक एकता को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम का आयोजन श्री विश्वकर्मा सभा (मंदिर), रजनी, नगर पालिका के सामने, लाडवा (कुरुक्षेत्र) में किया गया। पूरा आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं धार्मिक उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

मुरथल ब्लॉक समिति चेयरपर्सन आशा व प्रतिनिधि संजय कुमार ने गहलावत को दी जन्मदिन की शुभकामनाए

विकास कार्यों में विधायक कृष्णा गहलावत के मार्गदर्शन को बताया महत्वपूर्ण

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत/संजीव कौशिक मुरथल ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन श्रीमती आशा व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय कुमार ने राई की विधायक कृष्णा गहलावत को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ब्लॉक समिति के सभी सदस्यों की ओर से विधायक के स्वस्थ, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर आशा और संजय कुमार ने कहा कि विधायक कृष्णा गहलावत के कुशल मार्गदर्शन और सहयोग से मुरथल ब्लॉक में विकास कार्यों को गति मिल रही है। ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन और सभी सदस्य क्षेत्र की समस्याओं के समाधान तथा गांवों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा के प्रति



सुटथल ब्लाक समिति चेयरमैन आशा व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय कुमार बधाई देते हुए

विधायक कृष्णा गहलावत की सक्रियता और विकासपरक सोच जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणादायक है। आशा और संजय कुमार ने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में मुरथल ब्लॉक विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

तेज रफ्तार कार का कहर, ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 9 वर्षीय मासूम नव्या की मौत

टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी

सोनीपत-खरखौदा मार्ग पर ड्रेन नंबर-8 पुलिया के पास तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में 9 वर्षीय मासूम नव्या की मौत हो गई, जबकि उसके भाई नमन और पिता सम्भव जैन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक कार सहित मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार सोनीपत के रामनगर निवासी सम्भव जैन अपने बच्चों नव्या और नमन को लेकर बखेता गांव में परिचित से मिलने गए थे।

वहां से ई-रिक्शा से वापस सोनीपत लौट रहे थे। ड्रेन नंबर-8 के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा पलट गया और तीनों सड़क पर जा गिरे। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

सरपंच सुखबीर कौशिक ने विधायक कृष्णा गहलावत को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं



टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत/संजीव कौशिक

सफियाबाद गांव के सरपंच सुखबीर कौशिक ने राई की विधायक कृष्णा गहलावत को उनके जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने विधायक के स्वस्थ, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

सुखबीर कौशिक ने कहा कि विधायक कृष्णा गहलावत के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राई विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि विधायक ने गांवों में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। सड़क, गलियों, पेयजल और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि विधायक हमेशा क्षेत्र की जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए प्रयासरत रहती हैं।

इस मौके पर गौरव कौशिक भी मौजूद रहे।

न्यूज फ्लैश

सीमा सबोली व प्रदीप सबोली ने विधायक कृष्णा गहलावत को दी जन्मदिन की बधाई



टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत/संजीव कौशिक राई ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन सीमा सबोली एवं चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप सबोली ने राई की विधायक कृष्णा गहलावत से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने विधायक को पुष्पगुच्छ (बुके) भेंट किया और उनके दीघार्यु व उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के समग्र विकास पर भी चर्चा हुई। सीमा सबोली व प्रदीप सबोली ने कहा कि विधायक कृष्णा गहलावत के कुशल मार्गदर्शन में राई ब्लॉक में विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्लॉक समिति के सभी सदस्यों को साथ लेकर जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। दोनों प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होगा और ग्रामीण अंचल में बुनियादी सुविधाओं को नई मजबूती मिलेगी।

खरखौदा में दीपावली की देर रात खूनी संघर्ष, 38 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर हत्या, तीन नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी

दीपावली की रात खुशियों के बीच खरखौदा शहर के आंबेडकर पार्क में खूनी संघर्ष हो गया। इस संघर्ष में 38 वर्षीय युवक दीपक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर थाना खरखौदा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों सहित उनके अन्य साथियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान दीपक निवासी वार्ड नंबर 13, खरखौदा के रूप में हुई है। दीपक अविवाहित था और मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वह अपने मोहल्ले में मिलनसार स्वभाव के युवक के रूप में जाना जाता था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के भाई सौरभ उर्फ जितेन्द्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 नवंबर की रात करीब 11 बजे उसका भाई दीपक धोलू व हर्ष उर्फ अन्ना के साथ दीपावली के अवसर पर पटाखे चलाने के लिए आंबेडकर पार्क गया था। वहां पहले से ही पुरानी रंजिश को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई थी। शिकायत के अनुसार उसी दौरान संजय निवासी गांव चौलका हाल खरखौदा, अमित उर्फ भंडारी तथा यश उर्फ मोन्टी निवासी आंबेडकर चौक खरखौदा अपने अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने आते ही तीनों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि पहली बार हुए झगड़े के बाद मामला कुछ शांत हो गया था। इसके बाद दीपक, दोबारा पानी लेने के लिए पार्क में चला गए, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी तलाश भी की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। 9 नवंबर की सुबह करीब 6 बजे परिजनों को सूचना मिली कि दीपक का शव आंबेडकर पार्क में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन व मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। वहां दीपक खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा मिला। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। शरीर पर भी कई जगह चोटें आई हुई थीं। दृश्य देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शिकायत के अनुसार धोलू व हर्ष उर्फ अन्ना से मिली जानकारी के आधार पर आरोप लगाया गया है कि उक्त आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ दोबारा पार्क में पहुंचकर तीनों पर हमला किया था। इस दौरान धोलू व हर्ष उर्फ अन्ना अपनी जान बचाकर मौके से भाग निकले, जबकि दीपक आरोपियों के चंगुल में फंस गया।

मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ मां लक्ष्मी का पूजन, स्टाफ को भेंट किए उपहार



टीम एक्शन इंडिया
लाड़वा, 9 नवम्बर (कैलाश गोयल) मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में दीपावली के पावन अवसर पर मां लक्ष्मी का पूजन श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मां लक्ष्मी के समक्ष सुख, समृद्धि, शांति एवं विद्यालय की निरंतर उन्नति की कामना की।

पूजन कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या पूजा सक्सेना के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान सभी स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की और दीपावली की खुशियां एक-दूसरे के साथ साझा कीं।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी स्टाफ सदस्यों को दीपावली के उपहार भेंट किए गए। उपहार पाकर सभी कर्मचारियों में खुशी और उत्साह देखने को मिला। प्राचार्या पूजा सक्सेना ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली प्रकाश, सकारात्मकता, प्रेम और आपसी सौहार्द का पर्व है। ऐसे आयोजन परिवार की तरह जुड़े रहने और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देने और सुख-समृद्धि की मंगलकामना के साथ हुआ।

लाड़वा पत्रकार मंच ने धूमधाम से मनाया दीपावली मिलन समारोह

समारोह

- भाजपा नेत्री मोनिका बंसल ने की पत्रकारों की भूमिका की सराहना



टीम एक्शन इंडिया
लाड़वा 8, नवम्बर (कैलाश गोयल): लाड़वा पत्रकार मंच की ओर से दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा नेत्री एवं मंडल महामंत्री (महिला मोर्चा) मोनिका बंसल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर पत्रकार मंच के सदस्यों ने मुख्यातिथि का फूल मालाओं से स्वागत किया और दीपावली की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। पत्रकार मंच के प्रधान विजय कौशिक ने बुक्के देकर मोनिका बंसल का स्वागत किया। कौशिक ने कहा कि दीपावली पर्व हिन्दू धर्म के लिए एक विशेष महत्वपूर्ण त्योहार है। इस दिन प्रभु श्रीराम बुराई पर अच्छाई की जीत के बाद अयोध्या पहुंचे थे। उनके 14 वर्ष के वनवास के बाद घर वापिसी पर पूरे नगर में दीये जलाये गये। तभी से दीपावली के दिन दीये जलाने की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने सभी पत्रकारों को दीपावली पर्व पर बधाई दी।

उनके साथ पहुंचे उनके पति लाडवा के जाने माने उद्योगपति विपल्व बंसल पत्रकार मंच के पत्रकारों को बधाई देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की रीढ़ की हड्डी है। निष्पक्ष पत्रकारिता शासन, प्रशासन और आम जनता के बीच एक मजबूत पुल (सेतु) का काम करती है। पत्रकार सरकार की नीतियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाता है और जनता की समस्याओं व अपेक्षाओं को सरकार तक पहुंचाने का काम करता है। निष्पक्ष पत्रकारिता सरकार और प्रशासनिक संस्थाओं के कार्यों पर नजर रखती है, कमियों को उजागर करती है और सत्ता को जनता के प्रति जवाबदेह बनाती है।

उतरी हरियाणा पत्रकार एसोसिएशन के प्रधान व लाडवा पत्रकार मंच के संस्थापक विनोद खुराना अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। खुराना ने भाजपा नेत्री मोनिका बंसल व उद्योगपति विपल्व बंसल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पत्रकारों के साथ अपने अनुभव सांझा किये। जिससे पत्रकारों को बहुत कुछ सीखने को मिला।

संस्था के संरक्षक कैलाश गोयल ने सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश के प्रधानमंत्री नारी शक्ति के उत्थान के लिए रात दिन लगे हुए हैं उसी कड़ी के तहत लाडवा पत्रकार मंच ने भी महिला भाजपा नेत्री व समाजसेविका को मुख्यातिथि के रूप में बुलाया। उन्होंने कहा कि लाडवा में अभी कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी लाडवा में पत्रकारों से दीपावली मिलन समारोह में पहुंची। जिसके लिए लाडवा पत्रकार मंच उनका तहे दिल से आभार व्यक्त करता है। इस अवसर पर मोनिका बंसल ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है।

मां सरस्वती पब्लिक स्कूल, दहिसरा में धूमधाम से मनाया गया दीपावली समारोह

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत/संजीव कौशिक

दीपावली के पावन अवसर पर मां सरस्वती पब्लिक स्कूल, दहिसरा में दीपावली समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रसिद्ध समाजसेवी एवं ब्रह्म फाउंडेशन नरेला विधानसभा के अध्यक्ष दौलत राम भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय पहुंचने पर चेयरमैन, डायरेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के चेयरमैन विजय सिंह चौहान की अध्यक्षता में डायरेक्टर महाबीर चौहान के मार्गदर्शन एवं प्रधानाचार्य बृज मोहन चौहान के नेतृत्व में किया गया।



समारोह में आर.के. शर्मा, मुकेश तुषीर, चांदी शर्मा, गीता दीदी एवं वरिदत्त शास्त्री सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं मनमोहक रंगोलियों के माध्यम से दीपावली के विभिन्न संदेश प्रस्तुत किए। रंगोलियों के जरिए विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक सद्भावना का संदेश दिया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा ने उपस्थित अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दौलत राम भारद्वाज ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्शों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमें उनके जीवन से मयार्दा, सत्य, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार, अनुशासन, माता-पिता का सम्मान और गुरुजनों के प्रति आदर भी जीवन में सफलता के महत्वपूर्ण आधार हैं। आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेना चाहिए।

दौलत राम भारद्वाज ने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए सभी से पटाखों से दूरी बनाने और दीप जलाकर सुरक्षित एवं स्वच्छ दीपावली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार की खुशियां ऐसी होनी चाहिए, जिनसे किसी के स्वास्थ्य और पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। साथ ही उन्होंने जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियों का दीप जलाने तथा समाज में आपसी भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के चेयरमैन विजय सिंह चौहान, डायरेक्टर महाबीर चौहान एवं प्रधानाचार्य बृज मोहन चौहान सहित समस्त विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकगण के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि

शशिकांत चेरिटेबल द्वारा लाइब्रेरी छात्रों को दिवाली की अनुपम भेंट

टीम एक्शन इंडिया
समालखा :(संजय नरवाल)

दीपावली के पावन महापर्व के शुभ अवसर पर शशिकान्त चैरिटेबल पब्लिक लाइब्रेरी, समालखा में दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं और उनके साथ त्योहार का उल्लास साझा किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी समाज की सबसे बड़ी पूँजी और देश का स्वर्णिम भविष्य हैं।



विपरीत परिस्थितियों में भी लक्ष्य प्राप्ति के लिए लाइब्रेरी में निरंतर घंटों अध्ययन करने वाले युवाओं का समर्पण और लगन अत्यंत प्रेरणादायी है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मिठाई व शुभकामना स्वरूप उपहार भी वितरित किए गए। विद्यार्थियों ने भी एक-दूसरे को दीपावली की बधाई दी और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने माँ सरस्वती और माँ महालक्ष्मी से प्रार्थना की कि सभी प्रतिभावान युवाओं के ज्ञान, विवेक और आत्मविश्वास में निरंतर वृद्धि हो तथा वे अपने-अपने लक्ष्यों में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त कर समालखा, हरियाणा और पूरे राष्ट्र का नाम रोशन करें।

संपादकीय

विज्ञान दिवसः जहाँ ज्ञान बनता है करुणा, और आविष्कार बनता है शांति

विज्ञान केवल प्रयोगशाला की दीवारों में बंद परखनलियों का खेल नहीं है; वह मानव चेतना का वह आलोक है जो अज्ञानता के असीम अंधकार को चीरकर सत्य के प्रकाश की ओर ले जाता है। विज्ञान प्रश्न पूछने का साहस है, सत्य को परखने की विनम्रता है, और ज्ञान को मानवता के कल्याण में ढालने की अनवरत साधना है। प्रत्येक वर्ष 10 नवंबर को मनाया जाने वाला शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस हमें इसी मूल सत्य का स्मरण कराता है कि विज्ञान का परम लक्ष्य न तो किसी राष्ट्र का भूमंडलीय वर्चस्व है, और न ही प्रकृति या मानवता का विनाश। विज्ञान का एकमात्र और अंतिम साध्य है– मानवीय जीवन की गरिमा की रक्षा, सतत प्रगति और पृथ्वी पर चिरस्थायी शांति की स्थापना। आज जब संपूर्ण विश्व अनगिनत जटिल चुनौतियों के मुहाने पर खड़ा है, तब विज्ञान और नैतिकता के इस संतुलन को समझना सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

विज्ञान और समाज का संबंध किसी बाहरी या कृत्रिम पुल का मोहताज नहीं, बल्कि यह एक ऐसा आंतरिक सेतु है जिसके बिना किसी भी राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। जब विज्ञान समाज की धड़कनों से कट जाता है, तो वह मात्र एक सूखी तकनीक बनकर रह जाता है; और जब वही विज्ञान जन-जीवन की समस्याओं से जुड़ जाता है, तो वह एक वरदान और संजीवनी बन जाता है। आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, खाद्य सुरक्षा, वैश्विक महामारियाँ और जल संकट जैसी विकट समस्याएँ किसी एक सीमा या देश की बपौती नहीं हैं, बल्कि ये संपूर्ण मानवता की साझी चुनौतियाँ हैं। इनका समाधान केवल और केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण, गंभीर अनुसंधान और मानवीय संवेदनाओं से उपजे नवाचारों के माध्यम से ही संभव है। जब विज्ञान जमीनी आवश्यकताओं से जुड़ता है, तो शासन की नीतियाँ साक्ष्य-आधारित बनती हैं, और विकास केवल सरकारी आँकड़ों की फाइलों में सिमटकर नहीं रहता, बल्कि हर आम आदमी के जीवन स्तर में प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देता है।

इस दिवस की सार्थकता इसी बात में निहित है कि इसके नाम में शांति और ह्यविकास दोनों शब्द एक साथ गूँजते हैं। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब विज्ञान मानवता के विरुद्ध स्वार्थ या विनाश के हाथों का खिलौना बना, तब-तब उसने सभ्यता को गहरे और कभी न भरने वाले घाव दिए।

परंतु जब वही विज्ञान करुणा, सहिष्णुता और लोक-कल्याण के हाथों में आया, तब उसने चिकित्सा के क्षेत्र में जीवनदायी टीके दिए, रात्रि के अंधकार को मिटाकर प्रकाश फैलाया, बंजर धरती पर अन्न उपजाया और दूर-दूर बैठे इंसानों को संवाद के एक सूत्र में पिरो दिया। एक सच्चा वैज्ञानिक और प्रबुद्ध अन्वेषक वही है जो यह गहराई से जानता है कि ज्ञान एक बहुत बड़ी शक्ति है, किंतु करुणा और विवेक के बिना वह शक्ति किसी भी क्षण महाविनाश में बदल सकती है।

भाई दूज: डिजिटल युग में संवेदना को बचाए रखने की जरूरत



डॉ. सत्यवान सौरभ

> भाई दूज हमें हर वर्ष यह याद दिलाती है कि रिश्ते केवल खून के संबंध से नहीं, बल्कि व्यवहार, विश्वास और निरंतर संवेदनशीलता से मजबूत होते हैं। आधुनिक जीवन की व्यस्तता ने हमें भावनाओं को भी समय-सारिणी में बांधने के लिए विवश कर दिया है। कभी-कभी ऐसा लगता है कि रिश्ते भी कैलेंडर में दर्ज कुछ विशेष अवसरों के मेहमान बनकर रह गए हैं। आज की बहनें अपने भाइयों से केवल उपहार या आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि भावनात्मक साझेदारी की अपेक्षा रखती हैं। वे चाहती हैं कि भाई उनकी भावनाओं को समझे, उनके विचारों का सम्मान करें और जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों में उनका साथ दे

भाई दूज केवल तिलक और मिठाई का त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास और आत्मीयता की वह डोर है, जो समय की तेज रफ्तार के बीच भी स्नेह का रंग बनाए रखती है। बदलते दौर में जब मुलाकातें वीडियो कॉल तक सिमटती जा रही हैं और तिलक डिजिटल इमोजी का रूप ले रहा है, तब यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या रिश्तों की गर्माहट अब भी पहले जैसी बनी हुई है? भाई दूज हमें याद दिलाती है कि प्रेम केवल परंपरा नहीं, बल्कि आत्मीयता और संवेदनाओं को जीवित रखने का निरंतर अभ्यास है। यह पर्व हमें अपने व्यस्त जीवन में अपनों के लिए समय निकालने और रिश्तों में अपनापन लौटाने का अवसर देता है। दीपावली के बाद जब उत्सव का उल्लास धीरे-धीरे शांत होने लगता है, तब भाई दूज की सुबह घरों में प्रेम और मिठास का संदेश लेकर आती है। बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाती हैं, आरती उतारती हैं और उनके सुखी एवं स्वस्थ जीवन की कामना करती हैं। भाई भी बहन को उपहार देकर जीवनभर उसके साथ खड़े रहने का विश्वास दिलाता है। यह परंपरा देखने में जितनी सरल है, भावनात्मक रूप से उतनी ही गहरी है। तिलक केवल माथे पर लगाया जाने वाला चिह्न नहीं, बल्कि रिश्तों में विश्वास, सम्मान, सुरक्षा और प्रेम का प्रतीक है।

लेकिन आज जब समय बदल रहा है और रिश्तों की परिभाषाएं भी नए रूप ले रही हैं, तब यह विचार करना जरूरी है कि क्या भाई-बहन के रिश्ते में पहले जैसी सहजता और आत्मीयता बची हुई है? क्या यह रिश्ता अब भी उतना ही भावनात्मक और विश्वासपूर्ण है, जैसा कभी गाँव की मिट्टी, घर के आँगन और बचपन की स्मृतियों में हुआ करता था? एक समय था जब भाई दूज केवल त्योहार नहीं, बल्कि परिवार के मिलन और खुशियों का अवसर हुआ करती थी। बहनें सुबह से तैयार होकर भाइयों की प्रतीक्षा करती थीं। घरों में पकवानों की खुशबू फैल जाती थी। भाई दूर-दराज से बहन के घर पहुंचते थे, क्योंकि इस दिन का विशेष महत्व मिलने-जुलने और साथ समय बिताने में था। न दिखावे की चिंता होती थी और न ही उपहारों की प्रतिस्पर्धा। रिश्तों में सच्चा प्रेम, विश्वास और भावनाओं का सहज प्रवाह होता था। आज भी भाई दूज पूरे उत्साह से मनाई जाती है, लेकिन कहीं-कहीं इसकी आत्मीयता औपचारिकताओं के बीच धुंधली पड़ती दिखाई देती है। तिलक की जगह कई बार व्हाट्स ऐप पर भेजे गए इमोजी और शुभकामना संदेश ले लेते हैं। सोशल मीडिया पर भाई दूज की बधाइयां तो खूब दिखाई देती हैं, लेकिन उनके पीछे वह आत्मीयता और भावनात्मक जुड़ाव हमेशा दिखाई नहीं देता, जो बहन की आंखों में भाई को सामने देखकर झलकता था।



यह बदलाव केवल तकनीक का नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली और संवेदनाओं का भी है। तकनीक ने हमें भौगोलिक दूरियों के बावजूद जोड़ने का अवसर दिया है, लेकिन कई बार हम रिश्तों को दिल से निभाने के बजाय मोबाइल और डिजिटल माध्यमों तक सीमित कर देते हैं। भाई दूज जैसे पर्व, जो निकटता, स्नेह और संवाद के प्रतीक हैं, कहीं-कहीं सोशल मीडिया के स्टेटस और औपचारिक संदेशों तक सिमटते जा रहे हैं। आधुनिक जीवन की भागदौड़, व्यावसायिक दबाव और बढ़ती आत्मकेंद्रित प्रवृत्ति ने हमारे पारिवारिक संबंधों को भी प्रभावित किया है।

भाई दूज का पर्व केवल बहन की पूजा या भाई द्वारा सुरक्षा का वचन देने तक सीमित नहीं है। यह भाई-बहन के बीच भावनात्मक संतुलन, सहयोग और पारस्परिक सम्मान का प्रतीक भी है। बदलते समय में इस रिश्ते को केवल संरक्षण और निर्भरता के पुराने दायरे में देखना उचित नहीं होगा। आज बहनें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं और अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेने में सक्षम हैं। यह बदलाव सकारात्मक है। अब बहन को केवल सुरक्षा की आवश्यकता रखने वाली व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि समान अधिकारों और आत्मसम्मान वाली स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में स्वीकार करना चाहिए। हालांकि आत्मनिर्भरता और समानता के इस दौर में भी भाई-बहन के रिश्ते की गर्माहट बनाए रखना उतना ही जरूरी है। रिश्तों का महत्व किसी की निर्भरता में नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति सम्मान, विश्वास और भावनात्मक सहयोग में होता है।

शहरीकरण, रोजगार की तलाश में पलायन और व्यस्त जीवनशैली ने परिवारों के बीच भौतिक दूरियां बढ़ा दी हैं। पहले भाई अपनी बहन के घर जाकर पूरा दिन उसके परिवार के साथ बिताता था। आज कई बार मुलाकात कुछ मिनटों तक सीमित रह जाती है या फिर वीडियो कॉल से ही त्योहार की औपचारिकता पूरी कर ली जाती है। निश्चित रूप से तकनीक दूर रहने वाले भाई-बहनों के लिए एक उपयोगी माध्यम है, लेकिन जब संभव हो, तब व्यक्तिगत मुलाकात और साथ बिताया गया समय रिश्तों को विशेष मजबूती प्रदान करता है। त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य ही रिश्तों को फिर से जीवंत करना और दूरियों को कम करना है। भाई दूज हमें हर वर्ष यह याद दिलाती है कि रिश्ते केवल खून के संबंध से नहीं, बल्कि व्यवहार, विश्वास और निरंतर संवेदनशीलता से मजबूत होते हैं। आधुनिक जीवन की व्यस्तता ने हमें भावनाओं को भी समय-सारिणी में बांधने के लिए विवश कर दिया है। कभी-कभी ऐसा लगता है कि रिश्ते भी कैलेंडर में दर्ज कुछ विशेष अवसरों के मेहमान बनकर रह गए हैं। आज की बहनें अपने भाइयों से केवल उपहार या आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि भावनात्मक साझेदारी की अपेक्षा रखती हैं। वे चाहती हैं कि भाई उनकी भावनाओं को समझे, उनके विचारों का सम्मान करें और जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों में उनका साथ दे। इसी प्रकार भाइयों को भी बहनों से स्नेह, सहयोग और संवेदनशीलता की अपेक्षा होती है। यही रिश्ते का आधुनिक स्वरूप है, जिसमें समानता, स्वतंत्रता और आत्मीयता का सुंदर संतुलन दिखाई देता है। भाई दूज को अब केवल बहन की सुरक्षा के प्रतीक के रूप में नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, समान अधिकार और संवाद के पर्व के रूप में भी समझने की आवश्यकता है। भाई-बहन का रिश्ता बचपन तक सीमित नहीं होता, बल्कि जीवनभर साथ चलने वाला भावनात्मक संबंध है। जीवन के रास्ते भले ही अलग-अलग हों, लेकिन दिलों के रास्ते जुड़े रहने चाहिए।आज का समाज कई बार रिश्तों को भी उपयोगिता, व्यावसायिकता और व्यक्तिगत लाभ की कसौटी पर परखने लगा है। ऐसे समय में भाई दूज हमें यह संदेश देती है कि प्रेम का कोई विकल्प नहीं हो सकता। तकनीक संवाद के साधन उपलब्ध करा सकती है, लेकिन आत्मीयता के लिए संवेदनशील व्यवहार, समय, विश्वास और अपनापन आवश्यक हैं।

इसका अर्थ यह नहीं है कि हमें आधुनिक तकनीक या बदलती जीवनशैली का विरोध करना चाहिए। समय के साथ त्योहारों के स्वरूप में बदलाव स्वाभाविक है। आवश्यकता केवल इतनी है कि इस बदलाव के बीच भावनाओं का मूल आधार सुरक्षित रहे। भाई दूज को नया अर्थ देते हुए भाई और बहन दोनों को एक-दूसरे की स्वतंत्रता, संघर्षों, आकांक्षाओं और निर्णयों का सम्मान करना चाहिए। आज की बहनें अपने भाइयों से केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि समानता और सम्मान चाहती हैं। वहीं भाइयों को भी यह समझना चाहिए कि बहन की स्वतंत्रता उसकी शक्ति है, कोई विद्रोह नहीं।

नई दिल्ली कार्यालय
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

उत्तरी दिल्ली कार्यालय
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

चंडीगढ़ कार्यालय
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

पंजाब कार्यालय
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

करनाल कार्यालय
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

सोनीपत कार्यालय
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

शिमला कार्यालय
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

ऊना कार्यालय
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

देहरादून कार्यालय
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

पद पाने के लिए समाजसेवा का बढ़ता ड्रामा

डॉ. सत्यवान सौरभ

समाजसेवा कभी निस्वार्थ भाव से समाज के दुख-दर्द बांटने, जरूरतमंदों की मदद करने और सामाजिक बदलाव लाने का माध्यम हुआ करती थी। लेकिन बदलते दौर में समाजसेवा की परिभाषा भी कहीं-कहीं बदलती दिखाई दे रही है। अब सेवा से ज्यादा उसका प्रचार, जरूरतमंदों की मदद से ज्यादा कैमरों की मौजूदगी और सामाजिक जिम्मेदारी से ज्यादा पद-प्रतिष्ठा हासिल करने की लालसा नजर आने लगी है। सवाल यह है कि क्या समाजसेवा वास्तव में समाज के लिए हो रही है या समाजसेवा के नाम पर अपने राजनीतिक और व्यक्तिगत हित साधने का नया रास्ता तैयार किया जा रहा है?

आजकल सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में एक नया चलन तेजी से देखने को मिल रहा है। जैसे ही किसी संस्था, संगठन, पंचायत, राजनीतिक दल या सामाजिक मंच पर कोई पद खाली होने की चर्चा शुरू होती है, वैसे ही कुछ लोगों की समाजसेवा अचानक तेज हो जाती है। जो लोग लंबे समय तक समाज की समस्याओं, गरीबों की परेशानियों और जरूरतमंदों की मजबूरियों से अनजान बने रहते हैं, वे अचानक सेवा के बड़े-बड़े दावे करने लगते हैं। कहीं कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित होता है, कहीं राशन बांटने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की जाती हैं, तो कहीं किसी जरूरतमंद परिवार की सहायता करते हुए दर्जनों फोटो खिंचवाए जाते हैं। यहां सवाल किसी के सेवा कार्य पर उंगली उठाने का नहीं, बल्कि सेवा के पीछे छिपी नीयत और उद्देश्य को समझने का है। यदि कोई व्यक्ति वास्तव में जरूरतमंदों की सहायता कर रहा है तो उसका स्वागत होना चाहिए। लेकिन जब सेवा का मुख्य उद्देश्य किसी पद को हासिल करना, अपनी छवि चमकाना या भविष्य में राजनीतिक लाभ उठाना बन जाए, तब उस प्रवृत्ति पर सवाल उठना स्वाभाविक है। समाजसेवा और दिखावे के बीच एक बहुत बारीक लेकिन महत्वपूर्ण अंतर होता है। सच्चा समाजसेवी बिना किसी प्रचार के भी लोगों के दुख-दर्द में शामिल होता है। उसे न तो हर सहायता के बाद फोटो की जरूरत होती है और न ही हर अच्छे काम के बदले सम्मान-पत्र या पद की अपेक्षा। इसके विपरीत, दिखावे की सेवा में अक्सर काम से ज्यादा प्रचार पर ध्यान दिया जाता है। जरूरतमंद व्यक्ति की परेशानी से अधिक महत्वपूर्ण यह हो जाता है कि कार्यक्रम में कितने लोग आए, कितनी तस्वीरें खिंचीं और सोशल मीडिया पर कितनी प्रतिक्रियाएं मिलीं। आज सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा दिया है। सेवा कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुंचाना गलत नहीं है। कई बार प्रचार से दूसरे लोग भी प्रेरित होते हैं और सामाजिक कार्यों के लिए सहयोग मिलता है। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब किसी जरूरतमंद की मजबूरी को प्रचार का साधन बना दिया जाता है।

विचार

दीपावली का उजाला धुएं में न बदले, उत्सव और पर्यावरण के बीच संतुलन जरूरी!

दीपावली प्रकाश, उल्लास और समृद्धि का पर्व है। घर-घर दीप जलाकर अंधकार पर प्रकाश की विजय का संदेश दिया जाता है। लेकिन यदि यही उत्सव सांस लेना मुश्किल कर दे तो हमें अपनी उत्सव मनाने की शैली पर गंभीरता से विचार करना होगा। इस वर्ष दिल्ली में दीपावली के दिन औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) 376 दर्ज हुआ, जो 2021 के बाद दीपावली का सबसे ऊंचा स्तर है। 2021 में यह आंकड़ा 382 था। दीपावली के अगले दिन सोमवार सुबह 10 बजे भी अदक371 रहा और कई निगरानी केंद्रों पर वायु गुणवत्ता ह्यगंभीरह्ल श्रेणी में पहुंच गई। दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी क्षेत्र में अदक 439 तक दर्ज किया गया।

यह समस्या केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है। दीपावली के दौरान देश के अनेक शहरों में पटाखों के धुएं, वाहनों के उत्सर्जन, निर्माण कार्यों की धूल और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों ने हवा को जहरीला बनाने में योगदान दिया। दिल्ली-एनसीआर में स्थिति इसलिए भी बिगड़ी क्योंकि नवंबर की ठंडी हवा और कम गति वाले वातावरण में प्रदूषक आसानी से बिखर नहीं पाए। विशेषज्ञों के अनुसार पटाखों से निकलने वाले सूक्ष्म कण, विशेषकर ढट2.5, हवा में घुलकर लंबे समय तक बने रह सकते हैं। दीपावली की रात पटाखों से अचानक बढ़ने वाला धुआं पहले से मौजूद प्रदूषण के ऊपर अतिरिक्त बोझ डाल देता है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस प्रदूषण का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और सांस या हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों पर पड़ता है। आंखों में जलन, गले में खराश, खांसी, सांस लेने में परेशानी और सिरदर्द जैसी शिकायतें पटाखों के धुएं के बीच आम हो जाती हैं। इसे उस व्यक्ति के उदाहरण से समझा जा सकता है जो स्वयं धूम्रपान करता है और उसके आसपास खड़े लोग भी धुएं का नुकसान झेलते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि पटाखों का धुआं कोई एक व्यक्ति नहीं, पूरा मोहल्ला और कई बार पूरा शहर सांस के साथ भीतर लेता है। इसलिए मैं तो कुछ ही पटाखे जला रहा हूं वाली सोच भी समस्या का हिस्सा है। हर व्यक्ति का छोटा योगदान सामूहिक रूप से बड़े प्रदूषण में बदल जाता है। यह भी समझना जरूरी है कि केवल पटाखों को दोष देकर समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। दिल्ली की हवा में वाहनों का धुआं, सड़क और निर्माण की धूल, औद्योगिक उत्सर्जन तथा पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने से आने वाला धुआं भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए समाधान भी बहुआयामी होना चाहिए। सरकार को पटाखों के समय और प्रकार को लेकर स्पष्ट नियमों का कड़ाई से पालन कराना होगा, अवैध पटाखों की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करनी होगी और प्रदूषण फैलाने वाले अन्य स्रोतों पर भी समान कठोरता दिखानी होगी। साथ ही, केवल प्रशासनिक आदेश पर्याप्त नहीं होंगे। धार्मिक संस्थाओं, मंदिर समितियों, सामाजिक संगठनों, स्कूलों, स्वयंसेवी संस्थाओं और स्थानीय नागरिक समूहों को अभियान का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। धार्मिक संतों और सामाजिक नेतृत्व के माध्यम से यह संदेश दिया जा सकता है कि दीपावली की आत्मा प्रकाश और सद्भाव है, धुआं फैलाना नहीं।

समाज को भी उत्सव की परिभाषा बदलनी होगी। मिट्टी के दीपक, सामूहिक दीपोत्सव, जरूरतमंद परिवारों की सहायता, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण-अनुकूल सजावट को दीपावली की नई परंपराओं का हिस्सा बनाया जा सकता है। बच्चों को भी यह समझाना होगा कि आनंद का मतलब अधिक पटाखे जलाना नहीं है। सरकार को वर्षभर जनजागरूकता अभियान चलाकर अगले दीपावली पर्व की तैयारी पहले से करनी चाहिए, ताकि अंतिम समय में प्रतिबंध लगाने के बजाय समाज स्वयं जिम्मेदार व्यवहार अपनाए। ह्यग्रीन पटाखेह्ल भी प्रदूषण-मुक्त नहीं होते, इसलिए उन्हें भी पूर्ण समाधान मानना उचित नहीं है।

दीपावली का दीपक हमें अंधकार मिटाने का संदेश देता है। इसलिए यह विडंबना नहीं होनी चाहिए कि अंधकार मिटाने के पर्व पर हम हवा को ही धुएं से भर दें। उत्सव मनाना हमारा अधिकार है, लेकिन किसी दूसरे की सांस की कीमत पर नहीं। अब समय आ गया है कि सरकार, समाज, धार्मिक संस्थाएं और नागरिक मिलकर ऐसी दीपावली की परंपरा विकसित करें, जिसमें घर रोशन हों, दिल खुश हों और हवा भी सांस लेने लायक बनी रहे। दीपावली का उजाला तभी सार्थक है, जब उसकी रोशनी जीवन बढ़ाए, जीवन घटाए नहीं!

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः CHHIN/25/A2182

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़-160030 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, प्लॉट-1 अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़-160030 से मुद्रित

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)

ई-मेल : actionindiachandigarh@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

आलेख

प्रदूषण से डल हो चुके चेहरे पर निखार लाने के टिप्स

शहनाज हुसैन

देश के अधिकतर शहरों के आसमान में धुएं ,धूल ,एसिड से भरी जहरीली हबा की परत बार बार खतरनाक स्तर को पर कर रही है तथा अनेक शहरों की हवा साँस लेने लायक नहीं रह गई है / प्रदूषण के खतरनाक स्तर पार कर जाने से अनेक शहरों में स्मोग की घनी चादर छाई छाई हुई है जिससे देखने में भी परेशानी का सामना करना पर रहा है / बायु में प्रदूषण आगामी दिनों में बद से बदतर हो सकता है /हालाँकि बायु प्रदूषण से सेहत को होने बाले नुकसान के बारे में ज्यादातर लोग जागरूक हैं लेकिन बायु प्रदूषण से बालों, त्वचा ,चेहरे की सुन्दरता पर पड़ने बाले खतरनाक प्रभाव से कम ही लोग बाकिफ हैं / वायु में बढ़ते प्रदूषण से न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है लेकिन उससे आपकी खूबसूरती पर भी ग्रहण लगता है शहरो में बढ़ते बायु प्रदूषण से आपको फेफड़ों के रोगों के अलाबा समय से पहले बुढ़ापा ,पिगमेंटेशन ,त्वचा के छिद्रों में ब्लॉकिज आदि अनेक सौन्दर्य समस्यायें खड़ी हो जाती हैं / ज्यादातर भारतीय शहरों में बाहनों , एयर कण्डीशन ,धुल , धुएं आदि से आसमान में बनने बाली जहरीली धुंद की चादर से माइक्रोस्कोपिक केमिकल्स की एक परत बन जाती है जिसके कण हमारे छिद्रों के मुकाबले 20 गुणा ज्यादा पतले होते है जिसकी बजह से बह हमारी बार्ह्री त्वचा से हमारे छिद्रों में प्रवेश कर के त्वचा की नमी को खतम कर देते हैं जिससे त्वचा में लालिमा , सूजन ,काले दाग ,त्वचा में लचीलेपन में कमी, आ जाती हैं जिससे त्वचा निर्जीव , शुष्क , कमजोर एवं बुझी बुझी सी हो जाती है /

वायु में विद्यमान रसायनिक प्रदूषण त्वचा तथा खोपड़ी के सामान्य सन्तुलन को बिगाड़ देते है जिससे त्वचा में रूखापन, संवेदनहीनता लाल चकत्ते, मुहांसे तथा खुजली एवं अन्य प्रकार की एलर्जी एवं बालों में रूसी आदि की समस्यायें उभर सकती है। लेकिन अगर आप शहरों में रहते हैं तो आप प्रदूषण से कभी छुटकारा नहीं पा सकते लेकिन अच्छी खबर यह है की आप प्रदूषण से सौन्दर्य को होने बाले नुकसान को काम कर सकते हैं।

सरकारी इमारत

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

सरकारी इमारतों की अपनी एक खास गंध होती है। इसमें पुरानी फाइलों की धूल, सीलन और बाहर बैठे लोगों की उम्मीदों का सड़ना एक साथ घुला होता है। राष्ट्रीय फिल्म धरोहर मिशन के चमचमाते वातानुकूलित दफ़्तर में हरिहर बाबू रोज आते थे। एक हाथ में लाठी और दूसरे में जंग लगा, फीते से बँधा रील का एक खाली डिब्बा। वहाँ तैनात बाबू और डिजिटलीकरण विशेषज्ञ उन्हें कोई बेकार पुर्जा समझते थे। जब भी बड़ा बाबू फाइलों का पुलिंदा लेकर निकलता, हरिहर बाबू अपनी लाठी के सहारे सीधे होकर पूछते, "बाबू जी, क्या उस लोक संगीत अभिलेख और मानदेय वाले कागज पर साहब के दस्तखत हुए?" बाबू चिढ़कर फाइल पटकता और चिल्लाता, "अरे बाबा, जब तक क्लाउड सर्वर पर तुम्हारे रिकॉर्ड का डिजिटल मेटाडेटा अपलोड नहीं होगा, फूटी कौड़ी नहीं मिलेगी।" हरिहर बाबू बिना कुछ कहे वापस जाकर चबूतरे पर बैठ जाते। वे उस सफेद फीते को डिब्बे पर कसने की निरर्थक कोशिश करने लगते, जो उनकी पुरानी गाँठों से बार-बार फिसल जाता। कस्बे के लोग सोचते कि बुजुर्ग अपने किसी पुराने भत्ते के लिए भटक रहे हैं। मगर कोई नहीं जानता था कि उस खाली डिब्बे में विरासत दिवस के इस भव्य ढोंग का सबसे भयानक और दर्दनाक सच बंद था।

फिर वह दिन आया जब विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय संगोष्ठी रखी गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रमुख सलाहकार महोदय नए डिजिटल स्टूडियो का लोकार्पण करने पहुँचे। गाड़ी का सायरन बजते ही सरकारी अफसरों के पेट का पानी हिल गया। आनन-फानन में लाल कालीन बिछाए गए और नए फ्लेक्स बोर्ड टाँग दिए गए ताकि व्यवस्था का सड़ता हुआ ढाँचा ढका रहे। मंच पर दीप प्रज्वलित हुआ। अतीत की सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने के सरकारी संकल्पों पर लंबा, लच्छेदार भाषण दिया गया। तालियों की गूँज जब शांत हुई, तो सलाहकार महोदय पत्रकारों की फौज के साथ बाहर निकले।

न्यूज फ्लैश

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया दीपावली का पावन पर्व



सोनीपत, 09 नवंबर। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में दीपावली का पावन पर्व बड़े ही उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में समूह गान, समूह नृत्य सहित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन एवं प्राचार्या गीता चोपड़ा ने मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर पारंपरिक पूजन-वंदन के साथ किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के स्वरूप में सजकर भारतीय संस्कृति एवं रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे नन्हे विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां समारोह का विशेष आकर्षण रही।
इस अवसर पर चेयरमैन सुधीर जैन ने विद्यार्थियों को दीपावली के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत करवाते हुए कहा कि दीपावली का पर्व मुख्य रूप से भगवान श्रीराम के 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है। उनके अयोध्या आगमन पर नगर वासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से यह पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने मिट्टी के दीपकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाने की हमारी प्राचीन परंपरा का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। मिट्टी के दीपक प्रकृति के अनुकूल होने के साथ-साथ हमारी समृद्ध विरासत और संस्कृति की पहचान भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को त्योहारों को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक रहने का संदेश दिया। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान रंगोली मेकिंग, कार्ड एवं पोस्टर मेकिंग तथा दीप सज्जा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समारोह में सायेशा, भूमिका, भव्या, सौगत, आराध्या, हिमांशु, रिद्धि, वैष्णवी, मिस्टी, ध्रुव सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने समूह गान एवं समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने भगवान श्रीराम से संबंधित रामायण की चौपाइयों का सस्वर वाचन कर उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के आदर्शों, मयार्दा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश भी दिया।

गीता के संदेशों को जीवन में उतारना ही सच्ची आध्यात्मिक साधना : स्वामी ज्ञानानंद महाराज

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। शुभ दीपावली के पावन अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सेक्टर-9 स्थित श्री कृष्ण कृपा धाम में गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित गीता पाठ, ध्यान एवं सत्संग कार्यक्रम में श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में गीता के शाश्वत संदेशों का स्मरण किया गया तथा श्रद्धालुओं ने ध्यान एवं सत्संग के माध्यम से आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया।

स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने अपने आशीर्वचनों में श्रीमद्भगवद्गीता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता का ज्ञान मनुष्य को जीवन की प्रत्येक परिस्थिति में सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कारों की प्रतिस्पर्धा में शामिल होना गौरवपूर्ण उपलब्धि

स्वच्छ सर्वेक्षण

- मनोहर लाल के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के सहयोग के प्रति व्यक्त किया विशेष आभार



टीम एक्शन इंडिया
करनाल

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अवाड्र्स की प्रक्रिया एवं प्रतिस्पर्धा में करनाल का नाम शामिल होना शहर के लिए उत्साह और गौरव का विषय है। इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए करनाल की महापौर एवं अखिल भारतीय महापौर परिषद की अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता ने समस्त करनालवासियों को हार्दिक बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता से जुड़ी इस प्रतिष्ठित प्रतिस्पर्धा में करनाल की भागीदारी शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, निरंतर प्रयासों और बेहतर शहरी व्यवस्था की दिशा में किए जा रहे सामूहिक कार्यों को दशार्ती है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि करनाल के विकास को नई दिशा देने और शहर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में उनका मार्गदर्शन, दूरदर्शी सोच और सहयोग सदैव महत्वपूर्ण रहा है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के सकारात्मक सहयोग एवं विकासोन्मुखी नीतियों से शहरों को आगे बढ? के नए अवसर मिल रहे हैं। ऐसे में करनाल की इस अनवरत विकास यात्रा में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

उन्होंने कहा कि अपने महापौर कार्यकाल के दौरान करनाल को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित और आधुनिक शहर बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की गईं। स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने, कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण, हरित क्षेत्र विकसित करने, सडकों एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा नागरिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

उनके नेतृत्व में नगर निगम ने शहरी विकास को गति देने के साथ नागरिक सुविधाओं में सुधार और शहर की समग्र तस्वीर बदलने की दिशा में योजनाबद्ध प्रयास किए। इन प्रयासों का उद्देश्य करनाल को विकास और स्वच्छता के मामले में अग्रणी शहरों की श्रेणी में स्थापित करना रहा है। वहीं भविष्य के विजन का उल्लेख करते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि करनाल को केवल स्वच्छता के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि आधुनिक शहरी सुविधाओं, बेहतर यातायात व्यवस्था, वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन, जल निकासी, हरित क्षेत्रों, डिजिटल नागरिक सेवाओं और पर्यावरण संरक्षण के मामले में भी नई ऊंचाइयों तक ले जाना होगा।

मार्केट कमेटी सोनीपत के पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने राई विधायक कृष्णा गहलावत को दी जन्मदिन की बधाई



टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत/ संजीव कौशिक :

मार्केट कमेटी सोनीपत के पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने राई विधानसभा क्षेत्र से विधायक कृष्णा गहलावत के जन्मदिन के अवसर पर उनसे शिष्टाचार भेंट की और उन्हें पुष्पगुच्छ (बुके) भेंट कर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।
इस दौरान कुलदीप नांगल ने विधायक कृष्णा गहलावत की दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
उन्होंने कहा कि कृष्णा गहलावत लगातार क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहती हैं तथा जनता के हितों के लिए उनका समर्पण प्रेरणादायक है। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों और विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। इस अवसर पर कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति और समर्थक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने भी विधायक को जन्मदिन की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।
विधायक कृष्णा गहलावत ने सभी के स्नेह, सम्मान और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

मारपीट कर युवक की हत्या करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। थाना सिविल लाइन प्रबंधक निरीक्षक विक्रांत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की डंडे से पीटकर हत्या करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोहित उर्फ डोन पुत्र सुरेश निवासी गांव बस्सी कुरजाना, थाना चिडि?ा बाजारपुर, जिला बेगूसराय (बिहार), हाल किरायेदार गली नंबर-2, भगत सिंह कॉलोनी, करनाल के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी को आज मुगल कैनाल क्षेत्र से काबू किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने खाटू श्याम आश्रम कार्यक्रम में की शिरकत

कामना

- उन्होंने सराहना करते हुए सभी के सुख, स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने घरौंडा में रेलवे लाइन के नजदीक स्थित खाटू श्याम आश्रम में पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम में आयोजित हवन-यज्ञ में विधिवत रूप से आहुति डालकर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

विधानसभा अध्यक्ष ने आश्रम में विराजमान महाराज राधा रमन जी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में कुछ समय व्यतीत किया और आश्रम से जुड़ी गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली।

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हवन-यज्ञ और धार्मिक आयोजन हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराओं के महत्वपूर्ण अंग हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सद्भाव, भाईचारे और सेवा भावना को बढ़ावा मिलता है। धार्मिक स्थल हमें संस्कारों, नैतिक मूल्यों और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने आश्रम प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था की सराहना करते हुए सभी के सुख, स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस मौके पर हरविंद्र कल्याण ने आसपास के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि जल्द ही समाधान हो जाएगा।

पिपली में 12 से बहेगी शिव कथा की अमृत रसधार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर सिंह मलिक

कुरुक्षेत्र : धर्मनगरी में आयोजित होने जा रही श्री शिव महापुराण कथा क्षेत्र में सुख, समृद्धि और आध्यात्मिक चेतना का संचार करेगी। यह बात कार्यक्रम के आयोजक पंच कैलाशी प्रदीप कुमार सैनी ने आयोजन की तैयारियों की जानकारी देते हुए कही। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सपरिवार इस अनुष्ठान में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया।डवा रोड, पिपली स्थित श्री कैलाश धाम शिव दुर्गा मंदिर में यह 7 दिवसीय पावन अनुष्ठान 12 से 19 नवंबर तक श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न होगा। आयोजन का दायित्व श्री शिव दुर्गा मंदिर कमेटी एवं महिला मंडल द्वारा संभाला जा रहा है। कथा का शुभारंभ 12 नवंबर को सुबह 10:00 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ होगा। इसके बाद प्रतिदिन दोपहर 3:00 से सायं 7:00 बजे तक श्रद्धालु कथा का श्रवण कर सकेंगे। कथा का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी करेंगी। अनुष्ठान में वृंदावन धाम से पधारे परम श्रद्धेय ब्रह्म शंकर पराशर जी महाराज अपने मुखारविंद से भगवान शिव की लीलाओं और अध्यात्म की अमृत वर्षा करेंगे।

12 को जगाधरी आएंगे करण चौटाला व भूपेंद्र सिंह राठी: कुलविंदर संधू

टीम एक्शन इंडिया
यमुनानगर,(संदीप वशिष्ठ)

आज हर प्रदेशवासी सरकार की गलत नीतियों से दुखी है। सरकार द्वारा और कठिन नियम बनाकर आम जनता को कतर में लगने के लिए मजबूर किया है। कभी प्रॉपर्टी आईडी कभी फैमिली आईडी इंतकाल वेरीफिकेशन में गड़बड़ी कर सरकार ने जहां एक तरफ आमजन की परेशानियां बढाई हैं वहीं दूसरी तरफ अफसरशाही को बेलगाम किया है। जिससे छोटे से छोटे सरल काम भी करवाने के लिए आम लोगों को अधिकारियों एवं दलालों की जेब गर्म करनी पड़ती हैं। आज शायद ही कोई ऐसा विभाग या फिर ऐसा कोई वर्ग हो जो सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन न कर रहा हो। व्यापारी कर्मचारी किसान छात्र उद्योगपति आंगनवाड़ी वर्कर डॉक्टर अध्यापक आदि कई वर्ग सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ सड़कों पर है। सरकार एक तरफ तो सबका साथ सबका विकास का नारा दे रही है परंतु वास्तव में ना तो अब सरकार के पास सब का साथ है ना ही सरकार किसी का विकास कर रही



है, विकास केवल चंद उद्योगपतियों और सरकार के चाहेतो का हो रहा है। पूर्व की कांग्रेस सरकार और मौजूदा भाजपा सरकार को प्रदेश की आम जनता देख चुकी है। जहां कांग्रेस ने पूरे हरियाणा को छोड़कर केवल भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गृह नगर रोहतक का ही विकास किया वहीं भाजपा सरकार ने कांग्रेस से भी दो कदम आगे निकलकर प्रदेश के किसी भी हल्के में कोई भी विकास कार्य नहीं किया। उक्त शब्द इंडियन नेशनल लोकदल यमुनानगर के युवा नेता कुलविंदर सिंह संधू ने दिवाली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित इनेलो कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहें। इस अवसर पर युवा नेता परमजीत सिंह संधू भूपेंद्र सिंह (भोला) संदीप सिंह ढिल्लों जरनैल सिंह जैली दीपचंद गुप्ता टोनी गुर्जर गुलशन गुर्जर शुभम जौली आदि इंडियन नेशनल लोकदल के पदाधिकारी उपस्थित थे। कुलविंदर सिंह संधू ने बताया कि आने वाली 12 तारीख को इंडियन नेशनल लोकदल के वरिष्ठ युवा नेता करण चौटाला एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठी यमुनानगर जिले के जगाधरी हल्के की पंजाबी धर्मशाला में कार्यकताओं की मीटिंग लेंगे। इस अवसर पर यमुनानगर जिले के सभी वरिष्ठ इनेलो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित होंगे।

मेहंदीपुर के सरपंच रमेश, भाजपा नेता शीलू ने राई विधायक कृष्णा गहलावत को दी बधाई

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत/ संजीव कौशिक राई की विधायक कृष्णा गहलावत के जन्मदिन के अवसर पर गांव मेहंदीपुर के सरपंच रमेश, भाजपा नेता शीलू और अमरजीत नंबरदार ने उनसे मुलाकात कर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।
इस अवसर पर सरपंच रमेश और भाजपा नेताओं ने कहा कि कृष्णा गहलावत एक कर्मठ एवं जनसेवा के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि हैं।



उन्होंने राई विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि विधायक का सरल स्वभाव और कार्यकताओं के प्रति स्नेह उन्हें एक अलग पहचान दिलाता है।
सभी ने कामना की कि कृष्णा गहलावत इसी प्रकार जनता की सेवा करती रहें और राई क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुए।

राइस मिल में ठेकेदार की हत्या

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। करनाल-डांड रोड स्थित बदरी एग्रो राइस मिल में दिवाली के पटाखे चलाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते झगड़ा मारपीट में बदल गया। इस दौरान मिल में काम करने वाले ठेकेदार राधेश्याम की मौत हो गई। आरोप है कि झगड़े के दौरान फोरमैन रामभरोसे ने राधेश्याम के सिर पर कस्सी से वार किया। मारपीट में अन्य लोगों के शामिल होने का आरोप भी लगाया गया है। सूचना मिलने पर तरावड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए।

समाज की एकता, आपसी सहयोग व उत्थान के लिए मिलकर कार्य करें: ऋषभ

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता के सुपुत्र एवं युवा समाजसेवी ऋषभ गुप्ता ने कुरुक्षेत्र पाल धर्मशाला कमेटी के नवनियुक्त प्रधान मेहर सिंह पक्का खेड़ा एवं कमेटी के कैशियर नियुक्त हुए कुंजपुरा मंडल के महामंत्री सुखबीर बलड़ी को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई दी। चौधरी हाउस कॉलोनी स्थित महापौर निवास पहुंचे नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर सार्थक संवाद भी किया।

इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि नरेश पाल, सागर चंदेल, विनोद पाल, प्रवीण पाल, पंकज पाल, पाली कुटेल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने सामाजिक गतिविधियों, आपसी समन्वय, समाज की एकजुटता और सामूहिक सहभागिता से जुड़े विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण सामने रखा।



ऋषभ गुप्ता ने नवनियुक्त प्रधान मेहर सिंह पक्का खेड़ा एवं कैशियर सुखबीर बलड़ी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी सामाजिक संस्था की जिम्मेदारी केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज के प्रति सेवा, विश्वास और समर्पण का दायित्व होती है। उन्हें उम्मीद है कि दोनों पदाधिकारी अपनी नई जिम्मेदारियों का निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए समाज की एकता, आपसी भाईचारे और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाएं समाज को जोड?, नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं एवं संस्कारों से परिचित कराने तथा जरूरतमंद लोगों के सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। समाज की प्रगति के लिए जरूरी है कि सभी लोग आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर एकजुटता और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ें। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से सामाजिक गतिविधियों को नई ऊर्जा और दिशा मिल सकती है।

पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ में धूमधाम से मनाया गया दीपावली उत्सव, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत, 09 नवंबर । पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ परिसर में दीपों के पावन पर्व दीपावली के उपलक्ष्य में भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उत्साह, उमंग और उल्लास से सराबोर इस समारोह में संस्थान के इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फामेर्सी, लॉ एवं स्कूल के सभी टीचिंग, नॉन टीचिंग एवं एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ सदस्यों ने एक साथ मिलकर दीपावली का त्योहार मनाया।

समारोह में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मनमोहक प्रस्तुतियों और उत्सवी माहौल ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर संस्थान के सदस्यों



ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए खुशियां साझा कीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन, उनकी माता मूर्ति देवी एवं समारोह में विशेष रूप से पहुंचे महेंद्र सिंह नैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर दीपों की रोशनी और पारंपरिक उत्सवी माहौल ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। स्टाफ सदस्यों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए समारोह को यादगार बना दिया। संगीत, मनोरंजन और उत्साह से भरे माहौल में सभी ने एक साथ त्योहार का आनंद लिया। विभिन्न विभागों के सदस्यों का एक मंच पर एकत्रित होना संस्थान की पारिवारिक भावना, आपसी सहयोग और सामूहिक एकजुटता को भी दशार्ता नजर आया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का प्रतीक है। यह त्योहार हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, सद्भाव, सहयोग और भाईचारे के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। समारोह के माध्यम से सभी ने एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने और समाज में सकारात्मकता का संदेश देने का संकल्प लिया। सभी उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और प्रदूषण के खिलाफ विशेष जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में संस्थान के सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी. संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ लॉ के डायरेक्टर प्रो. टीसी राणा, डीन अकादमिक डा. सोनिया, फामेर्सी की प्राचार्या डा.सुनीता, डा.सुमिता, पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया और उपप्रधानाचार्य वरुण आदि उपस्थित रहे।

भाजपा नेता प्रमोद शर्मा मुरथल ने राई विधायक कृष्णा गहलावत को जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत/संजीव कौशिक

राई की विधायक कृष्णा गहलावत के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेता प्रमोद शर्मा मुरथल ने उनसे मुलाकात कर जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने विधायक के स्वस्थ, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।
प्रमोद शर्मा ने कहा कि कृष्णा गहलावत एक कर्मठ, लोकप्रिय और जनसेवा के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी है और राई विधानसभा क्षेत्र के



विकास के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।
उन्होंने कहा कि विधायक कृष्णा गहलावत का सरल स्वभाव, कार्यकताओं के प्रति सम्मान और जनता के बीच सक्रियता उनकी विशेष पहचान है। उनके नेतृत्व में राई विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रमोद शर्मा ने जन्मदिन के अवसर पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे इसी तरह जनसेवा के कार्यों में निरंतर अग्रसर रहें।

न्यूज फ्लैश

मेरी आवाज सुनोः सीढ़ियों के बीच लटक रही नंगी बिजली की तारें बनीं जानलेवा खतरा, हादसे को दे रही न्योता



लाड़वा 9, नवम्बर (कैलाश गोयल) : लाडवा के रामकुण्डी (धनुष) चौक के नजदीक बने सावर्जनिक शौचालय जहां एक ओर गंदगी के कारण बदहाल है वहीं शौचालय की छत पर भी गंदगी होने के कारण शौचालय की बिल्डिंग टपकती रहती है। सीढ़ियों के बीच लटक रही बिजली की खुली और नंगी तारें किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक और खतरनाक है। दुकानदार सचिन शर्मा लाडवा वार्ड नम्बर 14 ने कहा की छत पर जाने का रास्ता बिजली के नगे तारों के कारण बंद पड़ा है। छत पर जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बिजली का घातक करंट लग सकता है। इतना ही नहीं, तारों में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की भी आशंका बनी हुई है।
संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों से मांग है कि किसी अप्रिय घटना के घटित होने से पहले इन खुली तारों को तुरंत सुरक्षित तरीके से हटवाया जाए या उचित इंसुलेशन करवाया जाए, ताकि किसी की जान जोखिम में न पड़े।
सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

बम व पटाखों के छर्रे लगने से महिला की मौत

जींद। सैक्टर नौ में रविवार रात मकान के बाहर खड़ी महिला के गले में पटाखा लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मृतका के शव का चिकित्सक बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
सैक्टर नौ निवासी संदीप की 39 वर्षीय पत्नी पूनम रविवार रात को अपने मकान के बाहर दीपावली पर्व पर आसपास फोड़े जा रहे पटाखे देख रही थी। उसी दौरान पूनम के गले पर कोई बम या पटाखे जैसी वस्तु आ टकराई। जिसमें पूनम गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। आशंका जताई जा रही है कि किसी पटाखे या बम का छर्रा महिला के गले में घुसा है। जिससे महिला की मौत हो गई। मृतका के पति संदीप ने पुलिस को बताया कि वह टावरों की कपनी में इंजीनियर है। जबकि उसकी पत्नी पूनम गृहणी थी।

महेंद्रगढ़ के 9वें स्थापना दिवस का न्योता देने 14 नवंबर को सहनाई गार्डन पहुंचेंगे डॉ. अजय चौटाला

महेंद्रगढ़ महा-रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प: सोनीपत में जजपा पदाधिकारियों ने तय की रूपरेखा

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत/ संजीव कौशिक
जननायक जनता पार्टी के जिला कार्यालय विजय फार्म हाउस, राठधना पर आज पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की एक अहम संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जजपा जिलाध्यक्ष अशोक सरोहा जी ने की। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव श्री देवेंद्र कादियान जी एवं राष्ट्रीय सचिव श्री सुमित राणा जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।
बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 14 तारीख को सहनाई गार्डन,सोनीपत में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करना रहा और तैयारियों को अंतिम रूप देना रहा। 6 दिसंबर को महेंद्रगढ़ में जननायक जनता पार्टी का 9वां ऐतिहासिक स्थापना दिवस समारोह व राज्य स्तरीय महा-रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी रैली का न्योता देने के



लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला जी और पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी 14 नवंबर 2026 को सहनाई गार्डन, सोनीपत पहुंच रहे हैं।
बैठक को संबोधित करते हुए देवेंद्र कादियान जी, सुमित राणा जी एवं जिलाध्यक्ष अशोक सरोहा जी, ने कहा कि 14 तारीख के कार्यक्रम और 6 दिसंबर की महेंद्रगढ़ रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए क्षेत्र के कोने-कोने में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। सभी कार्यकताओं की जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं और सभी साथी घर-घर जाकर इस 9वें स्थापना दिवस समारोह का न्योता देंगे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि 14 तारीख को शीर्ष नेतृत्व का भव्य स्वागत किया जाएगा और 6 दिसंबर को महेंद्रगढ़ रैली में रिकॉर्ड तोड़ उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी।

संबोधित किया

सैलजा ने कहा कि आज किसान, युवा और विद्यार्थी अनेक गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं

बैठक में उपस्थित रहे-दिनेश चौहान,सियानंद त्यागी,शीलू खासा,रवि दहिया,राजा सहरावत,रमेश गुप्ता,बिजेंद्र आंतिल,दिलबाग सिंह आंतिल,राम चंद्र देशवाल, रिंकू सरोहा,सुरेश कुमार गामड़ी,अमित आंतिल, एडवोकेट तेजबीर मलिक,देवेंद्र सिंह दहिया, पवन मलिक कुंडली, अनिल मोर,संदीप दहिया(बंटी),रामप्रसाद शर्मा,शमशेर नरवाल,जगमेंद्र, सुनील बड़ौली,सुमन्द्र गहलावत, मुख्तयार नरवाल,रणबीर सरोहा,जगबीर सिंह,दलबीर खत्री, सूरज भान,रणबीर सिंह,जयकवार सेवली।

दीपावली के पावन पर्व पर जनहित मे की बड़ी पहल



समालखा (संजय नरवाल) डॉ. बी.आर. अंबेडकर सम्मान सेवा ट्रस्ट (रजि. 7882), पानीपत के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा सरकार के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान ट्रस्ट की ओर से जनहित से जुड़े *दो महत्वपूर्ण मुद्दों* को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपे गए।
पहला गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क कंप्यूटर सेंटर की मांगकी।
ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. राजपाल ने कहा कि आज के समय में तकनीकी शिक्षा का महत्व लगातार बढ़ रहा है, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे कंप्यूटर शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इसलिए पानीपत शहर में गरीब व जरूरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क कंप्यूटर सेंटर स्थापित किया जाए। ट्रस्ट के प्रधान हवा सिंह ने मंत्री से सेंटर के लिए कम से कम *दस कंप्यूटर* उपलब्ध करवाने में सहयोग करने का आग्रह किया, ताकि सभी वर्गों के जरूरतमंद बच्चों को तकनीकी शिक्षा का अवसर मिल सके और वे भी डिजिटल युग में आगे बढ़ सकें। दूसरा पदोन्नति में आरक्षण का मुद्दा दूसरे ज्ञापन में से प्रिंसिपल पद पर पदोन्नति के मामले में अनुसूचित जाति (रउ) वर्ग को नियमानुसार लाभ देने तथा पदोन्नति में आरक्षण को सही ढंग से लागू करने की मांग उठाई गई।
प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि नियमों के अनुसार पात्र रउ वर्ग के शिक्षकों को पदोन्नति में उनका हक मिलना चाहिए, ताकि किसी भी वर्ग के साथ अन्याय न हो। मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रतिनिधिमंडल की दोनों मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों से बात कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

विधायक कृष्णा गहलावत के जन्मदिन पर मीडिया इंचार्ज योगेश शर्मा ने दी बधाई

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत /संजीव कौशिक पूर्व पार्षद एवं राई विधानसभा क्षेत्र से विधायक कृष्णा गहलावत के मीडिया इंचार्ज योगेश शर्मा ने विधायक के जन्मदिन के पावन अवसर पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान योगेश शर्मा ने कहा कि विधायक कृष्णा गहलावत के कुशल नेतृत्व में राई हलके के विकास कार्यों में कोई भी कमी नहीं आने दी जा रही है। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान



को विधायक की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।
इसके साथ ही, विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकार साथियों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा विधायक को भेजे गए स्नेहपूर्ण शुभकामना संदेशों के लिए योगेश शर्मा ने मीडिया जगत का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मीडिया का सकारात्मक सहयोग क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। क्षेत्रवासियों ने भी विधायक की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

अन्नकूट पर्व एवं विश्वकर्मा डे के उपलक्ष्य में प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन

सिरसा(रणबीर खटक)
मोहल्ला जंड वाला स्थित प्राचीन श्री बंसीवट मंदिर में हर बार की तरह इस बार भी अन्नकूट पर्व एवं विश्वकर्मा डे के उपलक्ष्य में प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और खीचड़े व कढ़ी का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा।
मंदिर के पुजारी पंडित सीताराम शर्मा व प्रधान हीरालाल शर्मा, सुगन शर्मा, ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया तथा उनके सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर स्वर्गीय पंडित होशियारी लाल शर्मा का पूरा परिवार मौजूद रहा। परिवार की ओर से राजकुमार शर्मा, राजेश शर्मा, मोहित शर्मा सहित अन्य परिजनों ने कार्यक्रम में शामिल लोगों का स्वागत किया और सभी को दीपावली की राम-राम करते हुए पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राजकुमार



शर्मा ने अन्नकूट पर्व की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में अन्नकूट पर्व का विशेष जब हम मिल-जुलकर खुशियां बांटें और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के मंगल की कामना करें। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर में माथा टेककर परिवार तथा समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक शीशपाल केहरवाला,संदीप नेहरा, जग्गा बराड़, प्रेम शर्मा,राजन मेहता, प्रदीप सैनी, गजानंद सोनी,कीर्ति गर्ग,सुभाष मिड्ढा ,रमेश साहूवाला ,रामू हिसारिया ,अंजनी कनोडिया ,रमेश कनोडिया ,अमित गाबा, सुशील दूंगा मुंगा,भीम सिंगला, प्रेम गुप्ता, सुशील गुप्ता, संजय शर्मा, सुरेश ग्रोवर, जय गोपाल शर्मा ,महेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा,वेद प्रकाश शर्मा, आजाद केलनिया, राम पूर्व सरपंच, बेग संदीप पार्षद, कौशल्या वर्मा पूर्व पार्षद, श्यामलाल वर्मा ,साहब राम जांगड़ा ,मास्टर रवि शर्मा ,कन्हैया पूनिया ,वेद सैनी, सुरेंद्र कायत, मांगेराम केरावली, विजय शर्मा, तिलक चंदेल, सुनील कड़वासरा, सतपाल गोदारा , मोमन सैनी, देवेंद्र सेठी ,हरविंदर सिंह ,जगदीश भाटिया, राजकुमार चंदा ,सुनील बोमरा,राजेश सिद्ध,बृजलाल ओम प्रकाश सैनी, लक्ष्मी नारायण, हंसराज सलारपुर, बंसीलाल, राजाराम ,निर्मल पहलवान ,कैलाश कानूनो गो बलराम ताजिया, देवीपाल सहारण ,प्रवीण शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा ,हरीश सोनी चंद्रशेखर सोनी ,जयप्रकाश भोलूसरिया ,प्रो रणवीर टाक ,सिकंदर खट्टर, विकास सेठी भूषण मेहता, सुरेंद्र नटर, विनोद उपाध्याय , रण सिंह सुंडा, रुपिंदर भाटिया, नवीन मेहरा ,बलवंत सिंह ,रामदास बजाज, विजय शर्मा ,घनश्याम शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा , मोहित मेहता शहर के पूर्व पार्षद पूर्व सरपंच शहर के गणमान्य लोग हजारों लोगों संख्या में मौजूद रहे।

शिव बाबा की रसोई में दीपावली पूजन धूमधाम से

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, 9 नवंबर (बिजेंद्र सिंह)। शिव बाबा की रसोई, पुराना इंडस्ट्रियल एरिया, पानीपत में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली का पूजन बड़े ही धूमधाम, भक्ति भाव और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ऋषिकेश से पधारे परम पूज्य महंत लोकेश दास जी महाराज ने विधि-विधान से पूजन करवाया और सभी सेवादारों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शिव बाबा की रसोई द्वारा किया जा रहा निःस्वार्थ सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणा है। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया और वार्ड नंबर 24 की पार्षद सांची तनेजा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी सेवादारों के सेवा भाव की सराहना की और शिव बाबा की रसोई के कार्यों को समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। पूजन के पश्चात शिव बाबा की रसोई के सभी सेवादारों के सहयोग



से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में

संबोधित किया

सैलजा ने कहा कि आज किसान, युवा और विद्यार्थी अनेक गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं

श्रद्धालुओं और जरूरतमंदों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा परिसर दीपों, फूलों और भजनों से जगमगा उठा। इस अवसर पर शिव बाबा

औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती

पंचकूला। औद्योगिक क्षेत्र फेज-1, पंचकूला स्थित प्लॉट नंबर 238-239 में भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई। इस अवसर पर फैक्ट्री प्रबंधकों, स्टाफ और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से भगवान विश्वकर्मा जी का पूजन किया। साथ ही फैक्ट्री में लगी सभी मशीनों और औजारों की विधिवत पूजा की गई तथा भगवान विश्वकर्मा जी की आरती उतारी गई।
इस अवसर पर सभी ने भगवान विश्वकर्मा जी से विश्व में शांति बनाए रखने, देश और प्रदेश के उद्योगों की सुरक्षा, उन्नति और निरंतर तरक्की की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं जलपान



की विशेष व्यवस्था की गई।
कार्यक्रम में फैक्ट्री प्रबंधक सी.बी. गोयल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं पूर्व पार्षद नगर निगम पंचकूला, उनके पुत्र विकास गोयल, पुत्रवधू श्रीमती ऋतु गोयल, पौत्र अथर्व गोयल और पौत्री ईशानी गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा फैक्ट्री मैनेजर भीम सिंह राणा सहित सभी स्टाफ सदस्यों और वर्कर्स ने पूजा में भाग लेकर भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर बुजुर्ग की मौत

सोनीपत। गन्नौर क्षेत्र में खुबड़ू रोड पर सोमवार को हरिओम भट्ठे के पास सड़क पर बिना किसी संकेतक के खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने पर मोपेड सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को पहले गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर खानपुर कलां स्थित बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गन्नौर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गन्नौर के गांधी नगर निवासी सूरज कुमार ने पुलिस को दी शिकायतमें बताया कि उसके पिता रामचन्द्र (63) टीवीएस मोपेड पर किसी काम से कैलाना गांव गए थे। रविवार शाम वह घर लौट रहे थे।

श्री अग्रसेन धाम में 10 नवंबर को होगा भव्य गोवर्धन पूजा महोत्सव, 41 फीट की विशाल प्रतिमा बनेगी आकर्षण

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत/ संजीव कौशिक
श्री अग्रसेन धाम कुंडली में मंगलवार, 10 नवंबर को उत्तरी भारत का सुप्रसिद्ध गोवर्धन पूजा महोत्सव भव्य रूप से आयोजित होगा। धाम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि मेयर राजीव जैन और पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन के सानिध्य में समाजसेवी एवं उद्योगपति अजय गुप्ता तथा भामाशाह सुरेश गर्ग (नरेला वाले) पूजा-अर्चना करेंगे।
महोत्सव का मुख्य आकर्षण 7100 किलो गाय के शुद्ध गोबर



से निर्मित 41 फीट ऊंची प्रतिमा और 108 फीट की परिक्रमा होगी। शाम 5 बजे पूजा तथा 6:30 बजे अन्नकूट, अष्ट महाभोग और विशाल भंडारा होगा। सात दिवसीय महोत्सव में भजन सम्राट कन्हैया मित्तल, विधायक अशोक गोयल देवराहा, चेयरमैन जगदीश गोयल और वीरेंद्र बंसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। आयोजन में टीकाराम मित्तल, पवन अग्रवाल, अतुल सिंघल, दीपक मंगला, अनिल गोयल, राजेश गोयल, प्रमोद जिंदल, भगवान गोयल, पवन गुप्ता, रश्मि सिंघल, अनु अग्रवाल, मीतू बंसल, ज्योति, ऋषभ अग्रवाल, रितिक अग्रवाल, सतीश तुशीर और संजय शर्मा सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

श्याम कमल भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया दीपावली उत्सव

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, 9 नवंबर (बिजेंद्र सिंह)। श्याम कमल स्थित भाजपा जिला कार्यालय परिसर में दीपावली उत्सव पूरी श्रद्धा, सम्मान एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ के साथ हुआ, जिसमें विश्व शांति एवं समस्त मानव कल्याण की कामना की गई। यज्ञ में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पूणार्हुति अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सुनील कंसल व सुमित जागलान, वरिष्ठ नेता आरडी कल्याण, राजेश भारद्वाज, युवा प्रधान अमित पंडित, सनौली मंडल अध्यक्ष जगबीर आर्य, डा. राजबीर आर्य, इरफान अली, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त आर्य, सह मीडिया प्रभारी ऋषभ अग्रवाल, तरुण पसरीचा व राहुल राणा सहित पूर्वांचल समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि दीपावली सनातन वैदिक धर्म के प्रमुख पर्वों में से एक है, जिसे सनातन परंपरा के अनुयायी पूरे



उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। दीपावली का पर्व हमें बुराई पर अच्छाई, अंधकार पर प्रकाश और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का संदेश देता है। आज श्याम कमल में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने नकारात्मकता को त्यागकर सकारात्मकता अपनाने तथा वर्ष 2047 से पहले भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में तन-मन-धन से पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया।
जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त आर्य ने कहा कि दीपावली से जुड़ी प्रत्येक युग की अपनी पौराणिक एवं ऐतिहासिक मान्यताएं हैं, लेकिन इस पर्व का प्रमुख केंद्र भगवान श्रीराम का आदर्श जीवन और उनके आदर्शों का अनुसरण करना है।

अब अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक से होगा घुटनों का सफल इलाजः डॉ अशोक अरोड़ा

हिसार(रणबीर खटक)
चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार हो रही आधुनिक तकनीक के विस्तार के साथ अब घुटनों के मरीजों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। हिसार के अरोड़ा ऑथोर्पेडिक हॉस्पिटल में विश्वस्तरीय अत्याधुनिक ह्यश्एछरह्ल रोबोटिक तकनीक से घुटने बदलने की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। यह रोबोट अमेरिका की ऋऊअ (वर ऋऊअ) द्वारा अप्रूव्ड है और घुटने बदलने की सर्जरी को अधिक सटीक, आधुनिक एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। डॉ. अशोक अरोड़ा एवं डॉ. मृदुल अरोड़ा ने बताया कि भगवान ने मानव शरीर को इस तरह बनाया है कि उसे स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधियां बेहद जरूरी हैं। शरीर में ब्लड शुगर की मात्रा नियंत्रित रखने के लिए व्यक्ति को प्रतिदिन लगभग 10 हजार कदम चलने चाहिए। यदि व्यक्ति नियमित रूप से नहीं चलता तो धीरे-धीरे शरीर में मोटापा बढ़ने लगता है तथा डायबिटीज सहित कई अन्य बीमारियां शरीर को घेरने लगती हैं। विशेषकर 40 वर्ष की आयु के बाद शरीर में ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा अधिक रहता है, जो कई बीमारियों की जड़ बन सकता है।उन्होंने बताया कि जिन लोगों को घुटनों में अत्यधिक दर्द, चलने-फिरने में परेशानी या घुटनों की गंभीर समस्या हो जाती है, उनके लिए घुटना प्रत्यारोपण एक प्रभावी विकल्प है। श्एछर रोबोट की सहायता से घुटने बदलने की सर्जरी में विशेष सटीकता प्राप्त करने में मदद मिलती है। सर्जरी के बाद घुटने का प्राकृतिक अलाइनमेंट बनाए रखने और मरीज को सामान्य रूप से चलने-फिरने में सहायता मिलती है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, यह अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक हाल ही में विश्व स्तर पर उपलब्ध नवीनतम तकनीकों में से एक है। अरोड़ा ऑथोर्पेडिक हॉस्पिटल, हिसार में इस तकनीक से कई ऑपरेशन किए जा चुके हैं।

दीपावली पर विधायक देवेंद्र कादियान ने 122 सफाई कर्मचारियों को बांटे उपहार, हर साल निभाते है परंपरा

सम्मानित

- विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि दीपावली खुशियां बांटने का त्योहार है



टीम एक्शन इंडिया
गन्नौर। दीपावली की खुशियां उन लोगों के साथ बांटने की पहल की गई, जो त्योहारों पर भी शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाते है। देवा सोशल डेवलपमेंट सोसायटी के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान ने नगरपालिका और सफाई व्यवस्था से जुड़े करीब 123 कर्मचारियों को दीपावली के उपहार देकर सम्मानित किया। उपहार पाकर कर्मचारी खुश नजर आए। सम्मानित होने वालों में नगरपालिका के 77, जेबीएम कंपनी के 33, रोड स्वीपिंग मशीन पर कार्यरत 10 और टॉयलेट की सफाई व्यवस्था संभालने वाले 2 कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों के योगदान को सराहते हुए उन्हें त्योहार की खुशियों में शामिल किया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि दीपावली खुशियां बांटने का त्योहार है। सफाई कर्मचारी शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने में अहम भूमिका निभाते है। त्योहारों के दौरान भी वे ड्यूटी निभाते है, ताकि शहरवासियों को साफ-सुथरा माहौल मिल सके। ऐसे में उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा करना सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को दिए गए उपहार उनकी मेहनत और समर्पण के प्रति सम्मान का प्रतीक है। विधायक बनने के बाद से वह हर दीपावली पर सफाई कर्मचारियों के साथ खुशियां बांटते है और उन्हें उपहार देकर सम्मानित करते आ रहे है।

डीएम इलेवन ने 2-1 से जीती फेस्टिवल दीवाली क्रिकेट सीरीज

सीरीज

- खेली गई तीन मैचों की सीरीज में दोनों टीमों के बीच मुकाबले देखने को मिले।



टीम एक्शन इंडिया
गन्नौर। यूनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा में खेली गई फेस्टिवल दीवाली क्रिकेट सीरीज 2026 में डीएम इलेवन ने दिनेश खुबडू इलेवन को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। 7 से 9 नवंबर तक खेली गई तीन मैचों की सीरीज में दोनों टीमों के बीच मुकाबले देखने को मिले। पहले मैच में सुरेश पंघाल के 62 गेंदों पर नाबाद 101 रनों की पारी की मदद से डीएम इलेवन ने 66 रन से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में विजय राणा के 49 रन और प्रदीप मलिक के तीन विकेट की मदद से डीएम इलेवन ने पांच विकेट से मुकाबला जीता।
तीसरे मैच में राजबीर मास्टर ने नाबाद 101 रन बनाकर दिनेश खुबडू इलेवन को छह विकेट से जीत दिलाई। सीरीज में सुरेश पंघाल को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, लोकेश कादयान को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और राजबीर मास्टर को मैन आफ द सीरीज चुना गया। स्टेडियम चेयरमैन अजय गोयल ने विजेता टीम के कप्तान दीपक मलिक को ट्राफी प्रदान की। इस दौरान दिनेश धनखड़, दीपक गोयल, सोमबीर और गुरमेल मौजूद रहे।

न्यूज फ्लैश

बेटी को बचाने दौड़े पिता को बस ने कुचला

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। कस्बा घरौंडा में जीटी रोड पर एक सडक हादसे में बेटी की जान बचाने की कोशिश कर रहे पिता की मौत हो गई। 8 साल की बेटी हाईवे पार करते समय अचानक दौड़ पड़ी। उसे किसी वाहन की चपेट में आने से बचाने के लिए पिता भी उसके पीछे दौड़ा, लेकिन इसी दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस की चपेट में आ गया। वह बस के पिछले टायरों के नीचे आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 50 वर्षीय विपिन के रूप में हुई है। वह मूल रूप से असम का रहने वाला था।
कोहंड गांव में किराये के मकान में रहता था। विपिन पोल्ट्री फार्म में काम करता था। सोमवार को वह जीटी रोड के पास स्थित एक फैक्ट्री में अपने साढू तेजपाल से मिलने आया था। उसके साथ उसकी 8 साल की बेटी भी थी। फैक्ट्री से निकलने के बाद दोनों हाईवे पार कर रहे थे। इसी दौरान बेटी अचानक सडक पर दौड़ पड़ी। उसे बचाने के लिए विपिन भी उसके पीछे दौड़ा, लेकिन तभी वहां से गुजर रही बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।
हादसे के बाद बस ड्राइवर ने बताया कि व्यक्ति अचानक उसकी बस के सामने आ गया था। उसे बचाने के लिए करीब 200 मीटर दूर से ही ब्रेक लगाने शुरू कर दिए थे, लेकिन बस समय पर रुक नहीं पाई। टक्कर लगने के बाद व्यक्ति बस के पिछले टायरों के नीचे आ गया। बस ड्राइवर के अनुसार वह गोहाना डिपो की बस लेकर चंडीगढ़ से रोहतक जा रहा था और बस में करीब 80 सवारियां थीं। अचानक ब्रेक लगाने से कुछ सवारियों को भी हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद सभी सवारियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।
बस में सफर कर रही सवारियों का कहना था कि व्यक्ति सडक पार कर रहा था और अचानक बस के सामने आ गया। ड्राइवर ने करीब 200 मीटर पहले से ब्रेक लगाने शुरू कर दिए थे। ऐसे में सवारियों ने हादसे में ड्राइवर की गलती होने से इनकार किया।
वहीं मौके पर मौजूद राहगीरों के अनुसार विपिन अपनी बेटी के साथ हाईवे पार कर रहा था। बेटी के अचानक दौड? पर उसे बचाने के लिए वह भी पीछे दौड़ा और बस की चपेट में आ गया। मृतक के साढू तेजपाल ने बताया कि विपिन उससे मिलने के लिए फैक्ट्री आया था। मुलाकात के बाद वह बेटी के साथ वहां से जाने लगा। दोनों सडक पार कर रहे थे, तभी बच्ची अचानक दौड़ पड़ी। उसे किसी वाहन की चपेट में आने से बचाने के लिए विपिन उसके पीछे दौड़ा और बस के नीचे आ गया।
तेजपाल ने बस ड्राइवर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि ड्राइवर समय रहते ब्रेक लगा सकता था। अब ड्राइवर अचानक सामने आने की बात कह रहा है, लेकिन उसे बचाने के लिए समय पर प्रयास करना चाहिए था। पुलिसकर्मी बसंत कुमार ने बताया कि हाईवे पर हुए हादसे में विपिन की मौत हुई है। उसके साथ मौजूद बेटी अचानक सडक पर दौड़ गई थी। उसे पकड? के लिए विपिन भी दौड़ा और बस की चपेट में आ गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है।

लापता बुजुर्ग का नहर में मिला शव

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। कस्बा घरौंडा की तेलू कॉलोनी से दो दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए 52 वर्षीय बुजुर्ग बलजिंद्र सिंह का शव सोमवार को नहर में मिला। बुजुर्ग 8 नवंबर को घर से निकले थे। उसी दिन शाम को गगसीना गांव के पास नहर किनारे उनकी एक्टिवा, कपड़े, जूते और मोबाइल फोन मिले थे इसके बाद से परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे मूनक हैंड के पास गोहाना राजबाहे के गेट पर शव दिखाई दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान बलजिंद्र सिंह के रूप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉटम की कार्रवाई शुरू कर दी।

हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली की धूम, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



टीम एक्शन इंडिया
गन्नौर । हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गढ़ी केसरी में दीपावली के पावन पर्व पर दीपावली उत्सव एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि समाज सेविका डिंपल मल्होत्रा एवं एमसी अजय सरोहा का विद्यालय प्रांगण में जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर नीलम अंतिल और प्राचार्य कृष्ण अंतिल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, प्रकाश, खुशियों और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

पानी की टोंटियां चोरी करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
कमल मिट्ठा
करनाल। थाना निसिंग पुलिस ने मकान में घुसकर पानी की 8 टोंटियां चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहन पुत्र रमेश चंद तथा सुखदेव पुत्र बदन, निवासी गांव गुनियाना, जिला करनाल के रूप में हुई है।
इस संबंध में शिकायतकर्ता जतिंद्र बंसल पुत्र बली राम निवासी निसिंग ने शिकायत देकर बताया था कि उसने पुरानी अनाज मंडी स्थित दुकान के ऊपर मकान बना रखा है, जो फिलहाल खाली पड़ा है। 7 नवंबर को जब वह सुबह अपने मकान पर गया तो वहां लगी पानी की 8 टोंटियां गायब मिलीं। शिकायत के आधार पर थाना निसिंग में मामला दर्ज किया गया।
मामले की जांच के दौरान अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक विनीत कुमार की टीम द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।
आज दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सफाई आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों के साथ मनाई दीपावली

टीम एक्शन इंडिया
कमल मिट्ठा
करनाल। शहर के सेक्टर-4 में दीपावली महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाया गया।
इस अवसर पर स्वच्छता व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कर एक सराहनीय पहल की। कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया और उन्हें मिठाई वितरित कर सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम में आपसी प्रेम, अपनत्व और भाईचारे की भावना देखने को मिली। कार्यक्रम में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष जेके शर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई। वहीं हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन आजाद सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जेण्केण शर्मा और आजाद सिंह सहित एसोसिएशन के अन्य सदस्यों ने सफाई कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मीशो कंपनी की एजेंसी का ताला तोड़कर सामान और नकदी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ संदिग्ध



टीम एक्शन इंडिया
गन्नौर । जय भारत कालोनी में चोरों ने मीशो कंपनी की एजेंसी को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर नकदी और सामान चोरी कर लिया। चोर कार्यालय से सामान व नकदी के अलावा मीशो कंपनी की अलग-अलग कीमत की शिपमेंट भी चोरी कर ली। चोरी की कुल कीमत 1 लाख 34 हजार 684 रुपये बताई गई है। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसमें एक संदिग्ध नजर आ रहा है। गांव खेड़ी गुज्जर गांव के संदीप ने थाना बड़ी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोर कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। उन्होंने कार्यालय में रखा एक इन्वर्टर, दो बैटरियां और एचपी कंपनी का लैपटाप चोरी कर लिया। इसके साथ ही गल्ले में रखे 44 हजार रुपये भी ले गए। चोर मीशो कंपनी की अलग-अलग कीमत की शिपमेंट भी चोरी कर ले गए। शिकायतकर्ता ने चोरी हुई शिपमेंट की सूची पुलिस को सौंपी है, जिसके अनुसार उनकी कीमत 68 हजार 684 रुपये है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिवम राठी ने नेशनल स्कूल गेम्स में कुश्ती में जीता स्वर्ण

गन्नौरः गांव पुरखास राठी के शिवम ने कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतकर गांव का नाम रोशन किया है। दिल्ली में 31 अक्तूबर से 5 नवंबर तक आयोजित नेशनल स्कूल गेम्स में शिवम ने 75 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। शिवम की इस उपलब्धि पर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उसका स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी जताई। शिवम के दादा ने पोते की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उसकी मेहनत और लगन का यह परिणाम है। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

शिवालिक पब्लिक स्कूल में दीपावली उत्सव की धूम



टीम एक्शन इंडिया
गन्नौर। खेड़ी गुर्जर रोड स्थित शिवालिक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गन्नौर में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भव्य रंगोली एवं कक्षा सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया तथा अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगों, फूलों, दीपकों और प्राकृतिक सामग्री का प्रयोग करते हुए आकर्षक रंगोलियां तैयार कीं। इन रंगोलियों में पर्यावरण संरक्षण, भारतीय लोककला और सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक देखने को मिली। वहीं, कक्षा सजाओ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कक्षाओं को रंग-बिरंगे रिबन, हाथों से बनाए गए दीपकों और सुंदर चित्रों से आकर्षक ढंग से सजाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश पहल ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने तथा जीवन में सकारात्मकता अपनाने का संदेश देता है। सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

जमीन बेचने के नाम पर 85 लाख हड़पे

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। जिले के घरौंडा क्षेत्र के गांव कोहंड में जमीन बेचने के नाम पर पानीपत के एक कारोबारी से 85 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। कारोबारी का आरोप है कि जमीन की पूरी रकम लेने के बाद उसकी पत्नी के नाम रजिस्ट्री कराई गई। इंतकाल भी दर्ज हो गया और जमीन का कब्जा देकर सफेदी के निशान लगवा दिए गए। इसके बाद जब जमीन की सरकारी निशानदेही कराने की बात आई तो बेचने वाले परिवार ने इससे मना कर दिया। विरोध करने पर धमकियां दी गई। मामले में घरौंडा पुलिस ने 8 नवंबर को एक महिला समेत 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पानीपत निवासी संजीव ने बताया कि मई 2026 में उसने गांव कोहंड में संतरा पत्नी ईश्वर सिंह से करीब 5 कनाल जमीन खरीदी थी। जमीन की पूरी रकम देने के बाद पत्नी सोनी के नाम रजिस्ट्री कराई गई। राजस्व रिकॉर्ड में इंतकाल भी दर्ज हो गया था। संजीव के अनुसार आरोपी महिला संतरा, उसके पति ईश्वर सिंह और बेटे ने जमीन का कब्जा भी दे दिया था। मौके पर सफेदी के निशान लगवाए गए और जमीन की चारों दिशाओं की जानकारी देते हुए नोटरी से सत्यापित शपथपत्र भी दिया गया था। संजीव का आरोप है कि रजिस्ट्री और इंतकाल होने के बाद उसने जमीन की सरकारी निशानदेही करवाने के लिए संतरा से संपर्क किया।

दीपावली के दिन फैक्ट्री में लगी भीषण आग, छह दमकल गाड़ियों ने कई घंटे बाद पाया काबू



टीम एक्शन इंडिया
गन्नौरः बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 स्थित नार्थ वेस्ट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में दीपावली के दिन भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में जूसर और मिक्सर बनाने का काम होता है। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में फैक्ट्री का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दिया। गनिमत रही कि फैक्ट्री में मौजूद कर्मी आग लगने के तुरंत बाद फैक्ट्री से बाहर निकल आए। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की बड़ी, गन्नौर, सोनीपत से छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। इस दौरान फैक्ट्री में सिलेंडर भी बलास्ट हुए, जिससे आग और फैल गई। आग की तीव्रता अधिक होने के कारण दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थिति को देखते हुए पानीपत से भी दमकल की गाड़ियां बुलानी पड़ीं। फैक्ट्री में बने टीन शेड के कारण आग बुझाने में परेशानी आई। आग अंदर तक फैल चुकी थी, ऐसे में दमकल कर्मियों ने अलग-अलग दिशाओं से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कई घंटे तक चले अभियान के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।
- पहले भी लग चुकी है आग
वर्ष 2022 में भी इस कंपनी के गोदाम में आग लग गई थी। गोदाम में गत्ते, पलास्टिक, इलैक्टोनिक सामान व थमोकोल होने की वजह से आग काफी तेजी से फैलती रही। आग फैक्ट्री के कारखाने के अंदर भी लगाना शुरू हो गई। जिसके बाद फैक्ट्री के साथ लगते खाली प्लाट की दीवार को जेसीबी की मदद से तुड़वा तुड़वा दिया। इसके बाद दमकल गाड़ियों ने प्लाट में घुस कर आग पर पानी की बौछार कर आग को शांत किया था।
- फायर सेफ्टी उपकरण नहीं कर रहे थे काम
दमकल अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि फैक्ट्री में लगा फायर सेफ्टी सिस्टम भी काम नहीं कर रहा था। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में कई फैक्ट्रियों में अवैध निर्माण के कारण रास्ते संकरे हो जाते हैं, जिससे आग लगने की स्थिति में दमकल की गाड़ियों को मौके तक पहुंचने और राहत कार्य करने में परेशानी होती है। उन्होंने ऐसे मामलों में जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वाले फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता जताई।

कृष्ण कृपा धाम में दीपावली पर गूंजा भक्ति और आध्यात्मिकता का संदेश



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। सेक्टर-9 स्थित कृष्ण कृपा धाम में श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ हुआ भव्य दीपावली पूजन। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में योग शिक्षक एवं साधकों ने बढ़-चढकर भाग लिया।
कार्यक्रम में गीता मनीष जी स्वामी ज्ञाननंद जी का विशेष सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सुख शांति समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उनका आशीर्वाद सभी उपस्थित जनों के लिए प्रेरणा और उत्साह का स्त्रोत बना।
कार्यक्रम में योग शिक्षक शिवानी कंबोज, बरखा जिंदल, नवीन जिंदल, बीना सेठ, राजीव शर्मा, ईशा धवन ने भी अपनी शुभकामनाएँ दी। प्रकाश पर्व दीपावली के पावन अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत योग साधकों ने हर्ष और उल्लास के साथ पर्व मनाया।

न्यूज फ्लैश

गोवंश की सेवा और संरक्षण के लिए 65.87 लाख की आर्थिक सहायता, विधायक विनोद भयाना ने सौंपे चेक

हांसी(दिनकर गावड़ी):-
गोवंश के संरक्षण और गौशालाओं में बेहतर देखभाल की व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के उद्देश्य से विधायक विनोद भयाना ने सोमवार को हरियाणा गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हांसी विधानसभा क्षेत्र की पांच गौशालाओं को कुल 65 लाख 87 हजार 218 रुपए की आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए।
इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने गो भक्तों से संवाद स्थापित करते करते हुए कहा कि इस राशि से गौशालाओं में रह रहे गोवंश के लिए पौष्टिक चारे, चिकित्सा सुविधाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। हरियाणा सरकार गायों के संरक्षण एवं संवर्धन को प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। हरियाणा गौ सेवा आयोग के माध्यम से गौशालाओं को चारा अनुदान तथा आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए भी सरकार द्वारा विभिन्न प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।
विधायक ने कहा कि गायों की सेवा भारतीय संस्कृति और सामाजिक परंपरा का अभिन्न अंग है। गौशालाओं का संचालन करने वाली संस्थाएं और गायों की सेवा में जुटे लोग निस्वार्थ भाव से इस जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। बड़ी संख्या में गोवंश की देखभाल के लिए नियमित रूप से चारे, पानी, दवाइयों और अन्य संसाधनों की आवश्यकता होती है। सरकार की आर्थिक सहायता से इन संस्थाओं को अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने में सहयोग मिलेगा। उन्होंने गौशाला संचालकों के प्रयासों की सराहना करते हुए आमजन से भी गोवंश की सेवा और संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।
सहायता राशि के तहत श्री गोपाल गौशाला, सैनी पुरा, को 11 लाख 9 हजार 105 रुपए, श्री हरियाणा गौशाला, तोशाम रोड को 36 लाख 51 हजार 770 रुपए, बुआ कंवारी गौशाला ट्रस्ट, कंवारी को 8 लाख 15 हजार 551 रुपए, श्री कृष्ण कन्हैया गौशाला, रामायण को 2 लाख 62 हजार 102 रुपए तथा श्री कृष्ण गौशाला समिति, बांदा हेड़ी को 7 लाख 48 हजार 690 रुपए के चेक प्रदान किए गए।
इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी, भाजपा जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया, प्रवीण बंसल, गौ सेवा आयोग के सदस्य अनिल गोयल, सज्जन अग्रवाल कमलेश गर्ग सहित अनेक गौ भक्त मौजूद रहे।

कैथलः विदेशी नंबर से सरपंच को जान से मारने की धमकी, दो दिन में सरपंची छोड़ने की चेतावनी

कैथल
गांव बाकल के सरपंच नरेंद्र सिंह को विदेशी नंबर से फोन कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। फोन करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने सरपंच को दो दिन के भीतर सरपंची छोड़ने की चेतावनी देते हुए ऐसा नहीं करने पर हत्या करने की धमकी दी।
आरोपित ने खुद को एसके बाबा ग्रुप से जुड़ा बताते हुए दावा किया कि उसे सरपंच की हत्या करने के लिए बड़ी रकम की सुपारी देने का ऑफर मिला है। धमकी के बाद सरपंच और उनका परिवार दहशत में है। सरपंच ने पूंडरी थाना पुलिस को शिकायत देकर आरोपितों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में नरेंद्र सिंह ने बताया कि चार नवंबर को दोपहर करीब 12 बजकर 57 मिनट पर उनके मोबाइल पर अमेरिका के नंबर से कॉल आई थी। फोन उठाते ही दूसरी तरफ से व्यक्ति ने उन्हें गांव की सरपंची छोड़ने को कहा। आरोपित ने चेतावनी दी कि उनके पास केवल दो दिन का समय है। यदि इस अवधि में सरपंची नहीं छोड़ी तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। शिकायत के अनुसार, फोन करने वाले ने खुद को एसके बाबा ग्रुप से जुड़ा बताते हुए कहा कि उनकी हत्या करने के लिए बड़ी रकम की सुपारी देने का ऑफर आया है। उसने धमकी भरे लहजे में कहा कि वे जो कहते हैं, वही करके दिखाते हैं। इसके बाद आरोपित ने फोन काट दिया। इस घटना के बाद सरपंच नरेंद्र सिंह और उनका परिवार भयभीत है। सरपंच ने आशंका जताई है कि धमकी देने वाला व्यक्ति या गिरोह के सदस्य उनके साथ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए विदेशी नंबर से कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान करने, आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने और परिवार की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

महापुरुषों की शिक्षाएं पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत : मंत्री कृष्ण कुमार बेदी

टीम एक्शन इंडिया
नरवाना, 9 नवम्बर राहुल
हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति या समाज तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे पूरे सर्वसमाज के होते हैं। उनके विचार और आदर्श समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं। महापुरुषों की शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर ही समरस, शिक्षित और उन्नत समाज का निर्माण किया जा सकता है।
कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी सोमवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय विश्वकर्मा धर्मशाला में विश्वकर्मा सभा की ओर से आयोजित समारोह में बतौर मुख्य



अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के निर्माणकर्ता और शिल्पकला के प्रतीक हैं। उनका जीवन सृजन, मेहनत, कौशल और समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए विश्वकर्मा सभा की प्रबंधन समिति को बधाई दी। साथ ही जांगड़ा जागृति सेवा समिति की ओर से लगाए गए रक्तदान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है।
दोनों संस्थाएं सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से सराहनीय योगदान दे रही हैं।
बेदी ने कहा कि हरियाणा सरकार सभी

विश्वकर्मा जयंती

- विश्वकर्मा जयंती पर नरवाना में भव्य समारोह आयोजित, जांगड़ा जागृति सेवा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर;

महापुरुषों की जयंती और प्रकाश पर्व सरकारी स्तर पर मनाती है, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके जीवन, संघर्ष और विचारों से प्रेरणा ले सकें। हाल ही में कुरुक्षेत्र में भी भगवान विश्वकर्मा जयंती का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की थी।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान : डा. आनंद

टीम एक्शन इंडिया
कमल मिड्ढा
करनाल। उपायुक्त डॉ.आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि किसानों और मछली पालन का व्यवसाय करने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आर्थिक स्थिति मजबूत करने में वरदान सिद्ध हो रही है। सरकार द्वारा योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है।
उन्होंने बताया कि जिला में उन गांवों के लोगों को मत्स्य पालन के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिन गांवों में बरसात के पानी का ठहराव होता है या भूमि बंजर है। मछली पालन से किसानों की आय बढ़ रही है। झींगा मछली पालन से 5 से 6 लाख रुपये प्रति एकड़ तक आमदनी होती है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा योजना के तहत अनुसूचित जाति व महिला वर्ग मछली पालकों को 60 प्रतिशत अनुदान तथा सामान्य वर्ग को मछली पालन पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।
उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 60 प्रतिशत सभी वर्गों की महिलाओं व अनुसूचित जाति को तथा 40 प्रतिशत सामान्य व ओबीसी को अनुदान प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत प्रार्थी निजी भूमि में या पट्टे पर भूमि लेकर मछली फीड हैचरी, तालाबों के निर्माण, बायोफ्लॉक, आरएएस, फीड मिल, कोल्ड स्टोर आदि लगाने पर विभाग से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

बम व पटाखों के छर्रे लगने से महिला की मौत

टीम एक्शन इंडिया
जींद
सैक्टर नौ में रविवार रात मकान के बाहर खड़ी महिला के गले में पटाखा लगने से मौत हो गई।
घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मृतका के शव का चिकित्सक बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
सैक्टर नौ निवासी संदीप की 39 वर्षीय पत्नी पूनम रविवार रात को अपने मकान के बाहर दीपावली पर्व पर आसपास फोड़े जा रहे पटाखे देख रही थी। उसी दौरान पूनम के गले पर कोई बम या पटाखे जैसी वस्तु आ टकराई। जिसमें पूनम गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। आशंका जताई जा रही है कि किसी पटाखे या बम का छर्रा महिला के गले में घुसा है। जिससे महिला की मौत हो गई। मृतका के पति संदीप ने पुलिस को बताया कि वह टावरों की कपनी में इंजीनियर है। जबकि उसकी पत्नी पूनम गृहणी थी। बीती देर रात को उसकी पत्नी बेटी के साथ मकान के बाहर खड़ी हुई थी। त्यौहार के कारण सड़क पर बम व पटाखे भी फोड़े जा रहे थे। उसी दौरान उसकी पत्नी के गले पर कुछ लगा। जिसमें वह घायल हो गई। अस्पताल में ले जाने पर उसकी मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने मृतका के शव का खानपुर पीजीआई में चिकित्सक बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया है। सोमवार को जानकारी देते हुए सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी टिंकू ने बताया कि महिला के गले पर कुछ लगा, जिसमें महिला की मौत हुई। खानपुर पीजीआई में चिकित्सक बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चाकू सहित एक आरोपी काबू

टीम एक्शन इंडिया
कमल मिड्ढा
करनाल। थाना रामनगर की टीम ने अवैध चाकू रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बोबी पुत्र रोकी निवासी शिव कॉलोनी, करनाल के रूप में हुई है।
इस संबंध में सहायक उप निरीक्षक टेकचंद ने बताया कि वह अपनी पुलिस टीम के साथ नसीबपुर कॉलोनी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान जब पुलिस टीम डब्ल्यूजेसी नहर के पास पहुंची तो रास्ते की तरफ से एक नशेड़ी किस्म का युवक पैदल आता दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए उसे कुछ दूरी पर ही काबू कर लिया। पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ।

भगवान महाबीर के बताए रास्ते पर चल कर ही विश्व में शांति स्थापित हो सकती है

निर्वाण उत्सव

- जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महाबीर का 2552वां निर्वाण उत्सव मनाया गया।



टीम एक्शन इंडिया
कमल मिड्ढा
करनाल। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महाबीर का 2552वां निर्वाण उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जैन मंदिरों स्थानकों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम जैन स्थानक और दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित किया गया। जैन मंदिर में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
जैन स्कूल के बच्चों ने दीपावली को लेकर पोस्टर बनाए। इन बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बीरेश जैन, एससी जैन, निर्दोष जैन, अजय जैन, राकेश जैन, दिनेश जैन, एसके जैन सहित विभिन्नजनों ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा जैन स्थानक हनुमान गली में कार्यक्रम का आरयोजन किया गया।
इस अवसर जैन साध्वी सोम्या जी तथा स्वास्तिका जी महाज ने उपस्थितजनों को दीपावली और भगवान महाबीर के निर्वाण को लेकर जानकारी दी।

नौकरी का झांसा देकर साइबर ठगी करने वालों से रहें सावधानः पुलिस अधीक्षक

टीम एक्शन इंडिया
हांसी(दिनकर गावड़ी):- पुलिस अधीक्षक हांसी विनोद कुमार ने युवाओं एवं नौकरी की तलाश कर रहे अभ्यर्थियों को फर्जी जॉब ऑफर के माध्यम से होने वाली साइबर ठगी के प्रति सचेत करते हुए विशेष एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी बेरोजगार युवाओं को आकर्षक वेतन, घर बैठे नौकरी, विदेश में रोजगार तथा नामी कंपनियों में नियुक्ति दिलाने का झांसा देकर उनकी मेहनत की कमाई ठग रहे हैं। ऐसे ठग फर्जी नियुक्ति पत्र, कंपनियों के लोगो और अधिकारियों के नाम का इस्तेमाल कर लोगों का विश्वास जीतते हैं तथा बाद में रजिस्ट्रेशन



फीस, सिक्योरिटी डिपॉजिट, इंटरव्यू फीस और दस्तावेज सत्यापन के नाम पर पैसे मांगते हैं।
पुलिस अधीक्षक हांसी ने आमजन एवं युवाओं के लिए जारी की विशेष एडवाइजरीः
1. कंपनी की सत्यता जांचेंः किसी भी नौकरी के ऑफर को स्वीकार करने से पहले संबंधित कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट और संपर्क

एडवाइजरी

- फर्जी जॉब ऑफर के माध्यम से होने वाली साइबर ठगी के प्रति सचेत करते हुए विशेष एडवाइजरी जारी की है।

विवरण की जांच अवश्य करें।
2. पैसे देने से बचेंः नौकरी दिलाने, इंटरव्यू करवाने या नियुक्ति पत्र जारी करने के नाम पर किसी अनजान व्यक्ति के खाते, यूपीआई आईडी या क्यूआर कोड पर पैसे ट्रांसफर न करें।
3. फर्जी नियुक्ति पत्र से रहें सावधानःव्हाट्सएप, टेलीग्राम या सोशल मीडिया पर प्राप्त नियुक्ति पत्र एवं जॉब ऑफर की प्रामाणिकता संबंधित कंपनी से अवश्य सत्यापित करें।
4. अनजान लिंक पर क्लिक न करेंः नौकरी के आवेदन या दस्तावेज सत्यापन के नाम पर भेजे गए संदिग्ध लिंक को न खोलें और न ही अनजान वेबसाइट पर अपनी निजी जानकारी दर्ज करें।
5. ओटीपी एवं बैंकिंग जानकारी साझा न करेंः अपना ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड, बैंक खाते की जानकारी, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को न दें।
6. स्क्रीन शेयरिंग से बचेंः ऑनलाइन इंटरव्यू या नौकरी की प्रक्रिया के नाम पर किसी अनजान व्यक्ति को मोबाइल की स्क्रीन शेयर करने अथवा रिमोट एक्सेस देने की अनुमति न दें।
7. विदेश में नौकरी के नाम परसतर्क रहेंःविदेश में रोजगार दिलाने का दावा करने वाली एजेंसी की वैधता एवं आवश्यक पंजीकरण की जांच किए बिना कोई भुगतान न करें। पुलिस अधीक्षक हांसी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन नौकरी के नाम पर साइबर ठगी होती है तो बिना देरी किए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करवाएं।

फरीदाबाद में डंपर ने बाइक सवारों को कुचला, मौके पर मौत

फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया
फरीदाबाद में दीवाली वाली रात पाली-भाखरी रोड पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि मृतकों की पहचान पाली गांव निवासी हरेंद्र भड़ाना (42) और नेहरू कॉलोनी निवासी साहिल (22) के रूप में हुई है। घायल युवक बबलू है। मौके पर पुलिस को हेलमेट नहीं मिला।
जानकारी के अनुसार, तीनों युवक उद्योग से ड्यूटी खत्म करने के बाद बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। वहीं, इसी दौरान पाली-भाखरी रोड पर अज्ञात डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सडक पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को संभाला और पुलिस को सूचना दी। लोगों ने ही किसी अन्य वाहन में तीनों को उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हरेंद्र भड़ाना और साहिल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बबलू की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि साहिल ने धनतेरस के अवसर पर नई बाइक खरीदी थी। इसी बाइक पर सवार होकर तीनों युवक ड्यूटी से घर लौट रहे थे। लेकिन छोटी दीवाली की रात हुए हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डंपर ड्राइवर और हादसे के कारणों को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

धरनारत किसानों ने डीसी के तबादले की उठाई मांग

मांग

- नहरी पानी में की जा रही कटौती से प्रभावित किसानों ने डीसी के तबादले की मांग को भी उठाया है।

फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया
जिले में ओलावृष्टि और नहरी पानी में की जा रही कटौती से प्रभावित किसानों ने डीसी के तबादले की मांग को भी उठाया है। सोमवार को भी पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष



समिति के नेतृत्व में किसानों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर अपना अनिश्चितकालीन पड़ाव जारी रखा। समिति के जिला प्रधान ओमप्रकाश हसंगा, करनैल सिंह नंबरदार और अमनदीप शेरपुर की अगुवाई में धरना स्थल पर जुटे किसानों ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए तीखा विरोध व्यक्त किया। किसानों ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए फतेहाबाद के जिला उपायुक्त के तुरंत तबादले की मांग की।
धरने के दौरान किसान नेताओं ने बताया कि आंदोलन के छठे दिन दीपावली पर्व के अवसर पर भट्टू क्षेत्र के किसानों ने आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया। किसानों ने सरकार के उदासीन रवैये के खिलाफ सांकेतिक रूप से शव तैयार कर भट्टू से फतेहाबाद तक सरकार की शव यात्रा निकाली। इसके बाद किसान लाल बत्ती चौक से पैदल नारेबाजी करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर सरकार का पुतला फूंका।

जिला की मंडियों में 508405 मीट्रिक टन धान का उठान

टीम एक्शन इंडिया
कमल मिड्ढा
करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि गत दिवस तक जिला की विभिन्न मंडियों में 7 लाख 19 हजार 273 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है, जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 294562 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 133582 व हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 161896 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है।
इसमे से 508405 मीट्रिक टन धान का उठान किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकारी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्यों पर फसलों को खरीदा जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत पेश न आए। उन्होंने बताया कि मंडियों में धान का उठान का कार्य सुचारू ढंग से जारी है।

जींद : पुलिस पार्टी पर फायरिंग पर करने पर दो नामजद

जींद/टीम एक्शन इंडिया
पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव ढाठरथ के निकट हांसी ब्रांच नहर पटरी पर सोमवार को मुठभेड़ के दौरान पुलिस पार्टी पर फायर करने पर दोनों घायल आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।
सीआईए स्टाफ के सब इंसपेक्टर आनंद ने सात नवंबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात नवंबर को उन्हें सूचना मिली थी कि गांव ढाटरथ निवासी रिंकू पर फायरिंग कर जान लेवा हमला करने के आरोपित अमन तथा उसका साथी सुमित गांव के निकट हांसी ब्रांच नहर पर देखे

फायरिंग

- आरोपितों ने पुलिसकर्मियों की चेतावनी को अनसुना कर फायरिंग कर दी।

गए हैं। सूचना के आधार पर पुलिसकर्मियों ने दोनों आरोपितों को घेर लिया और सरेंडर करने के लिए कहा। आरोपितों ने पुलिसकर्मियों की चेतावनी को अनसुना कर फायरिंग कर दी। जिसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए।
जवाब में पुलिसकर्मियों ने भी फायरिंग की। जिसमें गोली लगने से दोनों आरोपित घायल हो गए। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से अवैध असलहा भी बरामद किया है। दोनों घायल आरोपितों को पुलिस ने नागरिक अस्पताल में भरती करवाया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने सीआईए स्टाफ के सब इंसपेक्टर आनंद की शिकायत पर आरोपित अमन तथा सुमित के खिलाफ जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

खेल मैदान में खिलाड़ियों ने मनाई दीपावली, भाईचारे और एकता का दिया संदेश

टीम एक्शन इंडिया
नरवाना, 9 नवम्बर राहुल
गांव दनौदा स्थित स्पीड हैंडबॉल एकेडमी में रविवार को दीपावली का पर्व उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एकेडमी के खिलाड़ियों ने खेल मैदान में अनोखे अंदाज में दीपावली की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में बिठमड़ा, कैथल, दनौदा और फतेहाबाद की हैंडबॉल टीमों ने भाग लेकर आपसी प्रेम, भाईचारे, एकता और सद्भावना का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे खिलाड़ियों ने एक साथ त्योहार मनाकर खेल भावना और आपसी



मेलजोल की मिसाल पेश की। इस अवसर पर स्पीड हैंडबॉल एकेडमी के हेड कोच सुरेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इनसे बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना भी विकसित होती है। ऐसे सामूहिक आयोजन खिलाड़ियों के बीच आपसी

संदेश


- स्पीड हैंडबॉल एकेडमी में बिठमड़ा, कैथल, दनौदा और फतेहाबाद की टीमों ने लिया हिस्सा

भाईचारे और एकता को मजबूत बनाते हैं।
एकेडमी प्रधान नरेश पहलवान, कोच उमेश, कोच आशीष, जगदीश और अमित सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया।
हेड कोच सुरेंद्र कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़ना बेहद जरूरी है, ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगा सकें। स्पीड हैंडबॉल एकेडमी का निरंतर प्रयास है कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और उचित अवसर प्रदान कर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाड़ियों और उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा निकाल रही पदयात्रा :चंद्र कुमार

टीम एक्शन इंडिया

ज्वाली । प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने मोदी सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला है। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से निकाली जा रही पदयात्रा को 'ढोंग यात्रा' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पर चंदा चोरी और अन्य मामलों को लेकर उठ रहे सवालों से देश में आक्रोश है और इन मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए पदयात्रा निकाली जा रही है।



चौधरी चंद्र कुमार ने कहा कि यह भाजपा की पहली पदयात्रा नहीं है। इससे पहले भी भाजपा की ओर से विश्वास यात्रा, रथ यात्रा और विकास यात्रा जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश में मौजूदा समय में अराजकता जैसे हालात हैं और केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल में किसान, मजदूर, युवा और महिलाएं परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रति वर्ष 5 करोड़ युवाओं को रोजगार देने के अपने वादे को पूरा करने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है और आम आदमी पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। किसान और मजदूर वर्ग भी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है। कृषि मंत्री ने राम मंदिर के चंदे को लेकर भी भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के नाम पर चंदे में कथित अनियमितताओं को लेकर लोगों में नाराजगी है। उनके अनुसार, इससे करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में देश की जनता भाजपा को इसका जवाब देगी।

प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का कार्यकाल जनहित, सेवा और विकास के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने जनता से जो गारंटियां दी थीं, उनमें से अधिकांश को पूरा किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में सरकार विकास कार्यों और चुनावी गारंटियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। चौधरी चंद्र कुमार ने दावा किया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आगामी विधानसभा चुनाव में दोबारा सत्ता में आएगी।

उद्यमियों व कामगारों ने मशीनों की पूजा अर्चना करके मनाया त्यौहार

टीम एक्शन इंडिया

बददी। एशिया की सबसे बडी उद्योग नगरी बददी बरोटीवाला नालागढ़ में विश्वकर्मा जंयती धूमधाम से मनाई गई। यहां पर उद्यमियों व कामगारों ने विश्वकर्मा जयंती पर अपनी तमाम मशीनों की पूर्जा अर्चना की और उनको अच्छी तरह साफ किया। फ्रैंडस एलायस कंपनी बरोटीवाला के महाप्रबंधक एवं लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव शर्मा ने हवन पूजा अर्चना करने के बाद कामगारों को संबोधित करते हुए कहा कि मशीनें हमारी मां के समान होती है जो हमें हमेशा देती है और लेती कुछ नहीं। अगर यह कल-कल करके चलती है तो उससे जो उत्सर्जन होता है उसी से भारत के करोडों लोग के घरों में दिए जलते हैं। आज सिर्फ मशीनें ही नहीं बलिक अपने तमाम यंत्र, वाहन, उपकरणों की पूजा करने का दिन होता है और बावा विश्वकर्मा जी को इंजीनियरिंग के जनक हैं। उधर कलोराईड कैम इंडिया उद्योग डीआईसी बददी में भी विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। कंपनी के निदेशक और लघु उद्योग संघ के सचिव अनिल मलिक ने कर्मचारियों को आज के दिन के महत्व के बारे में बताया। उन्होने कहा कि आज चाहे लघु सूक्ष्म उद्यमी हो, व्यापारी दुकानदार अथवा कोई बडा कारखाना सब मशीनों पर आधारित है और उसी से सारे उत्पाद आधुनिक तरीके से निर्मित होते हैं। उद्योग जगत के सहारे पूरे भारत की अर्थव्यवस्था और आजीविका चलती है। उसके बाद बददी की आटोमोबाईल वर्कशॉप लाज मोटर्स मारुति में भी विश्वकर्मा जयंती पर हवन और यज्ञ किया गया। कंपनी के वाईस चेयरमैन रमन कौशल व हेमंत कौशल के नेतृत्व में पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार कौशल, महेश कौशल, शिवकुमार कौशल, वंदना कौशल, आदि।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय पर कांगड़ा के विधायकों की चुप्पी समझ से परे, पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने सुक्खू सरकार और विपक्ष को घेरा

टीम एक्शन इंडिया

कांगडा। पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण में हो रही देरी को लेकर राज्य सरकार और कांगड़ा जिले के विधायकों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पूर्व मुख्यमंत्री शान्ता कुमार जैसा वरिष्ठ नेता इस मुद्दे को लगातार पूरी मजबूती से उठा रहा है, तब भी कांगड़ा के बाकी एक दर्जन विधायक चुप्पी साधे क्यों बैठे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से इस मामले में तुरंत स्थिति स्पष्ट करने और ठोस कदम उठाने की मांग की है। प्रवीन कुमार ने कहा कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर धर्मशाला में बनना तय है और इसके निर्माण के लिए केन्द्र सरकार की ओर से लगभग तीन हजार करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। इसके बावजूद इतने वर्षों से काम आगे न बढ़ना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह जिले के युवाओं व छात्रों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है।



उन्होंने ध्यान दिलाया कि धर्मशाला के सामाजिक कार्यकर्ता और वकील अतुल भारद्वाज ने भी इसे लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है, जिस पर अदालत ने सरकार से जवाब तलब किया है। कांगड़ा की राजनीतिक चुप्पी पर नाराजगी जताते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि देहरा क्षेत्र को छोड़कर पूरे जिले के जनप्रतिनिधि आखिर किस बात की प्रतीक्षा कर रहे हैं। क्या विश्वविद्यालय बनवाना सिर्फ शान्ता कुमार की जिम्मेदारी है, या यह पूरे जिले के मान-सम्मान और विकास से जुड़ा साझा सवाल है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सत्ताधारी कांग्रेस के विधायकों से तो शायद सरकार के खिलाफ बोलने की उम्मीद नहीं की जा सकती, लेकिन भाजपा के अन्य नेता और विधायक अपनी ही पार्टी के इतने बड़े नेता की मांग पर क्यों खामोश हैं।

उन्होंने कहा कि अन्याय करने वाले से अधिक दोषी वह होता है जो अन्याय देखकर भी चुप रहता है। प्रवीन कुमार ने मुख्यमंत्री को सचेत करते हुए कहा कि अब मामला हद से बाहर हो चुका है और सरकार इसे किसी एक क्षेत्र या दल का विवाद समझने की भूल न करे। उन्होंने याद दिलाया कि हिमाचल में सरकार बनाने का रास्ता कांगड़ा से ही निकलता है और इतिहास गवाह है कि जिस दल को जिले की जनता ने दस से बारह विधायक दिए, वही सत्ता में पहुंचा।

उद्यमियों व कामगारों ने मशीनों की पूजा अर्चना करके मनाया त्यौहार

टीम एक्शन इंडिया

बददी। एशिया की सबसे बडी उद्योग नगरी बददी बरोटीवाला नालागढ़ में विश्वकर्मा जंयती धूमधाम से मनाई गई। यहां पर उद्यमियों व कामगारों ने विश्वकर्मा जयंती पर अपनी तमाम मशीनों की पूर्जा अर्चना की और उनको अच्छी तरह साफ किया। फ्रैंडस एलायस कंपनी बरोटीवाला के महाप्रबंधक एवं लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव शर्मा ने हवन पूजा अर्चना करने के बाद कामगारों को संबोधित करते हुए कहा कि मशीनें हमारी मां के समान होती है जो हमें हमेशा देती है और लेती कुछ नहीं। अगर यह कल-कल करके चलती है तो उससे जो उत्सर्जन होता है उसी से भारत के करोडों लोग के घरों में दिए जलते हैं। आज सिर्फ मशीनें ही नहीं बलिक अपने तमाम यंत्र, वाहन, उपकरणों की पूजा करने का दिन होता है और बावा विश्वकर्मा जी को इंजीनियरिंग के जनक हैं। उधर कलोराईड कैम इंडिया उद्योग डीआईसी बददी में भी विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। कंपनी के निदेशक और लघु उद्योग संघ के सचिव अनिल मलिक ने कर्मचारियों को आज के दिन के महत्व के बारे में बताया। उन्होने कहा कि आज चाहे लघु सूक्ष्म उद्यमी हो, व्यापारी दुकानदार अथवा कोई बडा कारखाना सब मशीनों पर आधारित है और उसी से सारे उत्पाद आधुनिक तरीके से निर्मित होते हैं। उद्योग जगत के सहारे पूरे भारत की अर्थव्यवस्था और आजीविका चलती है। उसके बाद बददी की आटोमोबाईल वर्कशॉप लाज मोटर्स मारुति में भी विश्वकर्मा जयंती पर हवन और यज्ञ किया गया। कंपनी के वाईस चेयरमैन रमन कौशल व हेमंत कौशल के नेतृत्व में पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार कौशल, महेश कौशल, शिवकुमार कौशल, वंदना कौशल, आदि।

मार्च2027 की परीक्षाओं के लिए 2,235 परीक्षा केंद्रों ने प्रतिधारण/नवीनीकरण हेतु किया आवेदन

कांगडा। परीक्षा केंद्रों ने प्रतिधारण/नवीनीकरण हेतु आवेदन किया है, जबकि मार्च 2026 की परीक्षाओं के लिए प्रदेश में कुल 2,384 नियमित परीक्षा केंद्र निर्धारित थे। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा मार्च 2026 की परीक्षाओंके लिए नियमित परीक्षा केंद्र के रूप में निर्धारित स्कूलों/संस्थानों से मार्च2027 की परीक्षाओं हेतु प्रतिधारण/नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस प्रक्रिया का उद्देश्य आगामी परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित करना तथा परीक्षा संचालन को सुचारू रूप से संपन्न करवाना है।

माजरा क्षेत्र में दिवाली बम से फटी टंकी, हुआ गाली गलौज, मामला दर्ज

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन माजरा क्षेत्र में बीते दिन दिवाली दौरान चल रहे एक बम से छत पर लगी पानी टंकी फटने को लेकर आपस मे हुआ गाली गलौज के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि बीते दिन 08-11-2026 को पुलिस थाना माजरा में श्री रमेश कुमार पुत्र श्री बग्गा राम निवासी गाँव व डा0 पुरुवाला कांशीपुर तह0 पाँवटा साहिब जिला सिरमौर की शिकायत पर पंजीकृत थाना किया गया। ने बताया कि शिकायत के अनुसार दिनांक 08-11-26 को इसका पड़ोसी मुकेश कुमार दिवाली के बम जलाकर इसके घर की तरफ फैंक रहा था। एक पटाखा इनकी पानी



की टंकी के पास फट गया जिससे इनकी पानी की टंकी फट गई। जिस पर यह अपनी पत्नी के साथ मुकेश को समझाने उसके घर गया। जिसके बाद मुकेश व उसका बड़ा भाई तरसेम पानी की टंकी देखने इनके घर आए। इस दौरान मुकेश ने इसके व इसकी पत्नी के साथ गाली गलोच व मारपीट की । एसपी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना माजरा में मामला दर्ज कर आगामी जांच जारी है ।

संक्षिप्त खबरें

करोड़ों के ड्रग डायवर्जन मामले में 20.10 करोड़ की संपत्तियां फ्रीज, हिमाचल में कार्रवाई का इंतजार

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन कालाअंब के फार्मा उद्योग से जुड़े कथित ड्रग डायवर्जन मामले में जांच एजेंसियों की कार्रवाई ने एक बार फिर प्रशासनिक तंत्र की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने पंजाब के मोहाली क्षेत्र में करीब 20.10 करोड़ रुपये मूल्य की 25 अचल संपत्तियां फ्रीज करने की कार्रवाई की है। इसके बाद अब सवाल उठ रहा है कि इस कथित नेटवर्क से जुड़े हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक परिसरों और संपत्तियों की जांच किस स्तर पर पहुंची है? एनसीबी की जांच में कथित तौर पर सात राज्यों में फैले दवा डायवर्जन नेटवर्क का खुलासा हुआ है। एजेंसी के अनुसार, इस मामले में बड़ी मात्रा में ट्रामाडोल, कोडीन आधारित कफ सिरप और अन्य साइकोट्रोपिक दवाएं बरामद की गई हैं। जांच में डिजिटल विजन और उससे जुड़े कारोबारी नेटवर्क का नाम सामने आया है। इस मामले में पुरुषोत्तम लाल गोयल और उनके बेटों मानिक गोयल व कोनिक गोयल को लेकर जांच एजेंसियों की कार्रवाई चर्चा में है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 16 फरवरी 2026 को पुरुषोत्तम लाल गोयल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की थी। अदालत के समक्ष मामले की गंभीरता और हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता का पहलू भी आया था। लेकिन इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल जांच के विस्तार को लेकर है। यदि कथित दवा डायवर्जन से करोड़ों रुपये की संपत्तियां अर्जित किए जाने की आशंका है, तो क्या हिमाचल, हरियाणा और जम्मू में संबंधित कारोबारियों की संपत्तियों, बैंक खातों और व्यावसायिक लेनदेन की भी समान गंभीरता से जांच हो रही है? एनडीपीएस एक्ट के अध्याय पांच-ए में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार से अर्जित संपत्तियों को फ्रीज और जब्त करने के प्रावधान हैं।

ऐसे में जांच एजेंसियों को यह भी देखना होगा कि संबंधित कंपनियों के वास्तविक लाभार्थी कौन हैं और उनके बीच वित्तीय लेनदेन का क्या संबंध है। एक अन्य महत्वपूर्ण सवाल यह है कि मुख्य आरोपियों के फरार होने की स्थिति में उनसे संबंधित कारोबारी इकाइयों का वास्तविक संचालन किसके नियंत्रण में है? हालांकि किसी आरोपी के परिजन का कारोबार संचालित करना अपने आप में अपराध नहीं है, लेकिन वास्तविक नियंत्रण और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की जांच आवश्यक है।

छोटे स्तर पर नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने वाला तंत्र करोड़ों के कथित फार्मा नेटवर्क की संपत्तियों और व्यावसायिक संबंधों की जांच में कितनी तेजी दिखा रहा है

गिरिपार में बिना कोचिंग के शौर्य तोमर ने क्रैक की NDA परीक्षा, क्षेत्र में खुशी की लहर



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन दृढ़ संकल्प और सेल्फ स्टडी के बल पर सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र के युवाओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कमरऊ गांव के निवासी शौर्य तोमर ने देश की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) परीक्षा में 380वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शौर्य की इस शानदार उपलब्धि से उनके गांव और पूरे सिरमौर जिले में खुशी का माहौल है। शौर्य की इस सफलता की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने इसके लिए किसी भी व्यावसायिक कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया। पूरी तरह से सेल्फ स्टडी, अनुशासन और अपनी मेहनत पर भरोसा रखते हुए उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल, पांवटा साहिब से 12वीं तक की शिक्षा प्राप्त करने वाले शौर्य इससे पूर्व भी दो बार NDA की लिखित परीक्षा पास कर चुके थे। असफलताओं से हताश होने के बजाय उन्होंने अपनी कमियों में सुधार किया और तीसरे प्रयास में सफलता की नई कहानी लिख दी। बचपन से ही सेना में उच्च अधिकारी बनने का सपना देखने वाले शौर्य का लक्ष्य अब भारतीय वायुसेना (IAF) में बतौर अधिकारी शामिल होकर देश की रक्षा करना है। शौर्य बताते हैं कि उन्हें देशसेवा की मुख्य प्रेरणा अपने पिता से मिली। उनके पिता प्रदीप तोमर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त (नवंबर 2023) जवान हैं और वर्तमान में चौकी मृगवाल में कला अध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

बेटे की इस स्वर्णिम सफलता पर पिता प्रदीप तोमर और माता कविता तोमर ने गहरा गर्व व्यक्त किया है। पिता ने कहा कि शौर्य की यह सफलता यह साबित करती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो तो बिना कोचिंग के भी कठिन से कठिन परीक्षा पास की जा सकती है। शौर्य की बहन आस्था तोमर, जो रोहड़ू से बी-फार्मेसी की पढ़ाई कर रही हैं,

पुरुषोत्तम गोयल के भाई राकेश गोयल से जुड़ी कंपनी का नाम वर्ष 2021 के सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज, पूर्व गतिविधियों और वित्तीय लेनदेन की जांच पर उठे सवाल

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन काला अंब के दवा उद्योग से जुड़े डिजिटल विजन प्रकरण के बीच अब ओरिसन फार्मा का पुराना मामला भी चर्चा में आ गया है। कंपनी का स्वामित्व राकेश गोयल से जुड़ा बताया जाता है, जिन्हें पुरुषोत्तम लाल गोयल का भाई बताया गया है। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश सरकार का एक आधिकारिक आदेश महत्वपूर्ण दस्तावेजी आधार प्रस्तुत करता है। आबकारी आयुक्त, हिमाचल प्रदेश के 9 फरवरी 2022 के आदेश में एमएस ओरिसन फार्मा इंटरनेशनल तथा उसके लाइसेंसधारक राकेश कुमार गोयल और रंजना गोयल का उल्लेख है।



सरकारी आदेश के अनुसार, 2 जून 2021 को पुलिस थाना काला अंब में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21, 29 और 8 के तहत मामला दर्ज हुआ था। यह मामला ट्रामाडोल युक्त दवाओं के कथित अवैध डायवर्जन से संबंधित था। इसी प्रकरण में संबंधित फर्म का केमिस्ट लाइसेंस 9 दिसंबर 2021 को निलंबित किए जाने का उल्लेख भी आदेश में मिलता है। यहां सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि वर्ष 2021 में दर्ज इस मामले की जांच का अंतिम परिणाम क्या रहा? क्या संबंधित कंपनी के उत्पादन, दवा स्टॉक, बिक्री रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन का पूरा परीक्षण हुआ? जानकारी सामने आई है कि कंपनी की जम्मू में भी विनिर्माण इकाई रही है और बाद में नारकोटिक्स से संबंधित लाइसेंस सरेंडर किया गया। हालांकि लाइसेंस सरेंडर करने की तारीख और उसके पीछे के आधिकारिक कारणों की पुष्टि आवश्यक है। कानूनी रूप से किसी लाइसेंस को सरेंडर कर देना पूर्व में हुई गतिविधियों की जांच को स्वत: समाप्त नहीं करता। यदि किसी अवधि में कथित अनियमितता हुई है, तो उसकी जवाबदेही संबंधित कानून और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर तय की जा सकती है। ऐसे में हिमाचल के औषधि नियंत्रक विभाग और जांच एजेंसियों से कुछ सीधे सवाल हैं। क्या ओरिसन फार्मा के पुराने मामले की जांच पूरी हो चुकी है? क्या कंपनी के पूर्व उत्पादन और बिक्री रिकॉर्ड का ऑडिट हुआ

कालाअंब में स्त्रस्त्र की टीम ने दो युवकों से 11.46 ग्राम चिट्टा किया बरामद, तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजे

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन सिरमौर जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में स्त्रस्त्र शिमला की टीम ने कालाअंब थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को 11.46 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी हरियाणा के जिला अंबाला के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया, जहां से तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल हुआ है। पुलिस के अनुसार, 8 नवंबर को STF शिमला की टीम कालाअंब क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान टीम



को गुप्त सूचना मिली कि मोटरसाइकिल नंबर HR02AJ4689 पर सवार दो व्यक्ति नशीले पदार्थ की खेप लेकर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को रोककर तलाशी ली। इस दौरान उनके कब्जे से 11.46 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान गगनदीप (32) निवासी बेरखेड़ी माजरा तथा सन्नी कुमार (30) निवासी सकरपुरा, तहसील नारायणगढ़, जिला अंबाला (हरियाणा) के रूप में हुई है।

पांवटा साहिब में बाइक पैराफिट टकराई, तीन घायल

एसपी जैरथ

नाहन पांवटा साहिब में स्पीड ब्रेकर पर एक तेज रफ्तार बाइक सवार स्पीड ब्रेकर अनियंत्रित होकर पैरा फिट से टकरा गया, इस हादसे 3 लोग घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है जांच जारी है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस थाना पांवटा साहिब मे चांद पुत्र श्री सज्जन सिंह निवासी गांव अमरकोट, डाकघर निहालगढ़, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर ने शिकायत दर्ज करवाई कि दिनांक 07.11.2026 को शाम करीब 5:15 बजे वह साहवेज व सयान के साथ मोटरसाइकिल नं0 HP17F-7034 पर सवार होकर धौलाकुआं जा रहे थे करीब 5:15 बजे धौलाकुआं की ओर जा रहे मोटरसाइकिल सवार तीन युवक हादसे का शिकार हो गए। शिकायतकर्ता चांद के अनुसार मोटरसाइकिल नंबर ।क्रा7स्त्र-7034 पर वह साहवेज और सयान के साथ जा रहा था। ट्रक यूनियन गोन्दपुर से आगे डीएफओ कार्यालय के समीप ब्रेकर पर चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते मोटरसाइकिल से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद बाइक सड़क किनारे बनी सीमेंटेड रेलिंग से जा टकराई। हादसे में तीनों युवक घायल हो गए, जबकि साहवेज की गंभीर हालत को देखते हुए उसे उपचार के लिए रेफर किया गया। दोनों सड़क हादसों में पुलिस थाना पांवटा साहिब में अलग-अलग अभियोग दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

पांवटा साहिब में दुर्घटना के दो अलग-अलग केस में महिला समेत चार व्यक्ति घायल

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन पांवटा साहिब थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पहले मामले में एक युवती भावना को मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से गंभीर चोटें आई हैं। शिकायतकर्ता कृष्णकांत के अनुसार 26 अक्टूबर की रात करीब 8:26 बजे उसकी बहन भावना पांवटा साहिब स्थित आईटीआई के सामने सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे मोटरसाइकिल चालक ने उसे टक्कर मार दी। घायल भावना को पहले सरकारी अस्पताल पांवटा साहिब ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते देहरादून के सिनर्जी अस्पताल रेफर किया गया। वहां उसका उपचार जारी है। दूसरे मामले में 7 नवंबर की शाम

नाहन के छोटा चौक में भड़की भीषण आग मकानों तक पहुंची लपटें, टला बड़ा हादसा

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन शहर के ऐतिहासिक छोटा चौक क्षेत्र में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब दोपहर लगभग 11 बजे झाड़ियों में अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग की लपटें तेजी से फैलती देख आसपास के रहवासियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत यह रही कि दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने की मुख्य वजह कोई आतिशबाजी



बताई जा रही है। माना जा रहा है कि किसी द्वारा चलाया गया पटाखा (रॉकेट) सीधा सूखी झाड़ियों में जा गिरा, जिससे तुरंत आग सुलग गई। हवा और सूखी झाड़ियों के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास स्थित रिहायशी मकानों की ओर बढ़ने लगी। झाड़ियों से धुआं और लपटें उठती देख आसपास मौजूद घरों के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। स्थानीय निवासियों ने बाल्टियों से पानी और मिट्टी डालकर आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग का फैलाव तेज होने के कारण वह बेकाबू होती चली गई। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी और कर्मचारी बिना समय गंवाए तुरंत मौके पर पहुंचे।

सतौन में 53 वर्षीय व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन, .हिमाचल के सिरमौर जनपद के सतौन क्षेत्र के शावड़ी गांव में एक 53 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान कल्याण सिंह निवासी शावड़ी गांव के रूप में हुई है। घटना के बाद से कफोटा और सतौन क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं, परिजनों और स्थानीय लोगों की ओर से हत्या की आशंका जताए जाने के बाद मामला और गंभीर हो गया है जानकारी के अनुसार, कल्याण सिंह अचेत अवस्था में मिले थे। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें तुरंत उपचार के लिए सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया गया। हालांकि, अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। व्यक्ति की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है।

दीपावली पर कांग्रेस नेता के बेटे का आकस्मिक निधन, छाया मातम

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन दीपावली के पावन पर्व पर जहां पूरा क्षेत्र दीपों की रोशनी और खुशियों में डूबा हुआ था, वहीं शिलाई क्षेत्र से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रंजीत सिंह नेगी के पुत्र विशाल नेगी का दीपावली की रात दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। इस हृदय विदारक घटना ने न केवल परिवार की दीपावली की खुशियों को मातम में बदल दिया, बल्कि पूरे शिलाई क्षेत्र को गहरे शोक



में डुबो दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपावली की रात विशाल नेगी के सीने में अचानक तेज दर्द उठा। उनकी तबीयत बिगड़ते देख परिजन घबरा गए और बिना देर किए उन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुखद सूचना के सामने आते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस घर में दीपावली के दीप जल रहे थे, वहां अचानक मातम छा गया। बताया जा रहा है कि विशाल नेगी पिछले काफी लंबे समय से बीमारी से भी जूझ रहे थे। ऐसे में दीपावली की रात उनके आकस्मिक निधन की खबर ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया। क्षेत्र के लोगों के लिए यह विश्वास करना भी मुश्किल हो रहा है कि दीपावली की खुशियों के बीच एक परिवार को अपने लाडले बेटे को हमेशा के लिए खोना पड़ा। विशाल नेगी के निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र के लोगों, राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े व्यक्तियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई।

राज्य आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान के लिए कैबिनेट समिति गठित

मानदेय में वृद्धि

आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ताओ और भोजन माताओं के मानदेय में एक दिसंबर से वृद्धि करने की घोषणा की





टीम एक्शन इंडिया

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भराड़ीसैंण में महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, आशा कार्यकर्ताओ और भोजन माताओं के मानदेय में एक दिसंबर से वृद्धि करने की घोषणा की। उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों की मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए कैबिनेट समिति गठित करने का भी ऐलान किया। विधानसभा भवन परिसर में आयोजित राज्य स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखंड का निर्माण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने राज्य निर्माण के लिए आंदोलनकारियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को नमन करते हुए प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। पिछले 26 वर्षों में प्रदेश ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था वर्ष 2022 में लगभग 2.55 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 3.82 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जबकि राज्य का बजट 1.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्य सूचकांक 2023-24 में उत्तराखंड को पहला स्थान मिला है।

उन्होंने कहा कि चारधाम सड़क परियोजना, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना तथा केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाओं से प्रदेश में संपर्क सुविधाओं और तीर्थाटन को नई गति मिलेगी। वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत 51 सीमांत गांवों में लगभग 200 योजनाओं पर काम किया जा रहा है। धामी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 35 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। सख्त नकल विरोधी कानून से भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। प्रदेश की तीन लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

असम में अगले 50 साल तक सत्ता में नहीं लौटेगी कांग्रेसः हिमंत बिस्व सरमा

तैयारी

2031 के विधानसभा चुनाव में 126 सीटों पर जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ तैयारी शुरू की



टीम एक्शन इंडिया

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस अगले 50 वर्षों तक राज्य की सत्ता में वापस नहीं लौटेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2031 के विधानसभा चुनाव में सभी 126 सीटों पर जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री मोरीगांव जिले के लाहोरीघाट में आयोजित भाजपा के विजय उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का अगला लक्ष्य राज्य की सभी 126 विधानसभा सीटों पर कब्जा करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामगुड़ी के बाद अब लाहोरीघाट में भी विजय उत्सव के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा जा रहा है। भाजपा ने वर्ष 2031 के चुनाव के लिए सभी 126 सीटें जीतने का मिशन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस विधायक आशिफ नजर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रकीबुल हुसैन पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार और कुशासन के गंभीर आरोप हैं।







संजीव कौशिक
ब्यूरो चीफ
दैनिक एक्शन इंडिया
सोनीपत
9991270143



सभी विज्ञापन दाताओं को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सोनीपत विशेषांक

सोमपाल सैनी
पत्रकार
खरखौदा



















